बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 18 मई 2024
वर्ष 4, अंक 90, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा लानीना 14

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज 13

एक नजर

8 राज्यों की 49 सीटों पर आज से थम जाएगा प्रचार

नई दिल्ली। पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर चुनाव होना है। उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, ओडिशा की पांच, झारखंड की तीन, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट शामिल है। जिसके लिए 18 मई को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। मतदान 20 मई को होगा।

राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी / एमएलए कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को दायर याचिका की शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार मिले

इंफाल। मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार को पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थौबाल जिले में राज्य पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपल वॉर ग्रुप) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पांच मोबाइल फोन, नौ एमएम की दो पिस्तौल, कारतूस जब्त किए गए। गुरुवार को ही इंफाल पश्चिम जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

मालीवाल मामले की जांच तेज मुख्यमंत्री आवास पहुंची पुलिस

आवास के सीसीटीवी फुटेज की जांच, सबूत जुटाने में जुटी टीमें

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

साक्ष्य जुटाने के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। शाम करीब 4.45 पहुंची टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला के नेतृत्व में तीन पुलिस अधिकारी और पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री के आवास से सबूत और सीसीटीवी फुटेज एकत्र करेंगे। घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए पुलिस आप सांसद को स्वाति मालीवाल को भी मुख्यमंत्री के आवास पर लेकर गई।

इससे पहले दिन में, तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया। मामले में गैर इरादतन हत्या, महिला के खिलाफ आपराधिक बल के इस्तेमाल समेत अन्य धाराओं के तहत पुलिस ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बिभव ने मुझे मारे लात और थप्पड़ : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल को कई बार लात मारने के साथ ही थप्पड़ भी मारे थे और मालीवाल के मदद के लिए चिल्लाने पर भी वह नहीं रुका। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में यह जानकारी दी गई है। प्राथमिकी में मालीवाल ने यह भी दावा किया कि कुमार ने उन्हें पूरी ताकत से बार-बार मारा, लेकिन कोई भी उनके बचाव में नहीं आया।

पुलिस के साथ सीएम आवास जातीं स्वाति मालीवाल।

- सीन रीक्रिएट करने आप सांसद को सीएम आवास ले गई पुलिस कोर्ट में भी दर्ज कराया बयान

खुद को बचाने की कोशिश कर रहा 'पॉलिटिकल हिटमैन'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आप की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास पर सोमवार को मालीवाल पर हमला किया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिभव के घर के बाहर चिपकाया नोटिस

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग के अधिकारी शुक्रवार को बिभव कुमार के घर गए लेकिन घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नोटिस उनके घर के बाहर चिपका दिया गया। इससे पहले बिभव कुमार को शुक्रवार सुबह 11 बजे पेश होने को कहा गया था।

भाजपा का मोहरा बनीं स्वाति : आप

नई दिल्ली। आप सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ लगाए आरोपों को झूठा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साज़िश का मोहरा बनाया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण उसने साजिश रची। मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया।

ग्राउंड जीरो पर व्यवस्था जांचने पहुंचे मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उन्हें हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व्यवस्था देखने शुक्रवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंच गए। उत्तरकाशी जिले के बड़कोट में व्यवस्था का जायजा लिया और तीर्थयात्रियों के जत्थों से बात कर फीडबैक जाना।

मुख्यमंत्री धामी चारधाम यात्रा की व्यवस्था को परखने के लिए शुक्रवार को अचानक उत्तरकाशी के बड़कोट पहुंच गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर चारधाम यात्रा के बारे में फीड बैक लिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर देश के विभिन्न हिस्सों से आए तीर्थयात्री बेहद खुश हुए। तीर्थयात्रियों द्वारा चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए शासन-प्रशासन के प्रयासों को सराहना की। मुख्यमंत्री ने बड़कोट के निकट दोबाटा में यात्री पंजीकरण एवं जांच केंद्र तथा होल्डिंग प्वाइंट पर जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। यमुनोत्री व गंगोत्री धाम की यात्रा संचालन को लेकर किए गए इंतजाम पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पंजीकरण व पंजीकृत शेड्यूल से इतर यात्रा करने की कतई अनुमति न दी जाए, लेकिन जो लोग यात्रा रूट पर काफी आगे बढ चुके हैं उन्हें धामों का दर्शन करने की सुविधा देने का रास्ता तलाशा जाए। बीच रास्ते से श्रद्धालुओं को वापस भेजा जाना ठीक नहीं होगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि ऋषिकेश या हरिद्वार से बिना पंजीकरण के कोई भी यात्रा में न आ सके। पालीगाड में मुख्यमंत्री ने यात्रियों से भेंट कर यात्रा के बारे में उनके अनुभवों का सुना। मुख्यमंत्री ने यहां पर हेल्डिंग प्वाइंट में कुछ समय के लिए रोके गए यात्री वाहनों के अंदर जाकर भी यात्रियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यमुनोत्री धाम सहित खरसाली व जानकीचट्टी क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया।

चारधाम यात्रा

- उत्तरकाशी के बड़कोट में व्यवस्थाएं देखी, यात्रियों से की मुलाकात

तीर्थयात्रियों से मिले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

आबकारी नीति मामला केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं।

- केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी को भी बनाया मामले में आरोपी

सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल किया और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

सोमेश्वर के जंगल में लगी आग, जिंदा जला ग्रामीण

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि से जनहानि होने का सिलसिला थम नहीं हो रहा है। सोमेश्वर तहसील के एक गांव में आग बुझाने के दौरान एक ग्रामीण भीषण वनाग्नि की चपेट में आ गया। जलते हुए जंगल के बीच से ग्रामीण का अधजला शव बरामद हुआ है। वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के लिए शव अपने कब्जे में ले लिया है।

गुरुवार की देर शाम सोमेश्वर तहसील के खाईकट्टा गांव में जंगल में अचानक भीषण आग लग गई। हवा चलने के कारण आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। आग गांव तक न पहुंचे और ग्रामीणों को किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए ग्रामीण आग बुझाने के लिए जंगल की ओर चले गए और देर रात तक जंगल की आग बुझाने में जुटे रहे। इस बीच जंगल की आग बुझाने आए गांव के चालीस वर्षीय महेंद्र सिंह का पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन की। महेंद्र सिंह का अधजला शव जलते हुए जंगल के बीच से बरामद किया गया।

- अधजली हालत में जंगल के अंदर मिला शव परिजनों में कोहराम

जांच करते वन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना है कि आग की लपटें इतनी भयानक थी कि महेंद्र आग बुझाने के प्रयास में उसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर शुक्रवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर मनोज लोहनी ने बताया कि आग नाप भूमि में लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इधर, अचानक हुए इस हादसे के बाद महेंद्र के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बीते दिनों सोमेश्वर के ही स्यूनराकोट गांव में भी लीसा दोहन के कार्य में लगे दो दंपति जंगल की आग की चपेट में आ गए थे और उनकी मौत हो गई थी।

विज्ञापन

सेंट लॉरेन्स के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भाँति रहा शत-प्रतिशत

62 विद्यार्थियों ने प्राप्त किये 90 प्रतिशत से अधिक अंक

कक्षा 10वीं के टॉपर छात्र

Above 90% 28% Students

Above 80% 69% Students

जिन्दगी के धरातल पर सपनों को साकार करने के लिये सच्ची लगन, कठोर परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन जरूरी है। इसी संकल्प को लेकर शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट लॉरेंस सी.से. स्कूल अपने अनुशासन एंव अकादमि की उत्कृष्ठता के कारण 2008 से लगातार शत-प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है।

इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने न केवल उच्च प्रतिशत हासिल किया बल्कि उन्होंने विद्यालय के साथ अपने अध्यापकों और अभिभावकों का भी गर्व से सिर ऊँचा किया है।

कक्षा 12वीं में विद्यालय के छात्र स्वर्णिम पंत ने रसायन विज्ञान, श्रेया सक्सेना ने आई.पी., संगीता फर्त्याल ने फीजिकल ऐजूकेशन में 100 अंक प्राप्त किये।

कक्षा 10वीं में जसलीन कौर ने गणित, यथार्थ ऐठानी ने हिन्दी तथा कम्प्यूटर में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिये सभी को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की।

सफलता के एक और सोपान को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल जोशी ने कहा कि विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उनके समग्र विकास के लिये सदैव प्रयासरत रहेगा।

कक्षा 12वीं के टॉपर छात्र

Above 90% 15% Students
Above 80% 49% Students

सार-संक्षेप

बीडी पांडे अस्पताल में उच्च रक्तचाप से बचाव की जानकारी देते चिकित्सक।

मरीजों को उच्च रक्तचाप से बचाव की जानकारी दी

नैनीताल : विश्व हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) दिवस पर बीडी पांडे अस्पताल में चिकित्सकों ने गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें चिकित्सकों ने मरीजों को उच्च रक्तचाप और इससे बचाव की जानकारी दी। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि उच्च रक्तचाप को आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर के रूप में जाना जाता है। आज दुनियाभर में हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे बचाव के लिए समय-समय पर ब्लड प्रेशर चेक कराने के साथ ही वजन को नियंत्रण में रखने की कोशिश करनी चाहिए। कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर खाने का सेवन ज्यादा करना चाहिए। साथ ही धूम्रपान और शराब पीने से बचना चाहिए। इस दौरान पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. अभिषेक गुप्ता, डॉ. दीपिका लोहनी, डॉ. सुधांशु सिंह, डॉ. ममता पांगती, डॉ. मोनिका कांडपाल, व मेट्रन शशिकला पांडे मौजूद रहे।

चंड़ीधार मन्दिर में विष्णु पुराण कथा से पूर्व कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

चंडीधार मंदिर में विष्णु पुराण कथा का आयोजन

भवाली : रामगढ़ स्थित चंडीधार देवी मंदिर में गुरुदेव श्रीश्री 1008 अवधूत बाबा रंगनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर विष्णु पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को श्रीश्री 108 बाबा भंडारी महाराज के सानिध्य में व स्वामी सत्यदेव सरस्वती, इंद्रजीत महाराज, दिगम्बर विवेकानन्द सरस्वती, महापुरुष भविष्य भारतीय ने कलश यात्रा के साथ कराया। कथावाचक ब्यास मनोज कांडपाल शास्त्री ने भगवान विष्णु की सुंदर लीलाएं सुनाई। मूल पाठ तिलक कांडपाल ने शुरू किया। इस दौरान चेतन तिवारी, योगेश तिवारी, गोविन्द बिष्ट, बबलू, धीरज शर्मा, कंचन भट्ट नवल पांडे, गोविन्द नेगी, हिमांशु पांडे, राहुल पांडे, पंकज शर्मा, हरीश मौजूद रहे।

कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर हुए डामरीकरण कार्य का हाल। ● अमृत विचार

हाईवे पर ऊंची-नीची सड़क से बना दुर्घटना का खतरा

कालाढूंगी : कालाढूंगी-हल्द्वानी हाईवे पर कुछ दिन पूर्व ठेकेदार ने डामरीकरण किया है। लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते सड़क ऊंची-नीची हो गई है, जिस कारण दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। करीब एक सप्ताह पूर्व हल्द्वानी से कालाढूंगी नैनीताल तिराहे तक 30 किलोमीटर सड़क पर ठेकेदार ने डामरीकरण किया था। डामरीकरण होने से सड़क ऊंची हो गई और दोनों ओर किनारे गहरे हो गये। जिससे वाहन चालकों को पास लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दोपहिया वाहनों के फिसलने का भय बना हुआ है। डामरीकरण कार्य रात को होने के कारण चौराहों, ग्रामीणों के घरों, स्कूल, कॉलेज व तहसील तक वाहनों के उतरने के लिए सड़क को समतलीकरण नहीं किया गया। जिससे लोगों व राहगीरों को परेशानियां हो रही हैं।

नैनीताल में सैर-सपाटा करते पर्यटक। ● अमृत विचार

पर्यटकों की आमद बढ़ी, गुलजार हुई सरोवर नगरी

नैनीताल : मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों की ओर रूख कर रहे हैं। जिससे नैनीताल समेत आसपास के तमाम पर्यटक स्थल इन दिनों पर्यटकों से गुलजार नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को नैनीताल में पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने नौका विहार के साथ-साथ अनेक स्थलों का लुत्फ उठाया। वीकेंड पर पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटकों की आमद बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पर्यटकों से सरोवर नगरी नैनीताल गुलजार रही। पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी भी खुश नजर आ रहे हैं। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थलों में दिनभर सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। भीड़ अधिक होने के कारण कार पार्किंग पूरी तरह से फुल हो गई। जिससे पर्यटकों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। शहर की मॉल रोड पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।

भीमताल में गर्मी चरम पर

भीमताल झील के लगभग सभी जल स्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में आवारा पशुओं के लिए भी पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। पानी की तलाश में आवारा पशु अब मुख्य मोटर मार्ग में भी दिखाई देने लगे हैं। ऐसे ही एक पशु को ठंडा पानी पिलाते नगर के दो युवक।

- फोटो- राकेश सनवाल

शेरवुड स्कूल के पास मानसून के दौरान पानी से भर जाती है यह झील, इसके विकास से क्षेत्र में पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

पुनर्जीवित की जाएगी अयारपाटा झील, 77 लाख रुपये जारी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर के अयारपाटा क्षेत्र में शेरवुड स्कूल के समीप मानसून के दौरान अस्तित्व में आने वाली झील जल्द पुनर्जीवित होगी। वन विभाग की ओर से बनाये गए प्रस्ताव पर नगर पालिका ने 77 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। झील में वर्ष भर पानी बना रहे इसके लिए झील की सतह पर जियो लाइन सामग्री बिछाई जाएगी।

नैनीझील को सूखाताल के अलावा मानसून के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाली झीलों से पानी की आपूर्ति होती है। अयारपाटा क्षेत्र में शेरवुड स्कूल के समीप मानसून के दौरान एक और झील का निर्माण होता है। जिसमें शीतकाल तक पानी भरा रहता है। झील को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से कवायद की गई। पालिका के आग्रह पर वन विभाग ने झील को पुनर्जीवित करने का प्लान बना लिया है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पालिका की ओर से 77 लाख रुपये धनराशि जारी कर दिए गए हैं। जल्द वन विभाग झील के पुनर्जीवन के लिए कार्य शुरू कर देगा। इधर, प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि झील को ईको टूरिज्म से जोड़ा जाएगा। अयारपाटा क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से संपन्न है। यहां विभिन्न पादप प्रजातियों के साथ ही पशु-पक्षी हैं। झील के पुनर्जीवन से वर्ष भर जीवों को पेयजलमिल सकेगा।

झील का जलस्तर स्थिर रखने की कवायद शुरू

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल झील का जलस्तर गिरने से जहां स्थानीय निवासी चिंतित हैं। वहीं अब सिंचाई विभाग की भी चिंता बढ़ने लगी है। झील के जलस्तर को स्थिर रखने के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। विभाग ने झील के किनारे लगे पानी के पंपों के संयोजन काट दिये हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई लोगों ने बिना सिंचाई विभाग की अनुमति के सीधे तौर पर झील के किनारे पंप लगा दिये हैं। इतना ही नहीं स्थाई तौर पर पानी की लाइन भी डाली है। कई लोगों ने तो जल संस्थान का संयोजन तक नहीं लिया है। वे झील के पानी का व्यवसायिक प्रयोग कर रहे हैं। इधर, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सहायक अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश रावत ने झील के जलस्तर का निरीक्षण किया और झील के किनारे लगे पंपों को देखा। इस दौरान कई पंपों का संयोजन काट दिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार झील के जलस्तर को देखते हुए अनुमति और बिना अनुमति वाले पंपों को हटाया जा रहा है।

सख्ती

▸▸ सिंचाई विभाग ने झील किनारे लगे पानी के पंपों के संयोजन काटे

भीमताल झील के जलस्तर को देखते हुए अग्रिम आदेश तक सभी पंपों को हटाया जा रहा है। आज चार पंप को विभाग ने हटाया है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। - **दिनेश रावत**, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग

प्राइमरी स्कूल में पांच दिन से शिक्षक के आने का इंतजार कर रहे नौ बच्चे

विकासखंड ओखलकांडा की ग्राम सभा माटेला के प्राइमरी विद्यालय पटगली का मामला

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड ओखलकांडा में भले ही जनप्रतिनिधि शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार के दावे करते हों, मगर धरातल पर हकीकत इसके विपरीत है। क्षेत्र के एक प्राइमरी विद्यालय ने जनप्रतिनिधियों के दावों की पोल खोलकर रख दी है। ताजा मामला ग्राम सभा माटेला के प्राइमरी विद्यालय पटगली का है। इस विद्यालय में पिछले पांच दिनों से कोई शिक्षक नहीं है। हैरानी इस बात की है कि इसका पता न तो शिक्षा विभाग को है और ही उच्च अधिकारियों को। विभाग और शिक्षक की लापरवाही से अभिभावकों में आक्रोश है।

प्राइमरी विद्यालय में करीब नौ बच्चे पढ़ते हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए पांच दिनों से कोई शिक्षक नहीं पहुंचा है। ग्रामीण देव सिंह ने बताया कि करीब पांच दिन पूर्व विद्यालय में तैनात शिक्षिका ने अवगत कराया कि वह अवकाश पर हैं। जब दूसरे दिन भी शिक्षिका विद्यालय नहीं पहुंची तो पता चला कि उनका स्वास्थ्य सही नहीं है। शिक्षा विभाग की ओर से वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की गई है। मगर चार दिनों से वैकल्पिक व्यवस्था वाले शिक्षक भी नहीं पहुंचे हैं। भोजनमाता के सहारे विद्यालय चल रहा है। इधर, शिक्षक के न पहुंचने पर अभिभावक विद्यालय में पहुंचे और रोष प्रकट किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल शिक्षक को भेजने की गुहार लगाई। इस दौरान उमेश राम, मोहन राम, तुलसी देवी, सरस्वती देवी, महेश राम आदि मौजूद रहे।

प्राइमरी विद्यालय में बच्चों के साथ रोष व्यक्त करते अभिभावक। ● अमृत विचार

> शिक्षिका से संपर्क किया गया तो मेडिकल में होने की जानकारी मिली है। लेकिन इस बात की जानकारी नहीं है कि मेडिकल किसको दिया है। शिक्षिका का वेतन रोकने के निर्देश दे दिए गए हैं। विद्यालय में वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था कर दी गई है। - **सुलोहिता नेगी**, खंड शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा

भीमताल का बाईपास मार्ग है अतिक्रमण की चपेट में

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल का बाईपास मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। यह हम नहीं, बल्कि सिंचाई विभाग के जगह-जगह लगे बोर्ड कह रहे हैं। बाईपास मार्ग में अतिक्रमण के कारण जहां अधिकतर समय जाम लगा रहता है। वहीं लोग जाम से निजात पाने के लिए तरह-तरह के सुझाव देते नजर आते हैं।

वास्तविकता यह है कि इस मार्ग में बिना मानकों के दर्जनों अवैध निर्माण हुए हैं। वर्तमान में भी विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से निर्माण जारी हैं। मानकों के अनुसार बाईपास मार्ग में ड्रेन ए गुजरती है। ड्रेन के मध्य से 20 फिट बाएं और 30 फिट दाएं तक सिंचाई विभाग अपनी भूमि बताता है। बाएं तरफ अधिकतर निर्माण नहर से लगते हुए किये गये हैं और बाएं तरफ रोड से लगते हुए निर्माण हैं। जबकि मानकों के अनुसार रोड से लगती हुई लगभग 12 फिट जमीन लोक निर्माण विभाग की बताई जाती है। ऐसे में भीमताल में बाईपास मार्ग में अधिकतर निर्माण या तो सिंचाई विभाग की जमीन से लगते हुए हैं या फिर लोक निर्माण विभाग की भूमि में बना दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की मांग की है।

सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए निर्माण संबंधी बोर्ड।

छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव बताए

नैनीताल, अमृत विचार : तल्लीताल क्षेत्र के स्कूलों में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और नशे से दूर रहने की अपील की। तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्कूलों व छात्रावासों में गोष्ठी व बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए जा रहे हैं।

पर्यटक ने होमगार्ड से की अभद्रता, कटा चालान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मल्लीताल क्षेत्र में यातायात ड्यूटी कर रहे एक होमगार्ड से पर्यटक ने अभद्रता कर दी। होमगार्ड की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पर्यटक को फटकार लगाते हुए उसका चालान काट दिया। शुक्रवार को मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर यातायात पुलिस और होमगार्ड ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान एक पर्यटक ने बीच सड़क में कार रोक दी।

जब होमगार्ड ने पर्यटक से कार हटाने को कहा तो वह अभद्रता पर उतारू हो गया। जिस पर होमगार्ड शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। जब कोतवाली से पुलिसकर्मी पर्यटक को बुलाने के लिए गये तो पर्यटक धौंस दिखाते हुए दस्तावेज वहीं लाने को कहने लगा। इस पुलिस ने पर्यटक को जमकर फटकार लगाई और कोतवाली ले आई।

कोतवाली आकर भी पर्यटक खुद को विधायक का बेटा बताने लगा। काफी गहमागहमी के बाद पर्यटक शांत हो गए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि यातायात बाधित करने व होमगार्ड से अभद्रता करने पर रेलवे कॉलोनी शाहजहांपुर निवासी शेखर सक्सेना के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

वित्तीय समावेशन को लेकर दिया प्रशिक्षण

भीमताल : विकासखंड सभागार में ग्राम स्तर पर गठित समुदाय, स्वयं सहायता समूहों व संकुल स्तरीय संघों के अन्तर्गत वित्तीय समावेशन व बैंक लिंकेज पर समझ बढ़ाने के लिए आरएलएम रीप तथा उपासक से जुड़े चयनित कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यूएसआरएलएम की प्रियाली दास व शुभम ने प्रतिभागियों को एसएचजी बैंक लिंकेज, एनपीए प्रबंधक, बैंक सखी का चयन एवं कार्य, डिजिटल बैंकिंग, नगद साख सीमा, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रबंधक सहायक संस्थाए, रीप, एरिया कॉर्डिनेटर तथा एनआरएलएम फील्ड स्टाफ आदि मौजूद रहा।

ढुंगशिल-खैरोला पहाड़ी खतरे में

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : तल्लीताल क्षेत्र में ढुगशिल-खैरोला पहाड़ी खतरे की जद में है। इस पहाड़ी से जहां भीमताल झील का पानी पिछले कई समय से रिस रहा है। वहीं अब भूस्खलन भी होने लगा है। स्थानीय लोगों की माने तो यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में भूस्खलन होता है। जिस कारण पहाड़ी के नीचे पड़ने वाले गांव खैरोला, हरिनगर व सलड़ी के ग्रामीणों में भय का माहौल है।

ढुगशिल-खैरोला पहाड़ी की नैनीताल के बलियानाला की तर्ज पर मरम्मत कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से पहाड़ी को रोकने के लिए ठोस योजना के साथ शीघ्र कार्य कराने की मांग की है। समाजसेवी पूरन बृजवासी ने बताया कि पहाड़ी गिरने का मामला सर्वप्रथम वर्ष 2016-17 में सामने आया था। तब से अब तक दर्जनों बार उच्च अधिकारियों, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों से पत्राचार कर पहाड़ी के ट्रीटमेंट की मांग की जा चुकी है। साथ ही मामले को मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर भी दर्ज किया गया है। भूगर्भीय टीम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी दौरा करने के बाद रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप चुके हैं। लेकिन अभी तक पहाड़ी की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

ढुंगशिल-खैरोला पहाड़ी पर हुआ भूस्खलन। ● अमृत विचार

नैनीताल में 1.27 करोड़ रुपये में छूटा डीएसए पार्किंग का टेंडर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शुक्रवार को नगर पालिका में प्रशासक केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा, ईओ अतुल भंडारी के नेतृत्व में गठित टीम ने नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए पार्किंग की निविदा खोली। जिसमें उमेश चंद मिश्रा, नवीन अग्रवाल, विमल बिष्ट, हिमांशु त्यागी व सुमित जेठी ने आवेदन किया था।

सभी आवेदक टेक्निकल बिट में सही पाए गए, लेकिन फाइनेंसियल बिट में सुमित जेठी ने सबसे अधिक 1 करोड़ 27 लाख 77 हजार 7 सौ 77 रुपये की बिट डाली थी। जिसके चलते 31 मार्च 2025 तक के लिए पार्किंग के संचालन की जिम्मेदारी सुमित जेठी को दी गई।

लोकसभा चुनाव से पूर्व ही डीएसए पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, लेकिन आचार संहिता लगने के चलते टेंडर नहीं खोले गए।

बीते दो पार्किंग का संचालन स्वयं नगर पालिका ने किया, जिससे पालिका को प्रतिदिन तीस हजार रुपये की आय हो रही थी। अब शासन से अनुमति मिलने बाद शुक्रवार को निविदा खोली गई।

31 मार्च 2025 तक सुमित सेठी को मिली संचालन की जिम्मेदारी

इससे पालिका को एक करोड़ 27 लाख की आय हुई। इससे बीते चार माह से वेतन का इंतजार कर रहे पालिका के संविदा कर्मचारियों को वेतन मिलने की उम्मीद है।

निविदा प्रक्रिया संपन्न कराते कमेटी के सदस्य व अन्य ● अमृत विचार

छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया

नैनीताल, अमृत विचार : मल्लीताल क्षेत्र के एक स्कूल की छात्रा ने अपने ही स्कूल के छात्रों पर पीछा करने और बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। बात परिजनों को पता चली तो दोनों पक्षों में विवाद हुआ और मारपीट हो गई। जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंच गया।

गुरुवार शाम मल्लीताल निवासी एक छात्रा ने अपने ही स्कूल के कुछ छात्रों पर छेड़छाड़ करने की बात अपने भाई को बताई। छात्रा के भाई ने छात्र को धमकाकर पीटा तो छात्र अपने बड़े भाई को बुला लाया। जहां दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के बाद छात्रा अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने दूसरे पक्ष को भी कोतवाली बुला लिया। दोनों पक्षों के बीच देर तक विवाद हुआ। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में छात्रा की ओर से कोई कार्रवाई न चाहने पर दोनों पक्षों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न आने की शिकायत

हल्द्वानी : महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने प्राचार्य शशि पुरोहित के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय को ज्ञापन भेजा है। जिसमें उन्होंने एमकॉम चौथे सेमेस्टर के वैकल्पिक प्रश्नपत्र में पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न आने की शिकायत की है। प्राचार्य ने बताया कि शुक्रवार को छात्राएं उनके पास पहुंची और कुविवि प्रशासन को संबांधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एमकॉम चौथे सेमेस्टर के ऑपरेटिव बैंकिंग का पेपर था। पेपर समाप्त होने के बाद छात्राओं ने सभी प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर के होने की शिकायत की। प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय को छात्राओं का प्रतिवेदन भेज दिया गया है, जिस पर विश्वविद्यालय अपने स्तर से निर्णय लेगा।

बिजली चोरी में तीन के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी : तीन लोगों पर बिजली चोरी करने का मुकदमा दर्ज हुआ है। विद्युत वितरण उपखंड सुभाष नगर के उपखंड अधिकारी नीरज चन्द्र पांडे को सूचना मिली थी कि गौलापार के कुछ घरों में बिजली चोरी की जा रही है। उन्होंने टीम के साथ गौलापार क्षेत्र में छापा मार अभियान चलाया। टीम ने चन्दन सिंह पुत्र हरक सिंह निवासी देवला तल्ला कुंवरपुर गौलापार के आवास पर छापा मारकर बिजली चोरी पकड़ी। इसी तरह देवला तल्ला में हृदयेश कुमार पुत्र ख्याली राम और यहीं के विक्रम सिंह पुत्र दलीप के घर भी टीम ने बिजली की चोरी पकड़ी। तीनों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

वीकेंड पर बाईपास से पहाड़ को जाएंगे पर्यटक वाहन

पुलिस ने वीकेंड पर जारी किया रूट डायवर्जन प्लान, शहर को कुछ हद तक मिलेगी जाम से राहत, काठगोदाम में नरीमन चौराहे पर लगता है अक्सर जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्यटन सीजन चरम पर है। नैनीताल समेत सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को भारी भीड़ उमड़ रही है। खास तौर पर शनिवार और रविवार को पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। पर्यटक वाहनों के शहर से होकर गुजरने पर जाम लग जाता है। ऐसे में पुलिस ने शहर में पर्यटक वाहनों के प्रवेश पर शनिवार और रविवार को पाबंदी लगा दी है।

वीकेंड पर पर्यटक वाहन शहर में दाखिल नहीं होंगे। जारी रूट डायवर्जन प्लान के तहत पर्यटक वाहन शहर के बाहर से होकर गुजरेंगे। प्लान शनिवार सुबह से रविवार पूरे दिन लागू रहेगा और सुबह 10 से रात 10 बजे तक यात्रा रूट पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। हालांकि सबसे बड़ी समस्या यह है कि सभी डायवर्जन प्वाइंट से डायवर्ट किए गए वाहन काठगोदाम में नरीमन तिराहे पर आकर मिलते हैं। ऐसे में यहां जाम की समस्या बनी रहती है और इस समस्या से निपटने का हल आज तक नहीं निकला।

नहीं निकल रहा कैंची धाम पर जाम का समाधान : पिछले कुछ वर्षों में भवाली स्थित कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ये स्थित कई राजनेताओं, फिल्मी सितारों और क्रिकेट से जुड़ी बड़ी हस्तियों के आने के बाद हुई है। अब स्थिति यह है कि भवाली रोड पर हर वीकेंड जाम लगता है। यहां का मार्ग संकरा है, जिससे वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो जाती है। कैंची धाम आने वाले पर्यटकों के लिए प्रशासन ने पार्किंग की व्यवस्था तो की है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही है। अभी भी लोग वाहनों को कैंची धाम तक ले जाना चाहते हैं।

हल्द्वानी में सिंधी चौराहे से कालाढूंगी चौराहे के बीच लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

इन मार्गों से होकर गुजरेंगे वाहन

1. बरेली रोड से नैनीताल और भीमताल जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे से होकर गुजरेंगे।
2. रामपुर रोड से नैनीताल और भीमताल जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहे रामपुर रोड से डायवर्ट होकर तीनपानी तिराहे से गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे।
3. कालाढूंगी रोड से नैनीताल और भीमताल की ओर जाने वाले वाहन लालडांठ तिराहे से कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे।
4. वीकेंड के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक वर्जित रहेगा।
5. यात्रा रूट पर वाहनों का अत्यधिक दबाव होने पर बरेली रोड, रामपुर रोड व कालाढूंगी आने वाले पर्यटक वाहनों को गौलापार स्टेडियम में पार्क किया जाएगा।

बोझ बढ़ा तो शटल सेवा से भेजे जाएंगे पर्यटक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से सबसे ज्यादा पर्यटक कुमाऊं पहुंचते हैं। ज्यादातर लोग अपने निजी वाहनों से आते हैं। वीकेंड पर पर्यटक वाहनों की संख्या अनुमान से अधिक होती है।

यदि वाहन ज्यादा संख्या में पहुंचे तो गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पर्यटक वाहनों की पार्किंग कराई जाएगी। यहां से पर्यटकों को शटल सेवा के जरिये उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। हालांकि यह पर्यटकों के लिए शायद कम ही व्यवहारिक होगा।

बेल बसानी से नैनीताल के लिए नहीं बनी सड़क

हल्द्वानी : कलसिया पुल का एक हिस्सा ढह जाने के बाद प्रशासन ने कालाढूंगी रोड से बेल बसानी होते हुए नैनीताल जाने वाले मार्ग की तलाश की। अप्रैल 2022 में मंडलायुक्त दीपक रावत ने तब पीएमजीएसवाई के तहत बन रही सड़क का निरीक्षण किया था। इस मार्ग पर चार पुलों की वजह से यातायात नहीं चल पा रहा था। जल्द पूरा करने के निर्देश के बावजूद इस मार्ग पर आज तक यातायात सुचारू नहीं हो पाया है।

काठगोदाम में जाम का मुख्य कारण कलसिया पुल

हल्द्वानी : पुलिस शहर को तो जाम से मुक्त कर सकती है, लेकिन काठगोदाम में लगने वाले जाम से निजात दिला पाना पुलिस के बस में नहीं। पहला तो कॉलटैक्स से नरीमन तिराहे तक मार्ग बेहद संकरा है। नरीमन तिराहे पर सभी डायवर्जन प्वाइंट से आने वाले वाहन पहुंचते हैं। ऐसे में यातायात धीमा हो जाता है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या नरीमन तिराहे से चंद कदम दूर कलसिया पुल है। एक पुल अंग्रेजों के समय का है और दूसरा दो साल पहले अस्थाई तौर पर बनाया गया है। दोनों ही संकरे हैं, जिससे जाम के स्थिति बनी रहती है।

वेल्डिंग के दौरान जंगल में लगी आग

नैनीताल, अमृत विचार : नैनीताल वन प्रभाग के चोपड़ा वन पंचायत क्षेत्र में वेल्डिंग कार्य के दौरान जंगल में आग लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर वेल्डर को पकड़ लिया और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम आरोपी को थाने ले आई। सरपंच की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया गया है। चोपड़ा वन पंचायत की सरपंच कमलेश जीना ने बताया कि शुक्रवार को वन पंचायत में वेल्डर की ओर से बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा था। वेल्डिंग के दौरान सूखी घास में गिरी चिंगारी से आग लग गई, लेकिन वेल्डर ने आग नहीं बुझाई। जिसके चलते आग जंगल में फैल गई। सरपंच की सूचना के बाद वन क्षेत्राधिकारी चौगड़ (भूमि संरक्षण) लक्ष्मण सिंह बिष्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी केलाखेड़ा बाजपुर निवासी मो. इस्लाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

हल्द्वानी : 61 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मानपुर पश्चिम वार्ड 56 निवासी 61 वर्षीय सोमपाल की गुरुवार रात अचानक हालत बिगड़ गई। उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

मौसम का मिजाज

चार साल बाद मई में फिर से प्रचंड गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चार साल बाद मई की गर्मी रिकॉर्ड बना रही है। इस साल लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। लू के थपेड़ों ने गर्मी को झेलना और भी मुश्किल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक लू और गर्मी का ऐसा ही असर रहेगा।

शुक्रवार सुबह से ही गर्मी का असर शुरू हो गया था। दोपहर के समय लू के तेज थपेड़े चलने लगे। लू की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया। दिन के समय धूप भी बहुत तेज थी। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2019 की मई में भी गर्मी का ऐसा ही प्रकोप था। उसके बाद वर्ष 2023 तक मई माह में अधिकतम तापमान में काफी राहत रही थी।

इस वर्ष मई में अभी तक पारा तीन बार 40 डिग्री को छू गया है। चार साल बाद हल्द्वानी में फिर से ऐसी प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक लू चलने के आसार जताए हैं। साथ ही 19 और 20 मई को खासतौर पर सतर्क रहने के लिए कहा है। मैदानी इलाकों में बारिश होने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी अब दिन के समय मौसम गर्म हो रहा है।

41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, लू के थपेड़े से परेशान हुए लोग

04 साल बाद हल्द्वानी में फिर से ऐसी प्रचंड गर्मी पड़ रही है

> इस बार गर्मी का प्रकोप और रहेगा। अभी तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पास भी जाएगा। लू चलती रहेगी। – डॉ. आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर

पानी पीते रहें, जरूरी होने पर ही बाहर निकलें

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए पानी, छांछ, नींबू पानी का सेवन करते रहें। साथ ही हल्का भोजन लें। बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में धूप के समय अपना बचाव करें। सलाह दी कि बहुत जरूरी होने पर ही दिन के समय घर से बाहर निकलें। एसटीएच की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बच्चों को बाहर का खाना बिल्कुल न दें और धूप में खेलने न दें। स्कूल भेजें तो साथ में पानी की बोतल भी रखें।

नंधौर और गौला नदी में जारी रहेगा खनन कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

अमृत विचार : नंधौर व गौला नदी में खनन जारी रहेगा। दोनों नदियों में उपखनिज खनन का लक्ष्य पूरा हो गया था लेकिन खनन अवधि शेष थी। अब शासन ने निर्धारित अवधि तक के लिए खनन करने की अनुमति देदी है। उधर, डंपर एसोसिएशन खनन की अनुमति बढ़ाने का विरोध कर रहा है।

शासन में उपसचिव हनुमान प्रसाद तिवारी की तरफ से शुक्रवार शाम को खनन की अनुमति दिए जाने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी नैनीताल को संबोधित आदेश में कहा गया है कि दोनों नदियों में वर्तमान सत्र 2023-24 के अवशेष दिनों में नियमानुसार किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। नंधौर नदी के क्षेत्रांतर्गत पूर्व में आंकलित मात्रा के अतिरिक्त 13085 टन निकासी की जा सकेगी। इसी तरह गौला नदी में आंकलित मात्रा के सापेक्ष उपलब्ध अवशेष मात्रा के अतिरिक्त 10 फीसदी उपखनिज की मात्रा 763892.80 टन (424384.39 घनमी.) की निकासी की अनुमति दी गई है। अब 31 मई तक दोनों नदियों में उपखनिज खनन हो सकेगा। इधर, डंपर एसोसिएशन ने दिन में गौला नदी में खनन अनुमति न बढ़ाने को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया था। डंपर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि गौला नदी से निकलने वाला आरबीएम अब खत्म हो चुका है। गौला से निकलने वाले आरबीएम को अब कोई भी लेने को तैयार नहीं है। नदी में आरबीएम की जगह मिट्टी निकल रही है। क्रशर स्वामियों ने भी माल लेने से मना कर दिया है। उन्होंने एसडीएम से घनमीटर का दायरा बढ़ाने की अनुमति नहीं देने की मांग की थी। गौला खनन संघर्ष समिति के अध्यक्ष पम्मी सैफी ने कहा कि गर्मी से मजदूर वाहन नहीं भर पा रहे हैं और क्रशर भी खनन सामग्री नहीं लेना चाहते। ऐसे में इस खनन सत्र को समाप्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में पम्मी सैफी अध्यक्ष गौला खनन संघर्ष समिति, मनोज मठपाल अध्यक्ष डंपर एसोसिएशन, इंदर सिंह बिष्ट, कमल तिवारी, जीवन बोरा आदि थे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते डम्पर एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अनुमति

- डंपर एसोसिएशन कर रहा था अनुमति बढ़ाने का विरोध
- शासन ने सत्रावधि तक दी खनन की अनुमति

ठंडी सड़क किनारे बने 12 पार्क होंगे आधुनिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी में ठंडी सड़क किनारे बने 12 पार्कों को आधुनिक बनाया जाएगा। नैनीताल शहर में भी तमाम कार्य होने हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और 15 दिन के भीतर सभी कार्यों की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बैठक में नैनीताल शहर के आंतरिक मार्गों की मरम्मत और सुधारीकरण अवशेष कार्य, सभी पार्कों के सुधारीकरण, अशोक पार्किंग को मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाने के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। नैनीताल शहर में ठंडी सड़क पर रेलिंग का प्लान बनाने, झील के किनारे विद्युत लाइनें सही से न लगी होने और विद्युत पोल होने से जाम लगने पर नाराजगी जताई। उन्होंने हल्द्वानी में ठंडी सड़क पर स्थापित लगभग 12 पार्कों को आधुनिकीकरण करने के लिए उद्यान, विकास प्राधिकरण और नगर निगम को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। जीजीआईसी हल्द्वानी में पुराने भवन में लाईब्रेरी बनाने, सड़क चौड़ीकरण तथा बेसमेंट में पार्किंग बनाने के लिए भी डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सचिव विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आग की विकराल लपटों के आगे बेबस हुए ग्रामीण

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के मल्लाकोट गांव से सटे मोटर मार्ग के किनारे अराजक तत्वों ने आग लगा दी। विकराल हुई आग की लपटें गांव के नजदीक पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन लपटें बेकाबू होती चली गईं।

मल्लाकोट गांव को जोड़ने वाले मोटर मार्ग से सटी पहाड़ी को अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। ग्रामीण राम सिंह पनौरा, बचे सिंह, ग्राम प्रहरी भुवन सिंह पनौरा, दान सिंह जलाल, जगमोहन सिंह जलाल, गोपाल सिंह जलाल, अजय सिंह, पुष्कर सिंह ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर भीषण आग ने ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। घबराए ग्रामीणों ने थाना पुलिस बेतालघाट, वन विभाग व दमकल विभाग को सूचना दी। पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया पर आग बेकाबू हो गई। नैनीताल से पहुंची दमकल विभाग की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के अनुसार यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो पूरा गांव आग की चपेट में आ जाता।

दोस्तों संग गया युवक नदी में डूबा

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

अमृत विचार : अमृतपुर में दोस्तों के साथ नहाने गया बिंदुखत्ता का युवक गहरे कुंड में डूब गया। दोस्तों ने उसे नदी से बाहर निकालकर बेस अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक दो भाइयों में दूसरे नंबर का था।

ढलान चक्की गबदा बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी भुवन भट्ट (19 वर्ष) पुत्र देवकीनंदन भट्ट गुरुवार को अपने दोस्त अमित यादव, दीपक यादव व दीपक फुलारा के साथ कार से नहाने के लिए अमृतपुर गया था। दीपक के मुताबिक सभी अमृतपुर में नहा रहे थे। इस बीच भुवन ने दोस्तों से कहा कि वह नदी की गहराई नापने जा रहा है। दीपक भी उसके साथ गया, लेकिन उसे ततैया ने काट लिया और वह वापस लौट आया। बाकी दोस्त किनारे पर ही नहा रहे थे। भुवन काफी देर तक नहीं लौटा तो दीपक उसे देखने गया। उसने भुवन को डूबा देखा शोर मचा कर मदद के लिए आवाज लगाई। भुवन को नदी से बाहर निकाल कर आनन-फानन में सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि भुवन ने इसी साल गौरापड़ाव स्थित एक कॉलेज से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया था। जिसके बाद वह राजस्थान के एक होटल में ट्रेनिंग कर रहा था।

किसी ने नहीं की मदद, दोस्त ढोकर ले गए कार तक

हल्द्वानी : चारों दोस्त कार से नहाने अमृतपुर गए थे। दीपक के मुताबिक जहां पर वह नहा रहे थे कार उससे करीब एक किलोमीटर दूर खड़ी थी। नदी से निकालने के बाद भुवन बेसुध हो चुका था। शरीर में पानी भर जाने के कारण वजन भी काफी बढ़ गया था और भुवन को ढोकर ऊपर सड़क करीब एक किली मीटर दूर खड़ी कार तक ले जाना था। दीपक व अन्य दोस्तों ने लोगों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने भी मदद नहीं की। जिसके बाद तीनों दोस्त ढोकर उसे कार तक और फिर अस्पताल तक ले गए।

आठ घंटे देरी से पहुंची संपर्क क्रांति

हल्द्वानी, अमृत विचार : दिल्ली रेलवे स्टेशन से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के बीच चलने होने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 8 घंटे देरी से काठगोदाम स्टेशन पहुंची।

संपर्क क्रांति आम तौर पर दिल्ली से दोपहर 4 बजे रवाना होकर रात 10.45 बजे काठगोदाम पहुंचती है। गुरुवार को रामपुर स्टेशन में मरम्मत कार्य के चलते ट्रेन का समय रीशेड्यूल किया गया।

देरी से चलने के कारण ट्रेन शुक्रवार सुबह 6. 55 बजे काठगोदाम पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से रामपुर में ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य के चलते ट्रेन का समय पुनर्निर्धारित किया था।

बना साधू

सात घंटे की पैरोल पर पीपलपानी संस्कार में हुआ शामिल, हल्द्वानी व अल्मोड़ा पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा पीपी

पिता के पीपलपानी में शामिल होने पहुंचा अंडरवर्ल्ड डॉन पीपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लीसा तस्करी करते-करते मुंबई अंडरवर्ल्ड डॉन का सफर तय करने वाला प्रकाश पांडे उर्फ बंटी पांडे उर्फ पीपी अल्मोड़ा जेल में बंद है और सन्यास लेकर योगी बन चुका है। उम्र कैद की सजा काट रहा पीपी गुरुवार को कड़ी सुरक्षा में हल्द्वानी पहुंचा। वह यहां अपने पिता के पीपलपानी में शामिल होने आया था। लोगों ने जब उसे गेरुआ वस्त्र में देखा तो देखते ही रह गए।

पीपी सन्यासी बनने के बाद पहली बार गुरुवार को अपने घर शीशमहल पहुंचा। पीपलपानी संस्कार में शामिल होने के लिए उसे अल्मोड़ा जेल से सात घंटे की पैरोल पर छोड़ा गया था। पीपी सुबह नौ बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच घर पहुंचा। पुलिस के अनुसार 13 दिन पहले प्रकाश पांडे उर्फ पीपी के पिता का निधन हो गया था। पीपलपानी में शामिल होने के लिए उसने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। कोर्ट की अनुमति पर पीपी गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अपने घर पहुंचा। सात घंटे रुकने व पूजा में शामिल होने के बाद वह दोपहर तीन बजे वापस अल्मोड़ा जेल लौट गया। घर में वह भगवा वस्त्र धारण कर पहुंचा था और गले में दंडीनाथ महाराज का दिया आई कार्ड भी टांगा था।

योगी बनकर पिता के पीपलपानी में शामिल होने आया प्रकाश पांडे उर्फ पीपी।

> प्रकाश पांडे उर्फ पीपी गुरुवार को अपने पिता के पीपलपानी संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचा था। उसके साथ अल्मोड़ा पुलिस थी। काठगोदाम, हैड़ाखान की अतिरिक्त फोर्स उसकी सुरक्षा में लगी थी। शाम को वह वापस अल्मोड़ा जेल लौट गया। – नितिन लोहनी, सीओसिटी

पीपी का नया नाम अब प्रकाश नाथ

17 मार्च को पीपी ने अल्मोड़ा जेल प्रशासन को पत्र लिखकर सन्यासी बनने व मंदिर में पूजा-पाठ करने की अनुमति मांगी थी, लेकिन जेल प्रशासन ने जेल के बाहर पूजा पाठ की अनुमति नहीं दी। काठमांडू के नाथ संप्रदाय के आचार्य दंडीनाथ महाराज ने दावा किया है कि 28 मार्च को उन्होंने अल्मोड़ा जेल के अंदर जेल प्रशासन की निगरानी में पीपी को संन्यास की दीक्षा दिलाई। जिसके बाद प्रकाश पांडे उर्फ पीपी नए नाम के साथ योगी प्रकाश नाथ बन गया।

2010 में वियतनाम से गिरफ्तार हुआ पीपी

मुंबई में ब्लास्ट का जिम्मेदार दाउद को ठहराया गया। जब दाऊद व छोटा राजन अलग हो गए थे। इसी बीच प्रकाश पांडे उर्फ पीपी की मुलाकात छोटा राजन से हुई और उसके डॉन बनने का सफर शुरू हो गया था। पीपी ने दाउद को मारने की ठान ली थी। वर्ष 2010 में पीपी वियतनाम से गिरफ्तार हो गया था। सितारगंज, पौड़ी आदि के बाद वह अल्मोड़ा जेल में बंद है।

मंडलायुक्त ने दिलवाया फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने 14 साल पहले सामिया बिल्डर्स से फ्लैट खरीदा था। उसने सवा चार लाख रुपये भी दे दिए, लेकिन फ्लैट नहीं मिला। पीड़ित मामला लेकर मंडलायुक्त की जनसुनवाई में पहुंचा। मंडलायुक्त ने सामिया बिल्डर्स के मालिक को तलब कर लिया और 14 साल से लटके मामले का चंद घंटे में समाधान कर दिया।

शामा भवन तल्लीताल नैनीताल निवासी युसुफ खान 15 मई को जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने मंडलायुक्त दीपक रावत को बताया कि सामिया बिल्डर्स के स्वामी जमील खान और प्रबन्ध निदेशक आसिम सगीर खान निवासी काशीपुर रोड रुद्रपुर से वर्ष 2010 में कालिंदी अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदने के लिए साढ़े 10 लाख रुपये में सौदा हुआ था। फ्लैट बुकिंग के लिए उन्होंने एडवांस में 3 लाख रुपये चैक के जरिये और 1 लाख 25 हजार रुपये नगद दिये थे, लेकिन फ्लैट का आवंटन नहीं मिला। सामिया बिल्डर्स के मालिक भी बात करने को राजी नहीं था। मंडलायुक्त ने 16 मई गुरुवार को सामिया बिल्डर्स के मालिक जमील खान को तलब किया। जहां दोनों पक्षों की सहमति पर युसुफ खान को कालिंदी अपार्टमेंट में फ्लैट के आवंटन के साथ ही कब्जा भी मिल गया। युसुफ खान ने 14 वर्ष पुरानी समस्या के समाधान पर आयुक्त का आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई में सामिया बिल्डर्स मामले का समाधान करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

बद्रीपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का हाल, दूसरी मंजिल पर संचालित उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में भी एक कमरे में चल रही हैं दो कक्षाएं

दो कमरों में चल रही कक्षा एक से पांच तक की पाठशाला

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय प्राथमिक विद्यालय बद्रीपुरा में वर्तमान में 68 बच्चे पढ़ रहे हैं। पूर्व में यह प्राथमिक कन्या विद्यालय था, लेकिन अब आरटीई के अंतर्गत इसमें बालक-बालिका दोनों पढ़ते हैं। यहां पांच कक्षाओं के लिए मात्र दो कमरे हैं। इस कारण पहली, दूसरी और तीसरी कक्षाएं एक ही कमरे में चलाई जा रही हैं। दूसरे कमरे में चौथी और पांचवी कक्षा के बच्चों को पढ़ाया जाता है।

शुक्रवार को पड़ताल के दौरान एक कमरे में कक्षा 4 व 5 के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा था। कमरे के दोनों ओर सफेद बोर्ड लगाया गया था, जिसमें एक बार अध्यापिका चौथी कक्षा और दूसरी बार में पांचवी कक्षा के बच्चों को पढ़ा रही थी। शिक्षिका ने बताया कि दोनों कक्षाओं को एक साथ पढ़ाने से दिक्कतें आती हैं और बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान होता है। उन्होंने बताया कि जगह नहीं होने के कारण लंबे समय से इसी तरह काम चलाया जा रहा है।

प्राथमिक विद्यालय में अभी तक कई कक्षाओं की पूरी किताबें नहीं आई हैं, जिस कारण अध्यापक बच्चों को पुरानी कक्षा की किताबों से रिवीजन करा रहे हैं। इसी परिसर में दूसरी मंजिल पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन होता है। इसकी स्थिति भी ठीक नहीं है। यहां बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कमरे नहीं हैं। एक कमरे में कार्यालय है, जिसमें आठवीं कक्षा के बच्चों को भी पढ़ाया जा रहा है। कार्यालय और कक्षा एक साथ होने से बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है।

कक्षा में पर्याप्त जगह न होने के कारण नीचे बैठकर पढ़ाई करते बच्चे।

विद्यालय के पास नहीं है स्टाफ रूम

हल्द्वानी : राजकीय प्राथमिक विद्यालय बद्रीपुरा में फर्नीचर की कमी है, जिससे बच्चों के साथ ही स्टाफ को भी दिक्कत होती है। विद्यालय के पास अपना स्टाफ रूम भी नहीं है। जिस कारण पूर्व में एक कमरे में जहां कक्षा चलाई जा रही थी, वहां वर्तमान में स्टाफ रूम बनाया गया है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि पहले यहां नगर शिक्षा अधिकारी का क्षेत्रीय कार्यालय बनाया गया था, जो अब धौलाखेड़ा शिफ्ट हो गया है। जिसका वर्तमान में स्टाफ ऑफिस के रूप में उपयोग हो रहा है। छठी कक्षा में 32 बच्चे हैं।

कक्षा में ही करना पड़ता है मध्याह्न भोजन

विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए बैठने की जगह न होने के कारण बच्चों को कक्षा में ही मध्याह्न भोजन करना पड़ता है। कक्षा में भोजन करने में बच्चों को दिक्कत होती है। एक तरफ किताबें होती हैं तो दूसरी तरफ भोजन करना पड़ता है।

बोले प्रधानाचार्य

विद्यालय में पर्याप्त कमरे नहीं हैं, जिस कारण कार्यालय में ही कक्षा 8 के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। दूसरी मंजिल पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है, जिसमें भी पर्याप्त कमरे नहीं हैं। अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता है।
–शंभू दत्त थुवाल, प्रधानाचार्य, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

सार-संक्षेप

एसडीएम राहुल शाह का स्वागत करते शाखा प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

एचडीएफसी की नई शाखा का शुभारंभ

रामनगर : एचडीएफसी बैंक की स्थानांतरित नवनिर्मित शाखा का शुभारंभ एसडीएम राहुल शाह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बैंक में उचित सुविधा और बैंकिंग जानकारी मिलने से आर्थिक विकास बढ़ता है। शाखा प्रबंधक संजीव मदान ने बताया कि बैंक की नई-नई योजनाओं को अंतिम ग्राहक तक पहुंचाना उनका उद्देश्य है। इस अवसर पर बैंक के जोनल हेड बकुल सिक्का, क्लस्टर हेड आशीष आहूजा, व्यवसाई अशोक अग्रवाल, साकेत सारस्वत, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हाजी अकरम, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

रामनगर : कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम नई बस्ती हिम्मतपुर ब्लॉक निवासी लक्ष्मी सैनी पत्नी जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका भाई गणेश टहलने गया था। इस बीच आये एक बाइक सवार ने गणेश को टक्कर मार दी। गणेश के ऐतराज करने पर आरोपी युवक गणेश को पीटने लगा। गणेश के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। गणेश को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती किया गया। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि मामले में नई बस्ती लालढांग निवासी रामवीर, उसके दो पुत्रों हरीश व राकेश के अलावा विक्की व कुंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एनसीसी कैडेट्स को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

गरमपानी : जवाहर नवोदय विद्यालय गंगरकोट (सुयालबाड़ी) में एनसीसी के 24 यूके गर्ल्स बटालियन को एसडीआरएफ छड़ा इकाई की टीम ने तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कैडेट्स को आपदा प्रबंधन, राहत व बचाव तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया। विद्यालय सभागार में रेस्क्यू अभियान का मॉक ड्रिल भी की गई। प्रशिक्षण में करीब चार सौ कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर जनपद से दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। इस दौरान एसडीआरएफ एएसआई रवि रावत, विवेकानंद बिष्ट, जगमोहन सिंह, शेखर मौजूद रहे।

गंदगी से चोक मंडी बाईपास रोड स्थित नाला। ● अमृत विचार

नाले के गंदे पानी से इंदिरानगर के लोग परेशान

हल्द्वानी : इंदिरानगर वार्ड 32 में नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना के बावजूद नगर निगम के अधिकारी नाले की सफाई नहीं करवा रहे हैं। इंदिरानगर में पिछले तीन दिनों से मंडी बाईपास सड़क के किनारे स्थित नाले का गंदा पानी व कचरा गलियों व घरों में घुस रहा है। लोगों ने बताया कि नाले की सफाई नहीं होने के कारण उन्हें खासी परेशानी हो रही है। गंदा पानी व कचरे के कारण बच्चे स्कूल और अन्य लोग अपने काम पर नहीं जा पा रहे हैं। घरों के बाहर काफी ऊंचाई तक पानी जमा हो गया है। निवर्तमान पार्षद फईम सलमानी ने बताया कि नाले की सफाई के लिए नगर निगम के अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई, इसके बावजूद अभी तक नाले की सफाई नहीं की गई है। कहा कि नाले की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी घरों में घुस जाता है।

ई-नाम योजना में किसान और आढ़ती सम्मानित

रामनगर : कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर में ई-नाम योजना में शुक्रवार को मैसर्स मोहम्मद रफी फर्म के स्वामी मोहम्मद वसी और किसान रियासत अली निवासी ठाकुरद्वारा को सम्मानित किया गया। मंडी सचिव सहील अहमद ने बताया कि ई-नाम योजना से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। सहायक लेखा अधिकारी पूरन सिंह सैनी ने ई-नाम योजना से आढ़तियों और किसानों को जुड़ने की अपील की। मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे ने बताया कि किसानों की फसल की गुणवत्ता को जांच के लिए मंडी में लैब बनाई गई है, जिसमें फसल की गुणवत्ता की मुफ्त जांच की जाती है।

असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

रामनगर : ग्राम पूछड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कोतवाल को संबोधित ज्ञापन एसआई जोगा सिंह को सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र में एक दंपति और एक अन्य व्यक्ति रहते हैं। ये तीनों गांव की भोली-भाली महिलाओं को बहला फुसलाकर गलत धंधे में उतारना चाहते हैं। इसके साथ ही नाबालिग बच्चियों के साथ भी गलत हरकतें करते हैं। कहा कि गांव के लोग मेहनत मजदूरी करने के लिए सुबह घर से निकल जाते हैं और बच्चे घर में रहते हैं। एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बाबुराम, भूपेंद्र सैनी, पूनम, काजल कुमारी, सुरेश सिंह, संगीता, पायल, सीमा मौजूद रहे।

फार्मासिस्ट चारधाम ड्यूटी पर, लड़खड़ाई सेवाएं

बेस अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी के लिए नहीं मिल पा रहे फार्मासिस्ट, दो फार्मासिस्टों को चारधाम ड्यूटी पर भेजा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल से चारधाम ड्यूटी के लिए फार्मासिस्टों को भेजा गया है। इस वजह से इमरजेंसी सेवाएं लड़खड़ाने लगी हैं। अस्पताल प्रबंधन को इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी के लिए फार्मासिस्ट की तैनाती में मुश्किल हो रही है।

बेस अस्पताल से अभी दो फार्मासिस्ट को चारधाम यात्रा की ड्यूटी में गढ़वाल मंडल भेजा गया है। इसके साथ ही एक लैब टेक्निशियन को भी भेजा गया है। इस कारण अस्पताल में फार्मासिस्टों की कमी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन ड्यूटी चार्ट को लेकर मंथन कर रहा है कि किस तरह से फार्मासिस्टों की कमी को पूरा किया जाए। सबसे बड़ा संकट इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने के आसार हैं। इमरजेंसी वार्ड के लिए फार्मासिस्ट की ड्यूटी लगाने के लिए अस्पताल के अंदर से कटौती करनी पड़ेगी। आसार हैं कि दवा वितरण के काउंटर से ही किसी फार्मासिस्ट को कम किया जाएगा। इससे सबसे बड़ी दिक्कत यह होगी कि मरीजों को दवा लेने के लिए अब और ज्यादा देर तक कतार में लगना होगा।

अस्पताल में फार्मासिस्टों की बात करें तो मुख्य फार्मासिस्ट को मिलाकर कुल 10 फार्मासिस्ट हैं। इनमें कुछ फार्मासिस्टों को बाहर के अस्पतालों से अटैच भी किया गया है। अस्पताल में दवाओं के स्टोर, दवा वितरण केंद्र, वृद्ध जन के लिए दवा वितरण केंद्र, दवाओं के निशुल्क वितरण केंद्र, इमरजेंसी वार्ड आदि जगहों पर फार्मासिस्टों की ड्यूटी लगाई जाती है। फार्मासिस्टों की ड्यूटी शिफ्ट में लगाई जाती है। इमरजेंसी वार्ड में एक दिन में तीन फार्मासिस्टों को आठ-आठ घंटे की ड्यूटी देनी पड़ती है। राहत की बात है कि अभी बेस अस्पताल से डॉक्टरों की ड्यूटी चारधाम यात्रा में नहीं लगाई गई है। हालांकि जुलाई से चारधाम यात्रा के लिए बेस अस्पताल के डॉक्टर भी जाएंगे। अस्पताल में गिने-चुने ही डॉक्टर हैं। दंत रोग, चर्म रोग जैसे वार्डों में तो एक ही डॉक्टर कार्यरत हैं। इनके अवकाश पर होने से ओपीडी ही बंद हो जाती है।

> आदेश के अनुसार अस्पताल के फार्मासिस्टों की ड्यूटी चारधाम में लगी है। मौजूदा फार्मासिस्टों से ही अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बरकरार रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।
> – **डॉ. केके पांडेय,** पीएमएस बेस अस्पताल हल्द्वानी

बेस अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

कुमाऊं के अस्पतालों से लगी स्टाफ की ड्यूटी

हल्द्वानी : स्वास्थ्य महकमे के सूत्रों के अनुसार चारधाम यात्रा में कुमाऊं के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की ही ड्यूटी लगाई गई है। जिस वजह से यहां परेशानी बढ़ रही है। अभी यात्रा शुरू हुई है। चारधाम ड्यूटी नवंबर तक चलेगी। बेस अस्पताल में स्टाफ बढ़ाने की मांग सालों से चल रही है, लेकिन पिछले कुछ सालों से स्टाफ की संख्या सीमित ही है। कुछ डॉक्टर तो अनुबंध के आधार पर ही सेवा दे रहे हैं।

एसटीएच से तीन डॉक्टर चारधाम ड्यूटी पर गए

हल्द्वानी : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के भी तीन डॉक्टरों को चारधाम यात्रा की ड्यूटी में भेज दिया गया है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि आदेश के अनुसार डॉक्टरों को चारधाम यात्रा की ड्यूटी में भेजा जाता है। अभी अन्य डॉक्टर की भी ड्यूटी चारधाम यात्रा में लगेगी।

तीन परीक्षाओं की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर हुई अपलोड

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने पिछले दिनों कराई गई तीन परीक्षाओं की उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 15 मई को हुई एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा और सात मई को हुई राष्ट्रीय सेवा योजना के 'बी' और 'सी' प्रमाण पत्र की परीक्षाएं शामिल हैं। बोर्ड के सचिव वीपी सिमल्टी ने बताया कि उक्त तीनों परीक्षाओं के प्रश्न पत्र की अंतिम उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षार्थी वेबसाइट पर जाकर अंतिम उत्तर कुंजी को डाउनलोड कर सकते हैं। किसी आंसर पर आपत्ति होने पर परीक्षार्थी अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति 25 मई 2024 को शाम 5 बजे तक ई-मेल से विभागीय परीक्षा की ई-मेल आईडी पर पुष्ट प्रमाण सहित बोर्ड कार्यालय को प्राप्त करा सकते है। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी अन्य माध्यम से प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रमाण रहित प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ग्रामीणों को जंगली जानवरों से निजात दिलाने में विभाग उदासीन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : घरों तक बाघ और गुलदार की धमक से लोगों में भय का माहौल है। जंगली जानवर इंसानों के साथ-साथ फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मगर ग्रामीणों को जंगली जानवरों से निजात दिलाने में वन विभाग उदासीन बना हुआ है।

महिला एकता मंच ने शुक्रवार को ग्राम बासी टीला लालूपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बताया कि गांव में दिन छिपते ही लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। सोलर लाइटें खराब हो चुकी हैं। मगर सीटीआर और वन विभाग को इससे कुछ लेना देना नहीं है। इन मुद्दों को लेकर सोमवार को मंच का एक प्रतिनिधिमंडल कॉर्बेट के अधिकारियों व वन विभाग के अधिकारियों से मिलेगा। बैठक में महिला एकता की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि चुनाव के समय घर-घर घूमने वाले जनप्रतिनिधि इस अहम सवाल पर जनता के बीच से नदारत हैं। किसान नेता ललित उप्रेती ने कहा कि उत्तराखंड से तेंदुए और बाघों को हटाकर दूसरे देशों में भेजा जाए। इस दौरान माया नेगी, सुमन रावत, विमला देवी, संदीप कौर, दलजीत कौर, कुलविंदर कौर मौजूद रहे।

बासी टीला लालूपुर गांव में बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

बीएसएनएल टावर खराब, लोग परेशान

रामनगर, अमृत विचार : रामनगर में डिग्री कॉलेज के समीप लगा भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) का टावर सफेद हाथी साबित हो रहा है। पिछले 15 दिनों से टावर खराब पड़ा है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय निवासी मानवेंद्र सिंह कालाकोटी ने बताया कि 15 दिन से टावर ठप पड़ा है, जिससे भरतपुरी, पम्पापुरी, दुर्गापुरी, लखनपुर, टेड़ा रोड आदि आबादी के सैकड़ों लोगों के मोबाइल खिलौना बनकर रह गए हैं। उन्होंने दूर संचार विभाग से टावर ठीक कराने की मांग की है। इधर, डीजीएम कार्यालय हल्द्वानी ने बताया कि डिग्री कॉलेज के पास लगे टावर से कुछ उपकरण चोरी हो गये हैं। जल्द ही इसे दुरुस्त किया जाएगा।

करंट के झटके से मार रहे मछलियों को बाहरी लोग

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अस्तित्व बचाने को जूझ रही उत्तरवाहिनी शिप्रा नदी क्षेत्र में अराजक तत्व करंट से मछलियों का शिकार कर मछलियों का समूल नष्ट करने में जुटे हुए हैं। खैरना क्षेत्र में धड़ल्ले से मछलियों को करंट से मौत के घाट उतारा जा रहा है। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी के अनुसार बाहरी क्षेत्रों से पहुंचे श्रमिक आये दिन मछलियों को मार रहे हैं। उन्होंने मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

जीवनदायिनी कोसी नदी के बाद अब अराजक तत्वों ने पवित्र शिप्रा नदी को निशाने पर ले लिया है। कोसी नदी में गंधक पोटाश से धमाके कर मछलियों का शिकार करने के बाद अब अराजक तत्व पवित्र शिप्रा नदी में करंट के जरिए मछलियों को मौत के घाट उतारने में जुट गए हैं।

शिप्रा नदी को पवित्र नदी माना जाता है। ऐसे में नदी में करंट से मछलियों को मार डालने से स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। आरोप है कि कई बार मछलियों के शिकार को मना भी किया जा चुका है, बावजूद अराजक तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी, विनोद मेहरा, गोविन्द सिंह, दीपक सिंह बिष्ट के अनुसार बाहरी क्षेत्र से आये श्रमिक का कार्य करने वाले अराजक तत्व नदी में करंट डालकर मछलियों को मार रहे हैं।

कटान और ढुलान कार्य में बरती जा रही अनियमिताएं

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ पश्चिमी क्षेत्र ने वन निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों को उनका वेतन भुगतान किए जाने व वन निगम में हो रही अनियमितताओं की जांच की मांग की है। संघ के क्षेत्रीय मंत्री डीएस अधिकारी ने वन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजे पत्र में कहा है कि प्रबंध तंत्र द्वारा बाह्य सेवा से रखे गये कार्मिकों का वर्तमान तक स्वीकृति व भुगतान न होने के कारण वन निगम पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

पत्र में कहा कि लौगिंग प्रभाग पूर्वी रामनगर में कटान व दुलान कार्य में घोर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। जिसका सीधा प्रभाव वन निगम की छवि व आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। लौगिंग प्रभाग पूर्वी रामनगर लौट संख्या 72/2023-24 में भी प्रकाष्ठ, जड, जलोनी के बुलान में प्रथम सफल निविदादाता के विरूद्ध षड़यंत्र के तहत एकतरफा कार्यवाही करते हुये कार्य सीजन के मध्य ही ढुलान कार्य छीन कर द्वितीय निविदादाता को प्रदान किया गया, जो प्रबंध तंत्र की गैर जिम्मेदारना हरकत है। प्रथम निविदादाता लगातार 25 से 30 सालों से वन निगम के प्रकाष्ठ, जड़, जलौनी के दुलान पूर्ण ईमानदारी से कर रहे हैं। जिनको बिना किसी अवैध गतिविधि में पाये बिना ही काली सूची में दर्ज करने की भी अनुशंसा प्रभागीय लोगिंग प्रबंधक पूर्वी रामनगर द्वारा की गयी है, जो कि नियम विरूद्ध है। इससे वन निगम की छवि को धूमिल करने का प्रयास हो रहा है।

दिक्कत | खैरना, घंघरेठी, मुसौली, बजोल, बमस्यूं समेत तमाम गांवों में लोग परेशान

कोसी घाटी के गांवों में पानी को मचा हाहाकार

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : कोसी घाटी में गर्मियों की दस्तक के साथ ही पीने के पानी को हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण दिनभर दूर-दराज से सिर पर बर्तन रख पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। मवेशियों के हलक तर करने को भी कई किमी दूर रुख करना पड़ रहा है। लंबे समय से व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई जा रही है पर अफसर सुध नहीं ले रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीण परेशान हैं। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित खैरना बाजार क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी हुई है। बूंद-बूंद पानी के लिए बाजार के लोग तरस रहे हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सकों के साथ ही मरीज भी हलक तर करने को दूर-दराज का रुख करने को मजबूर हो चुके हैं। जल संस्थान पिकअप वाहन में पानी भेजकर पल्ला झाड़ रहा है। वहीं समीपवर्ती घंघरेठी, बजोल, बमस्यूं, मुसौली आदि गांवों के ग्रामीण दूर-दराज से पानी ढो रहे हैं। मवेशियों के लिए भी पानी का संकट खड़ा हो गया है। समुचित बारिश न होने से गांवों में स्थित प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख चुके हैं, जिस कारण समस्या दोगुनी हो गई है।

हालात

- प्राकृतिक स्रोत सूखने के कगार पर पहुंचे,
- दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर हुए ग्रामीण

प्रेशर कम होने से नहीं पहुंच रहा पानी

हल्द्वानी : नवाबी रोड, जजफार्म, डहरिया, पंतशील कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर शुक्रवार को पेयजल आपूर्ति की समस्या रही। स्थानीय लोगों ने जल संस्थान के शिकायती कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया कि अधिकांश घरों में पेयजल पाइप लाइन से पानी का प्रेशर नहीं आने से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग की ओर से अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं कराया जा सका है।

बिठौरिया व रामपुर रोड क्षेत्र में रोस्टिंग शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : जल संस्थान की ओर से पानी की रोस्टिंग शुरू कर दी गई है। फिलहाल बिठौरिया और रामपुर रोड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पानी की रोस्टिंग की जा रही है। इन इलाकों में एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि गौला फिल्टर प्लांट से नियमित 30 एमलडी पेयजल की आपूर्ति होती है। पानी की पूर्ति के लिए लोगों को पेयजल पाइप लाइनों व टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति कराई जाती है। वर्तमान में रामपुर रोड और बिठौरिया क्षेत्र में एक समय ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वहीं कई स्थानों पर एक दिन बाद पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी की रोस्टिंग अभी इन्हीं दो जगहों पर की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

पानी व स्ट्रीट लाइट की समस्या से जूझ रहे मल्ली बमौरी वासी

वार्ड 48 का हाल:- शाकंभरी विहार में लगा है एकमात्र ट्यूबवेल, पूरे वार्ड में नहीं हो पाती जलापूर्ति

मुख्य कॉलोनियां :- अमरावती कॉलोनी, सुरभि कॉलोनी, फ्रेंडस कॉलोनी, आनंद विहार, कपिल विहार, संजय कॉलोनी, बल्यूटिया फार्म, उत्तरांचल विहार, दुर्गेश कॉलोनी, अंबा विहार

संवाददाता, हल्द्वानी

जनसंख्या: 07 हजार पांच सौ | मतदाता: 05 हजार आठ सौ

वार्ड नं 48 में धंसी पुलिया की पटाल। ● अमृत विचार

वार्ड नं 48 में खाली प्लॉट में फेंका गया कचरा। ● अमृत विचार

वार्ड नं 48 के लक्ष्मी विहार की टूटी सड़क। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मल्ली बमौरी वार्ड 48 में लोग पानी की समस्या खासे परेशान हैं। यहां शाकंभरी विहार कॉलोनी में एक ट्यूबवेल लगा है, इससे पूरे वार्ड में पानी नहीं पहुंच पाता है। कुछ कॉलोनियों में ट्यूबवेल का पानी पहुंचता है, बाकी में गौला नदी से पेयजल आपूर्ति की जाती है। लोगों का कहना है कि बरसात में पानी की दिक्कतें अधिक होती हैं। कुछ समय पूर्व चंबल पुल के पास एक ट्यूबवेल प्रस्तावित हुआ था, लेकिन जमीन नहीं मिलने से ट्यूबवेल नहीं लग पाया।

वार्ड में करीब 500 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। हालांकि वार्ड में तीन दर्जन से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। वार्ड में अब भी 90 से 100 जगहों में स्ट्रीट लाइटें लगनी हैं। नगर निगम की कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है। वार्ड में 8 सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं। अमरावती कॉलोनी में आंतरिक सड़कों की हालत ठीक है। लक्ष्मी विहार कॉलोनी में सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। लोगों ने बताया कि नगर निगम से श्रीकृष्ण विहार, आनंद विहार, त्रिलोक नगर आदि क्षेत्रों में सड़कें बनी हैं। बलवंत कॉलोनी, शाकंभरी विहार आदि क्षेत्रों में विधायक निधि से भी कुछ सड़कों का निर्माण हुआ है। अमरावती कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर नाले के ऊपर लगी जाली महीनों से टूटी पड़ी है। मंगल बाजार क्षेत्र में यहां-वहां कूड़ा बिखरा पड़ा है। यहां जलभराव की समस्या है। कई कालोनियों में बिजली की लो वोल्टेज से भी लोग जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि गर्मियों में लो वोल्टेज से खासी परेशानियां होती हैं। वार्ड में कुछ समय पहले क्रियाशाला बनने से लोगों को सुविधा हुई है।

लोगों से बातचीत

पेयजल की समस्या है। गर्मियों में समस्या बढ़ जाती है। ट्यूबवेल लगाए जाने की आश्यकता है। लक्ष्मी विहार में कुछ दूरी तक ही सड़क बनी है।
– रुचि

स्ट्रीट लाइटें लगने से सुविधा हुई है। अमरावती कॉलोनी की सड़कें भी ठीक हैं। पेयजल व्यवस्था भी सुचारू है। फॉगिंग आदि भी होती है।
–बृजेश बिष्ट

लो वोल्टेज की समस्या है। गर्मियों में पंखे तक नहीं चल पाते हैं। स्ट्रीट लाइट जलती हैं। साफ-सफाई अच्छी है। कूड़े की गाड़ी नियमित आती है।
–एचडी पुनेठा

अमरावती कॉलोनी में कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। अंधेरे में आने जाने में लोगों को दिक्कतें होती हैं। लो वोल्टेज की भी समस्या है।
–मुन्नी भंडारी

साफ सफाई कर्मचारी नियमित नहीं आते हैं। कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है। स्ट्रीट लाइट लगने से काफी सुविधा हुई है। सड़कें ठीक हैं।
–जानकी कैड़ा

नगर निगम क्षेत्र में आने से कई लाभ मिले हैं। नियमित कूड़ा उठने लगा है। कॉलोनियों में साफ सफाई होने लगी है। स्ट्रीट लाइटें लग गई हैं।
–तारा बिष्ट

स्कूल नहीं पानी भरने चले हम : इंदिरा नगर में पिछले दो हफ्तों से पानी की आपूर्ति ठप है। जल संस्थान यहां टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति कर रहा है। इस कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। दिन भर टैंकर का इंतजार करते हैं, जैसे ही टैंकर पानी लेकर पहुंचता है बच्चों चेहरे पर मुस्कान खिल उठती है और हाथों में बाल्टी लेकर पानी के लिए टैंकर के पीछे भाग पड़ते हैं। उनकी जद्दोजहद इतनी होती है कि ज्यादा से ज्यादा पानी इकट्ठा कर लें, ताकि कल उन्हें पानी के लिए पसीना नहीं बहाना पड़े। ● संजय कनेरा

टनकपुर स्टेशन से हटेगा अतिक्रमण

हल्द्वानी, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल के टनकपुर स्टेशन में शहर साइड लाईन संख्या 4 पर बने फौजी ढाबा के कारण रेल संचालन में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए रेल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि फौजी ढ़ाबा ने रेलवे भूमि पर मीटर गेज के समय से अतिक्रमण किया है। जिस कारण ट्रेनों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

लाइन संख्या 4 का उपयोग रनिंग लाईन के रूप में नहीं हो पा रहा है। जब-जब रेलवे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रयास किया गया तो ढ़ाबा स्वामी ने कोर्ट की शरण लेकर रेल प्रशासन के साथ असहयोग किया। जिससे टनकपुर रेलवे स्टेशन से और ट्रेन के संचालन की मांग को पूरा नहीं किया जा सका है। जल्द अतिक्रमण हटाया जायेगा।

मानसून को देखते हुए व्यवस्था दुरुस्त रखें

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. श्वेता भंडारी ने भीमताल विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढुंगा और विकासखंड ओखलकांडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डालकन्या का निरीक्षण किया। सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलाढुंगा में पनिया बोर के प्रधान मयंक बोरा से भी वार्ता की और डालकन्या के प्रधान व ग्रामीणों की चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं सुनी। सीएमओ ने दोनों चिकित्सालयों के स्टाफ और प्रभारी चिकित्साधिकारी को चिकित्सालय में आगामी मानसून को देखते हुए सभी सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही 108 समन्वयक से मानसून को देखते हुए एक वाहन ओखलढुंगा क्षेत्र में स्थापित करने को कहा।

ओखलढुंगा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी।

नजूल भूमि पर फ्री-होल्ड की दरें कम करने की मांग

रामनगर, अमृत विचार : राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जिला संयोजक मोहम्मद फैजान अब्बास के नेतृत्व में शुक्रवार को मंच के कार्यकर्ताओ ने नजूल भूमि पर फ्री-होल्ड की वर्तमान दरों को वापस लेने की मांग की। साथ ही वर्ष 2001 की दरों के आधार पर नजूल भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। साथ ही खताड़ी और गुलरघट्टी में ओपन जिम खोलने की मांग करते हुए कहा कि ओपन जिम से युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहेगा। अधिशासी अधिकारी के माध्यम से भेजे ज्ञापन में मांग की गई कि रामनगर में अधिकांश लोग गरीब तबके के है, ऐसे में फ्री होल्ड की दरों में वृद्धि को कम किया जाना समाज हित में आवश्यक है। इस दौरान मोहम्मद फैजान अब्बास, जिला संयोजक नैनीताल मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, रईस आलम, शाकिर हुसैन, सैयद अकरम खान मौजूद रहे।

ईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते मंच के लोग। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट को कुमाऊं मंडल में रखा जाए

हल्द्वानी, अमृत विचार : कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हाईकोर्ट को नैनीताल से दूसरी जगह स्थानांतरित करने को लेकर जिस प्रकार से राजनीति हो रही है, वह गलत है।

राज्य गठन के समय गहन मंथन के बाद देहरादून को तत्कालिक राजधानी और नैनीताल में हाईकोर्ट बनाने का निर्णय हुआ था। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर आरोप लगाया कि हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मामले में उन्होंने और उनके पार्टी के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है, जिस वजह से दोनों मंडलों के राजनेताओं, अधिवक्ताओं और जनता के बीच दंगल हो गया है।

राष्ट्रीय खेलों को लेकर बैठकें शुरू

- नैनीताल व यूएस नगर में 8 खेलों का होना है आयोजन
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष प्रमुख सचिव ले रहे बैठक

संवाददाता, हल्द्वनी

अमृत विचार : 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया हैं। इसमें शामिल खेलों की तैयारियों को लेकर खेल प्रशिक्षकों, खेल विशेषज्ञों एवं खेल अधिकारियों की नियमित बैठक हो रही है। राष्ट्रीय खेलों में कैसे प्रतिभाग करना, कैसे खेलों का प्रशिक्षण देना समेत अन्य बिंदुओं पर विशेष प्रमुख सचिव की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली जा रही है।

38वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन अक्टूबर या नवंबर माह में होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत 34 खेलों का आयोजन किया जाएगा, इसमें से 8 खेलों का आयोजन नैनीताल व उधमसिंह नगर में होगा। इसमें खो-खो, कबड्डी, बैंडमिंटन, ताइक्वांडो, स्विमिंग समेत अन्य खेल शामिल हैं। इनकी तैयारियों को लेकर विशेष प्रमुख सचिव वीडियो क्राफेसिंग के जरिए प्रशिक्षकों व खेल विशेषज्ञों की बैठक ले रहे हैं। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर विशेष खेल सचिव की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित अलग-अलग खेलों की समीक्षा बैठक ली जा रही है। यह बैठक 15 दिनों तक चलेगी, जिसमें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को सफल बनाने और राज्य के खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए चर्चा होगी।

खो-खो व कबड्डी के लिए मैट में हो अभ्यास

हल्द्वानी : खो-खो व कबड्डी की समीक्षा बैठक में प्रशिक्षकों की ओर से सुझाव दिया गया कि कबड्डी व खो-खो के लिए आयोजित होने वाले शिविरों में खिलाड़ियों को मैट में खेलने की सुविधा दी जाए। क्योंकि राष्ट्रीय खेल के तहत कबड्डी व खो-खो की प्रतियोगिता मैट में ही आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए खिलाड़ियों के अभ्यास कराने के लिए मैट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसी के साथ इन खेलों के लिए इनडोर हॉल की उपलब्धता भी कराई जाए।

निकाय चुनाव | अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम आने लगे हैं सामने, आक्षरण को लेकर चर्चाएं हुई तेज

नए रोस्टर के अनुरूप आरक्षित होगी नगर पंचायत लालकुआं!

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : आगामी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम सामने आने लगे हैं। नगर में आरक्षण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस बार ओबीसी के नए रोस्टर के अनुरूप नगर पंचायत लालकुआं को आरक्षित किया जा सकता है।

जून में प्रस्तावित निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा व कांग्रेस ने अब तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक दौर का मंथन भी कर लिया है। हालांकि अभी शासन ने निकाय चुनाव को लेकर किसी प्रकार के दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार की नई ओबीसी गाइडलाइन के चलते कहीं इस बार लालकुआं नगर पंचायत का अध्यक्ष पद ओबीसी की भेंट न चढ़ जाए, जो सत्ताधारी दल की टूटन को भी साधने में मददगार साबित होगा। क्योंकि सामान्य की स्थिति में नगर पंचायत लालकुआं से भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन प्रत्याशी शामिल हैं। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन पवन कुमार चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष लालचंद सिंह, समाजसेवी हेमंत नरूला, जगदीश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट व प्रेमनाथ पंडित हैं। जबकि कांग्रेस से पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा व कांग्रेस शहर अध्यक्ष भुवन पांडे, फिरोज खान प्रमुख रूप से शामिल हैं। वहीं अध्यक्ष पद ओबीसी हेतु आरक्षित होने की स्थिति में भाजपा से वर्तमान सभासदों में राजलक्ष्मी पंडित व रज्जू देवी के अलावा प्रमुख ट्रांसपोर्ट व्यवसायी चौधरी सर्वदमन सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। जबकि कांग्रेस से कमलेश यादव व माजिद अली के अलावा अल्पसंख्यक समुदाय से एजाज अहमद का नाम सामने आ रहा है। कुल मिलाकर नगर में सभी दावेदार अपने-अपने स्तर से तैयारी में जुटे हुए हैं, ताकि समय आते ही वे जनता के बीच खुलकर अपनी वकालत कर सकें।

गौरतलब है कि वर्तमान में नगर पंचायत लालकुआं के कुल 5570 मतदाताओं में से पर्वतीय समाज के करीब 18 सौ, अल्पसंख्यक समुदाय के 1200, पंजाबी व बनिया समुदाय के 700, पूर्वांचल समाज के 900 मतदाताओं के साथ-साथ करीब 950 देशी मतदाता शामिल हैं। फिलहाल स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर नगर में चहल-पहल तेज हो गई है। प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल तैयार करने में जुट हैं।

विद्यार्थी परिषद ने फूंका कुलपति का पुतला

रामनगर, अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय पर छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय के छात्र महासंघ अध्यक्ष पीयूष जोशी के नेतृत्व में शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने पीएनजी कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कुलपति का पुतला दहन करते हुए छात्रों ने कहा कि एमकॉम चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में दूसरे सेमेस्टर का प्रश्नपत्र आना, महाविद्यालय में रिजल्ट का समय से न पहुंचना, डिग्री की समस्या, कॉपी चेकिंग में अनियमिताओं से छात्र परेशान हैं। प्रदर्शनकारियों में मनमोहन सिंह बिष्ट, नितेश शर्मा, विशाल चंद्र, अतुल चंद्र, सौरभ टम्टा मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बेस अस्पताल में उच्च रक्तचाप से बचाव की जानकारी देते डॉक्टर व अन्य स्टाफ।

उच्च रक्तचाप से बचाव को किया जागरूक

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में उच्च रक्तचाप से बचाव, लक्षण और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से उच्च रक्तचाप को लेकर अस्पताल की ओपीडी में मरीजों और तीमारदारों को जागरूक किया गया। फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट ने कहा कि नशा करने, नमक का ज्यादा सेवन करने, आलस भरा जीवन, चिंता, अवसाद आदि उच्च रक्तचाप के कारण बनते हैं। डॉ. विजय जोशी ने कहा कि उच्च रक्तचाप से बचने के लिए आठ घंटे की पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। साथ ही व्यायाम करना चाहिए। डॉ. आकांक्षा ने कहा कि हमें देर रात तक मोबाइल देखने से बचना चाहिए। साथ ही मधुमेह से भी बचना चाहिए। मधुमेह होने पर उच्च रक्तचाप की बीमारी शीघ्र होने का खतरा बनता है। इस दौरान अस्पताल प्रबंधक डॉ. मिथिलेश बिष्ट, डॉ. अमन आदि थे।

कार्मिकों को मिलेगा स्वास्थ्य योजना का लाभ

हल्द्वानी : राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना का लाभ अब अशासकीय विद्यालय के कार्मिकों को भी मिलेगा। अभी तक केवल राजकीय विद्यालय के कार्मिकों को राज्य सरकार की योजना का लाभ मिलता था। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कार्मिक और पेंशनर भी योजना से लाभान्वित होंगे। माध्यमिक शिक्षा के निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक (प्रशासन) को इस संबंध में पत्र भेजा है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत आने वाले समस्त अशासकीय विद्यालयों का जनपदवार विवरण भेजा है और स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक से कार्यवाही की मांग की है।

रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें रेलवे स्टेशनों पर प्रभात फेरी, पौधारोपण एवं स्काउट गाइड, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ रेल यात्रियों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करने के लिए बायो डिग्रेडेबल कैरी बैग वितरित किए गए। इधर, काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर गो ग्रीन-गो क्लीन की थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जागरूकता रैली निकाली गई व रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया व ट्रैक तथा लॉन्ड्री एरिया में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया।

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से हज यात्रियों को विदा करने उमड़े परिजन व लोग।

हज यात्रियों का जत्था ट्रेन से दिल्ली रवाना

हल्द्वानी : हज यात्रियों का जत्था शुक्रवार को हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हो गया। रेलवे स्टेशन परिसर में हज यात्रियों को छोड़ने आए लोगों की भीड़ रही। परिजनों ने नम आंखों से हज यात्रियों को रवाना किया। कांग्रेस नेता मो. मोहसिन मिकरानी सहित विभिन्न संगठनों के लोगों ने हज यात्रियों को फूलमाला पहलाकर विदा किया। शनिवार और रविवार को हज यात्रियों को लेकर तीन विमान दिल्ली से मदीना के लिए उड़ान भरेंगे। सभी हज यात्री दिल्ली स्थित राज्य हज कार्यालय में पहुंचेंगे, जहां उन्हें टिकट व अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। शहर से नफीस अहमद, जाहिदा, अयूब, मजदा, अब्दुल मतीन, रजिया जरार, इशरत साकिब, सहाना फरमान, फिरदौस आकिब, बुशरा मतीन रियाज, सायमा, सिराज, नादिया, शाहिद अहमद, शाहरुख आदि हज पर गए हैं।

ट्रक मालिकों ने आयुक्त को बताईं समस्याएं

हल्द्वानी : उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश हर्बोला के नेतृत्व में ट्रक मालिकों ने आयुक्त के सामने विभिन्न समस्याएं रखीं। जिस पर आयुक्त ने शीघ्र संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी, बृजेश तिवारी, दया किशन शर्मा, गोविंद मेहरा, ललित पाठक, हरीश मेहता, देवभूमि व्यापार मंडल प्रवक्ता हरजीत चड्ढा, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, जय उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

फतेहपुर रेंज के जंगल में लगी आग बुझाई

हल्द्वानी : रामनगर वन प्रभाग के फतेहपुर रेंज के बेल बीट कक्ष संख्या 6 में रात्रि 11.30 बजे वनाग्नि की सूचना मिली। सूचना समीपवर्ती क्रू-स्टेशन ने दी। वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने बताया कि आग मुख्य मोटर मार्ग से 6 किमी. दूर लगी थी। उन्होंने बताया कि रात में घना अंधेरा होने, तेज हवा चलने और पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण आग पर काबू करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। सुबह 10.15 बजे वन विभाग व जिला प्रशासन की टीमों ने वनाग्नि को नियंत्रित कर लिया। बताया कि वन प्रभाग हल्द्वानी से वनाग्नि की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

शिविर में महिला का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉ. मनोज कांडपाल। ● अमृत विचार

पेट के कीड़े व रक्त की कमी से ग्रसित कूड़ा बीनने वाले

हल्द्वानी : राज्य विधिक प्राधिकरण की ओर से नगर निगम सभागार में शुक्रवार को रैग पिकर्स (कूड़ा बीनने वाले) के लिए स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया। उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में करीब 50 रैग पिकर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मनोज कांडपाल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में अधिकतर रैग पिकर्स के पेट में कीड़े होने और खून की कमी की शिकायत मिली। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बीनू गुलयानी ने रैग पिकर्स की समस्याओं को सुना और उन्हें महिलाओं के अधिकार, नालसा योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी दी। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने सभी रैग पिकर्स से प्रपत्र उपलब्ध कराने को कहा।

बैडमिंटन में दो स्वर्ण समेत चार पदक जीते

हल्द्वानी : गोवा में 10 से 17 मई आयोजित ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में उत्तराखंड के ऐंजल-आन्या और निश्चल-सूर्यांश की जोड़ी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। अंडर-73 आयु वर्ग की बालिका युगल वर्ग में पिथौरागढ़ की ऐंजल पुनेठा व देहरादून की आन्या बिष्ट की जोड़ी ने कर्नाटक की दया भीमाह बी व हरियाणा की बरुनी परशवाल की जोड़ी को 21-10, 21-14 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बालक युगल वर्ग में पिथौरगढ़ के निश्चल चंद और देहरादून के सूर्यांश रावत की जोड़ी ने केरल के बोराह जयसान व अथीस श्रीनिवास की जोड़ी को 17-21, 22-20, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में सूर्यांश रावत को फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि निश्चल चंद को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

सार-संक्षेप

ग्राम कनौरा से तीन सदस्यीय दल हज के लिए रवाना

हज पर जाने वालों का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बाजपुर : ग्राम कनौरा से तीन सदस्यीय दल हज के लिए रवाना हुआ। इसमें मदरसा गुलशन ए इस्लाम के प्रबंधक मौलाना शाकिर रजा के पिता साबिर हुसैन व ग्राम के ही इल्याश हुसैन व उनकी बीबी परवीन जहां शामिल हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर हाजी मुनव्वर अली, हाजी अमीर अहमद, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कदीर अहमद आदि शामिल थे।

सुरेंद्र जैन अध्यक्ष व देवकी नंदन भट्ट मंत्री बने

राजकीय शिक्षक संघ गदरपुर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दिनेशपुर : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर में राजकीय शिक्षक संघ इकाई का सुरेंद्र जैन को अध्यक्ष व देवकीनंदन भट्ट को मंत्री मनोनित किया गया। शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव में प्रीतपाल सिंह उपाध्यक्ष, खिला घनघरिया महिला उपाध्यक्ष, जगदीश पंत कोषाध्यक्ष, चंद्रेशपाल को संयुक्त मंत्री मनोनित किया गया। राजकीय शिक्षक संघ के संरक्षक प्रधानाचार्य पीआर दिवाकर व ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार राय ने सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों बधाई दी। संचालन विवेक पवार ने किया। इस मौके पर दविंद्रपाल सिंह, धर्म चंद्र वर्मा, डॉ शांतनु त्यागी, एनसी जोशी, अनिल सिंह, राकेश कुमार, कमल जोशी आदि उपस्थित थे।

बंगाली महासभा के अध्यक्ष हैं बीजेपी के एजेंट : गांगुली

कंबोज धर्मशाला में प्रेस वार्ता करते बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गांगुली।

गदरपुर : कंबोज धर्मशाला में शुक्रवार को बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गांगुली ने प्रेस वार्ता की। गांगुली ने कहा कि 2 दिन पहले बंगाली महासभा के अध्यक्ष राजकुमार साह ने बंगाली कल्याण समिति पर अनर्गल आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाली महासभा के अध्यक्ष राजकुमार साह बीजेपी के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। शाह समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उनकी यह कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी। इस मौके पर बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गांगुली महामंत्री आशुतोष राय शिवपद शामिल थे।

किच्छा में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे

किच्छा में प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि दर्शन कोहली।

किच्छा : हल्द्वानी मार्ग स्थित प्रगति औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यालय में कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोहली ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संस्था के प्रबंधक एसपी सिंह, प्रधानाचार्य नीतू सिंह, दिलीप सिंह एवं अमीर जोशी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सूरज कुमार, अजय सिंह, अरविंद सिंह, सुनैना, आरती, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद का बाल संस्कार शिविर शुरू

शिविर में कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : इंदिरा कॉलोनी स्थित कृष्णा इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा, वरिष्ठ सदस्य अंजू सिंह, अंजू ग्रोवर स्नेह संजय, राधू खुशबू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ज्योति सुखीजा ने शिविर के बारे में जानकारी दी। खुशबू अग्रवाल ने बच्चों को रामायण की चौपाइयां सुनाईं। संजना अरोड़ा ने महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग में लाल बहादुर शास्त्री व विवेकानंद के प्रसंग बच्चों को सुनाए। आस्था तनेजा ने बच्चों को योग व प्राणायाम के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक व शाखा सदस्य ललित मोहन कौशिक, प्रिया कोरी, ऊषा राय, राजकुमार, परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक विरेन्द्र कुमार सुखीजा, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

एसएसबी जवानों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए की मैराथन

सितारगंज में आयोजित मैराथन में भाग लेते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

सितारगंज : मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत एसएसबी जवानों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सिडकुल स्थित 57 वीं वाहिनी मुख्यालय में मैराथन का आयोजन किया। 57 वी वाहिनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसएसबी जवानों ने मैराथन निकालकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कमांडेंट मनोहर लाल, एसएसबी अधिकारी अनिल कुमार, मनोज कुमार मौजूद थे।

रुद्रपुर व काशीपुर लीगेसी वेस्ट के निस्तारण की साप्ताहिक रिपोर्ट दें

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए जीपीएस ट्रैकिंग के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी व प्रशासक उदयराज सिंह ने लीगेसी वेस्ट की साप्ताहिक रूप से ड्रोन से फोटो लें। इससे साप्ताहिक डंपिंग साइट के निस्तारण का वास्तविक आकलन किया जा सके। साथ ही डंपिंग साइट को अलग-अलग ब्लॉक में बांटकर आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट रुद्रपुर व काशीपुर लीगेसी वेस्ट के निस्तारण एवं डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रीकरण की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में लीगेसी वेस्ट एवं फ्रैश कूड़ा निस्तारण की प्रगति संबंधी बैठक के दौरान दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

नगर निगम रुद्रपुर में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए अनुबंधित फर्म दयाचरन एंड कंपनी को चेतावनी देते हुए एक जून से पूर्व सभी स्थलों से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ निस्तारण की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लीगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त होने वाले आरडीएफ, बायोसोईल, इर्नट, सीएंडडी वेस्ट एवं मोस्चर आदि की प्रतिदिन मास बैलेंस रिपोर्ट तैयार की जाये। साथ ही डिस्पोजल सामग्री के वजन के आधार पर प्रतिदिन कूड़े की निस्तारण की स्थिति का आंकलन किया जाए।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कार्रवाई के निर्देश

रुद्रपुर। जिलाधिकारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त रुद्रपुर व काशीपुर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा काल से पूर्व ही नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में नदी, नालों व नालियों आदि की सफाई कराने के निर्देश दिए। जिन बस्तियों में नालियां हैं वहां सफाई कराते हुए डेंगू की रोकथाम के मद्देनजर दवा का छिड़काव अवश्य किया जाए। बैठक में नोडल कुमाऊं मंडल शहरी विकास विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, नगर आयुक्त रुद्रपुर शिप्रा जोशी, प्रभारी अधिकारी डॉ. अमृता शर्मा, ईई सौरभ कुमार, कर अधीक्षक लता आर्या उपस्थित थे।

चैती मैदान में नगर निगम ने शुरू की साफ-सफाई

खबर का असर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : चैती मैदान में पड़े कूड़े को नगर निगम ने हटाना शुरू कर दिया है। अमृत विचार में खबर छपने के बाद प्रशासन व नगर निगम ने चैती मैदान की सफाई शुरू करा दी है। नगर निगम की दो गाड़ियों के साथ कर्मचारी सफाई अभियान में जुटे हैं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि नगर निगम को दो दिन के भीतर सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

फॉगिंग अभियान भी शुरू

काशीपुर : मच्छरों के प्रकोप से लोगों को बचाने के लिए नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग अभियान चलाया। साथ ही वार्डों की नालियों की सफाई भी कराई। नगर आयुक्त विवेक राय के निर्देश पर नगर निगम कर्मियों ने शहर के वार्ड 19, 26, 27 और 32 आदि में फॉगिंग की। इस कार्य के लिए निगम ने अभी तीन टीम लगाई हैं। नगर आयुक्त आयुक्त विवेक राय ने बताया कि मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए निगम ने सभी वार्डों में फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है।

लोगों को हाथों हाथ मिलेगा पानी का कनेक्शन

काशीपुर : लोगों को गर्मी में पानी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। जलसंस्थान पानी की किल्लत को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत पानी का कनेक्शन हाथों हाथ देने को तैयार है। इसके अलावा पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था कर ली गई है। अमृत विचार ने तराई में पानी का संकट, सूखने लगे नल, फुंकने लगीं मोटरें शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार को जलसंस्थान के ईई मनोज गंगवार ने बताया कि शहर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की लाइनें बिछाई हैं। उन्होंने बताया कि काशीपुर में लोग कनेक्शन लेने से बच रहे हैं। बताया कि पानी की किल्लत हो रही है, ऐसे में लोगों को तुरंत कनेक्शन दिया जाएगा।

स्कूटी से गिरकर महिला की मौत

शांतिपुरी: स्कूटी से छिटककर सड़क पर गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला बैंक में रुपये निकालने जा रही थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

लक्ष्मी देवी

शांतिनगर गुप्ता, बिन्दुखत्ता निवासी लक्ष्मी देवी (55) पत्नी स्व. मोहन चंद्र जोशी शुक्रवार सुबह रुपये निकालने के लिए गोलगेट स्थित एक बैंक जा रही थीं। धूप ज्यादा होने के कारण उन्होंने एक स्कूटी सवार से लिफ्ट मांगी। घर से करीब डेढ़ किमी दूर सेंट लामार्ट स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर पर छिटककर वह सड़क पर आ गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव घर ले आए। लक्ष्मी देवी के दो बेटे मोहन जोशी और चंद्रशेखर जोशी और एक बेटी हैं। बेटी की शादी हो चुकी है।

सीडीओ ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट जानी

बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री घोषणा, जिला योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रगति रिपोर्ट, जिला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित संरचना, राज्य और केंद्र सेक्टर की वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की प्रगति की समीक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला योजना समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने प्रस्ताव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को विकास भवन स्थित शहीद ऊधमसिंह सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सीडीओ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समिति सदस्यों के प्रस्ताव जिला योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में गदरपुर को चिन्हित किया गया है। इसलिए यहां विशेष प्रयास करते हुए विकास योजनाओं पर कार्य किया जाये।

बैठक में डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

रेंजर संबद्ध, अन्य पर भी कार्रवाई की तैयारी

काशीपुर: तराई पश्चिमी वन प्रभाग के कुंडा में अवैध कटान के मामले में अधिकारियों पर गाज गिरना शुरू हो गई है। मामले में काशीपुर क्षेत्र के रेंजर को वन प्रभाग हल्द्वानी से संबद्ध किया गया है। वहीं इसमें अन्य कर्मियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है।

बीते दिनों कुंडा क्षेत्र के भरतपुर गांव के पास पुलिस ने एक वाहन में खैर के लाखों रुपये के 156 नग गिल्टे बरामद किए थे। आरोपी पुलिस व वन विभाग की टीम को देखकर फरार हो गए थे। खैर के गिल्टे आरोपियों ने जमीन में ही दबाए थे। वहीं मामले में रामपुर जिला स्वार के राजा पुत्र जफर खान समेत एक और आरोपी का नाम सामने आया था। दोनों के खिलाफ वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में काशीपुर के रेंजर देवेंद्र रजवार को हल्द्वानी वन प्रभाग के प्रभागीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

स्वस्थ जीवन शैली से होती है उच्च रक्तचाप की रोकथाम

गोष्ठी में मौजूद सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समुदाय में उच्च रक्तचाप से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने रक्तचाप जांच कर किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष लाखों मृत्यु दिल से संबंधित रोगों से हो जाती हैं। इसका प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप होता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली से इसकी रोकथाम की जा सकती है। नोडल अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने पावर प्वाइंट के माध्यम से उच्च रक्त चाप के प्रकार, जोखिम, कारक एवं उपचार के प्रति जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप के कारण स्ट्रोक, किडनी समस्या, हृदय रोग आदि का जोखिम अत्यंत बढ़ जाता है। सलाहकार एनसीडी संजय पांडे ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एनसीडी स्क्रीनिंग के लिए विशेष जोर देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसीएमओ हरेंद्र मलिक, हिमांशु मश्युनि, दिनेश जोशी, रवि, उमेश पाल आदि उपस्थित रहे।

जयनगर में ध्वस्त किया अवैध निर्माण कार्य

जयनगर नंबर दो में अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर: जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने राजस्व और पुलिस टीम ने जयनगर नंबर दो में बगैर अनुमति के विकसित की जा रही कॉलोनी के निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

शुक्रवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला के निर्देश पर टीम ने जयनगर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी के निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। हरदीप सिंह, गुरपेज सिंह और गुरदीप कौर द्वारा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगभग चार एकड़ भूमि में कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के बाद प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कालोनाइजरों से अपील करते हुए कहा कि वे विधिवत मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद ही निर्माण कार्य कराएं।

आशा कार्यकर्ता व चिकित्सक के बीच विवाद ने पकड़ा तूल

बाजपुर : आशा कार्यकर्ता व चिकित्सक के बीच में प्रसव को लेकर हुए विवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया जिसके चलते आक्रोशित आशा वर्कर यूनियन से जुड़ी आशाओं ने उपजिला चिकित्सालय बाजपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.पीडी गुप्ता को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अधिकारियों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच करा कार्रवाई की बात कही है। चिकित्सक ने भी आशा वर्कर पर बेवजह मामले को तूल देने समेत कई आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर यूनियन से जुड़ी तमाम आशाएं एकत्रित होकर यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल बाजपुर पहुंच गई और वहां मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.पीडी गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। 23 अप्रैल को केलाखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा वर्कर मातेश्वरी द्वारा लाई गई गर्भवती महिला पूनम के प्रसव को लेकर महिला चिकित्सक से विवाद हो गया। आरोप है कि चिकित्सक ने आशा वर्कर को अस्पताल से बाहर जाने की बात कह दी।

शिशु भारती में सामाजिक दायित्व का महत्व सिखाया

सरस्वती शिशु मंदिर में शपथ लेते शिशु भारती के चयनित पदाधिकारी।

सितारगंज: सिसई खेड़ा सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करीजमेटिब इंस्टीट्यूट के संचालक आशीष पांडेय ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने नवनिर्वाचित सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। अर्पिता राणा शिशु भारती की अध्यक्षा बनीं और उपाध्यक्ष अनुज गहतोड़ी को बनाया गया। इसी क्रम में मंत्री प्रियांशु गहतोड़ी, उपमंत्री साक्षी राणा, सेनापति सुधांशु राणा, उपसेनापति भारती बेलवाल तथा प्रगति राणा को वन्दना प्रमुख दायित्व दिया गया। इस अवसर पर हर्षित राणा, राधा कुमारी, तुलसी राणा, सरिता राणा मौजूद रहे।

सास से लड़ाई के बाद बहू ने खा लीं 9 टेबलेट

बाजपुर : सास से लड़ाई के बाद गणेशपुर निवासी 22 वर्षीय बहू ने घर में रखी 8 से 9 टेबलेट खा लीं। इससे बहू की हालात बिगड़ गई है। इसके बाद परिजनों ने उप चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम KUMARI MONIKA गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम MONIKA है। भविष्य में मेरी पुत्री को MONIKA नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

- आर्मी नं. JC482186M रैंक SUB नाम औंकार सिंह गुर्जर पुत्र श्री मांगू राम गुर्जर, निवासी वार्ड नं. 12, गुर्जरों की ढाणी, कासली, सीकर, राजस्थान-332002

भाजपाइयों ने किया ठुकराल का विरोध

▸▸ **विगत दिवस पूर्व विधायक ने फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डीएम को सौंपा था ज्ञापन**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत दिवस पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उत्तर प्रदेश से आए लोगों के फर्जी वोटर आईडी कार्ड के लिए आवेदन पत्र भरने के साथ इस काम में लिप्त भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग थी। इसके विरोध में भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता एवं भाजपा नेता सुशील गाबा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में दोनों भाजपा नेताओं ने कहा कि सिडकुल स्थापना के बाद स्थापित विभिन्न उद्योगों में कार्य करने के लिए बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश आए कामगारों को यहां पर निवास करते हुए कई वर्ष बीत चुके हैं। इनमें कुर्मी समाज, मौर्या, कुशवाहा, राठौर, सागर, वाल्मीकि समाज आदि के लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह हिंदू समाज सामान्यतः भाजपा को वोट देते हैं, इसलिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा यूपी से आए हुए हिंदू कामगारों के वोट बनाने पर गंभीर आपत्ति जताकर उनको मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संदीप अनेजा सोनू, पार्षद शिव कुमार गंगवार, पार्षद कैलाश राठौड़, प्रदीप राठौर, मदन दिवाकर, डीके गंगवार, आनंद सागर एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, आदि शामिल थे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने से पूर्व कलेक्ट्रेट में एकत्र भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

नशेड़ी अनुसेवक ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी के कपड़े फाड़े

महिला कर्मियों से अभद्रता, कर्मियों से की हाथापाई, तोड़फोड़ भी की, एएलसी और श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने सौंपी तहरीर

हंगामा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः एएलसी कार्यालय में तैनात एक नशेड़ी अनुसेवक ने कार्यालय में जमकर हंगामा काटा और बाजपुर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने रोकने का प्रयास किया तो हाथापाई कर कपड़े तक फाड़ दिए और कार का शीशा भी तोड़ दिया। नशेड़ी अनुदेशक का आलम यह था कि जो भी उसके सामने आता वह हाथापाई शुरू कर देता। सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया। एएलसी और श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

अनुसेवक का मेडिकल कराकर लौटते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

एएलसी कार्यालय में महेश नैनवाल नाम का स्थायी अनुसेवक तैनात है। अक्सर हुड़दंगी अनुसेवक अपने कृत्य से चर्चाओं में रहता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर को नशे में धुत अनुसेवक महेश नैनवाल ने कार्यालय में तैनात महिला कर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी। इसके बाद एएलसी कार्यालय में तैनात डाटा एंट्री कर्मचारियों से हाथापाई करने लगा।

जब वहां मौजूद बाजपुर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन चंद्र बेलवाल ने समझाने की कोशिश की तो नशेड़ी अनुसेवक ने हाथापाई कर कपड़े फाड़ दिए और कार का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बेकाबू हुए अनुसेवक को देखकर एएलसी दीपक कुमार ने सिडकुल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी अनुसेवक को हिरासत में लिया और जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। उधर, एएएलसी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

अनुसेवक पर लगे हैं कई बार हंगामे के आरोप

रुद्रपुर : एएलसी कार्यालय में तैनात स्थायी अनुसेवक महेश नैनवाल का हंगामा कोई पहला नहीं है। बताया जा रहा है कि अक्सर नशे की हालत में नौकरी करने वाले अनुसेवक पर तीन साल पहले कार्यालय में चोरी करने, कर्मचारियों से अभद्रता और आदेशों की अवहेलना करने का कृत्य सामने आ चुका है। इसको लेकर आरोपी पर मुकदमा भी पंजीकृत हो चुका है। आज अनुसेवक ने अपने उच्च अधिकारियों से हाथापाई और महिलाओं से अभद्रता कर एक और कांड को अंजाम देकर चर्चा का विषय बन गया है।

मुस्कुराता रहा आरोपी, सीसीटीवी में कैद

रुद्रपुर : अपने उच्चाधिकारियों के साथ अभद्रता और हाथापाई करने वाले अनुसेवक पर अपने इस कृत्य पर कोई पछतावा नहीं दिखा। हाथापाई करने से लेकर आरोपी को दबोचने तक का घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। मगर आरोपी के चेहरे पर कोई पछतावा नहीं दिखा। बार-बार मुस्कुराते हुए घटना पर फक्र सा महसूस कर रहा था।

एएलसी कार्यालय में तैनात स्थायी अनुसेवक महेश नैनवाल इससे पहले भी उनकी गैरमौजूदगी में हंगामा व अभद्रता कर चुका है। नशे की ड्यूटी करने को लेकर कई बार हिदायत भी दी गई। बावजूद शुक्रवार की दोपहर को अनुसेवक ने हाथापाई और अभद्रता की। इसकी लिखित सूचना उनके और बाजपुर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन बेलवाल द्वारा एसएसपी को भेजी गई है और कार्रवाई करने की संस्तुति की गई है। आरोपी के खिलाफ निलंबन के लिए भी पत्राचार किया गया है।

-दीपक कुमार, सहायक श्रम आयुक्त

अनुसेवक द्वारा एएलसी कार्यालय में हाथापाई, तोड़फोड़ और अभद्रता प्रकरण की कोई लिखित सूचना नहीं आई है। तहरीर आती है तो पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर अनुसेवक के खिलाफ कार्रवाई करेगी। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-प्रदीप कुमार, सिडकुल, चौकी प्रभारी

पुलिस पर चोरी प्रकरण में समझौता कराने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः रंपुरा चौकी इलाके में हुई चोरी का आरोपी पकड़े जाने के बाद पुलिसकर्मियों पर चोर से समझौता कराने का मामला सामने आया है। आरोप था कि चोरी का माल वापस करने का आश्वासन देने के बाद भी सामान नहीं मिला तो पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

कैनाल कॉलोनी दूधिया नगर निवासी परमानंद यादव ने बताया कि तीन माह पहले उसके घर से गैस सिलेंडर, टीवी और बर्तन चोरी हो गए थे। बताया कि टीवी पर नंबर लिखा होने के कारण खरीददार ने कॉल कर सूचना दी। जब पता चला कि घर में ऑटो चालक द्वारा चोरी कर सामान को बेचा गया था। सूचना देने पर रंपुरा चौकी पुलिस ने ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया और मुकदमा नहीं लिखने का दबाव बनाया। आरोप था कि चौकी के दो सिपाहियों ने जल्द चोरी का सामान वापस करने का आश्वासन दिया था और प्रकरण में समझौता करवा लिया। आरोप था कि कई दिन बीत जाने के बाद भी सामान वापस नहीं मिला और चौकी के चक्कर काटने के बाद भी पुलिसकर्मियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जबकि पुलिस ने आरोपी चालक को छोड़ दिया। पीड़ित ने कोतवाली धीरेंद्र कुमार को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। उधर, कोतवाल ने बताया कि पुलिस कर्मियों द्वारा आरोपी चालक को हिरासत में लिया था और पीड़ित द्वारा खुद ही लिखित समझौता किया था। समझौतानामा होने के कारण पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया और पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप निराधार हैं।

माल बरामद कर वापसी का दिया था आश्वासन,पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को भेजा खत

नकली वीजा देकर 15 लाख की ठगी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचारः एक व्यक्ति ने अपने मित्र से विदेश भेजने के नाम पर नकली वीजा देकर 15 लाख रुपये की रकम हड़प ली। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया।

जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव पतरामपुर निवासी मनप्रीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पिता की यशपाल चौहान निवासी महेशनगर थाना पराओ अम्बाला कैंट से पुरानी मित्रता थी। यशपाल चौहान का पुत्र संदीप चौहान व उसकी पत्नी इशा राणा काफी वर्षों से अमेरिका में निवास करते हैं। एक दिन यशपाल चौहान का फोन आया और कहने लगे कि उनका पुत्र संदीप कई लोगों को अम्बाला से कनाडा, आस्ट्रेलिया व अमेरिका भेज चुका है। साथ ही संदीप व उसकी पत्नी ईशा से बात करवाई कि इस समय कनाडा का वर्क परमिट ऑफर है और इसमे 15 लाख रुपये का खर्च आएगा। उनकी बातों पर विश्वास कर विभिन्न माध्यमों से उनके खातों में 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब वह टिकट बुक करवाने गया तो कैफे वाले ने बताया कि आपका वीजा फर्जी है, जिस पर वह स्वयं दिल्ली कनाडा एंबेसी के काउंटर पर गया। वहां बैठी महिला ने कहा कि मूल पासपोर्ट लेकर अन्दर आओ यह फर्जी वीजा तुम्हे कहां से मिला और उन्होंने उसको गिरफ्तारी करने की कोशिश की तो वह वहां से जान बचाकर भागा। इसके बाद उसने यशपाल चौहान को फोन कर कहा कि आपके बेटे ने फर्जी वीजा कराकर हमारे साथ धोखाधड़ी की है। इस पर उन्होंने संदीप से कान्फ्रेंस पर बात करवाई और कहा कि हमने किसी एजेन्ट को फाइल दी थी, उसने हमारे साथ भी धोखा कर दिया है, तुम चिन्ता मत करो, मैं इन्हीं रुपयों में तुम्हें आस्ट्रेलिया भिजवा दूंगा, और एक माह में वीजा भी आ जाएगा। रुपये फंसे होने के कारण मजबूरन मूल पासपोर्ट व वीजा लेने जब अम्बाला गया तो उक्त वीजा भी नकली व कूटरचित निकला। इस बाबत जब यशपाल व कृष्णानंद को फोन किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मनप्रीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने उक्त चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आरोप

विदेश भेजने के नाम पर हड़पी रकम, चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पत्नी के मायके जाने के बाद पति ने लगाई फांसी

बाजपुरः पत्नी के मायके जाने के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की देर रात्रि लगभग साढ़े दस बजे ग्राम बांसखेड़ी भजुवानगला निवासी रवि सिंह (24) पुत्र स्वरूप सिंह की परिजनों से मामली कहासुनी हो गई थी। इस पर रवि सिंह की पत्नी राधा तीन चार दिन बाद अपने मायके चली गई। इसी बीच पति रवि ने घर में चुन्नी का फंदा लगाकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। इसके बाद से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि रवि ने अपने ससुराल वालों को फोन कर फांसी लगाने से पहले जानकारी दी थी।

रवि सिंह।

टोल प्लाजा संचालक व ग्रामीण आमने-सामने

विवाद

कुंडा क्षेत्र के ग्रामीणों ने टोल प्लाजा के कर्मियों पर लगाया अभद्रता व वाहनों को नहीं जाने देने का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर के कुंडा क्षेत्र में स्थित टोल प्लाजा में वाहन संचालन को लेकर ग्रामीण व टोल प्लाजा संचालक आमने-सामने आ गए। ग्रामीणों के वाहनों की फ्री एंट्री को लेकर बहस हुई। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हो सका।

बीते कई दिनों से काशीपुर के कुंडा क्षेत्र में स्थित टोल प्लाजा में ग्रामीणों और टोल प्लाजा संचालक के बीच वाहनों की एंट्री फ्री कराने को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने टोल प्लाजा संचालक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोल प्लाजा संचालक अपराधिक प्रवृति के लोगों से टोल प्लाजा में वसूली का कार्य कराता है। साथ ही टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों के वाहनों को एंट्री देने लेकर भी आए दिन विवाद किया जाता है। इसके बाद टोल प्लाजा संचालक और ग्रामीणों के बीच विवाद काफी बढ़ गया। ग्रामीणों ने टोल प्लाजा को बंद करने को लेकर प्रदर्शन किया। इसी बीच सूचना पर एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह व सीओ अनुषा बडोला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद विवाद को शांत कराया और दोनों पक्षों को कुंडा थाने लाकर विभागीय रिपोर्ट आने तक इंतजार करने को कहा गया।

कुंडा थाने में ग्रामीणों की समस्याओं को जानते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

टोल प्लाजा संचालक को दिए सख्त निर्देश

काशीपुर : एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर अपराधिक प्रवृति के लोगों के टोल प्लाजा को संचालित करने का आरोप लगाया है। इस पर टोल प्लाजा संचालक को सभी कर्मियों के सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। अपराधिक प्रवृति के लोगों के मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के चेतावनी दी है।

जसपुर विधायक भी पहुंचे कुंडा

काशीपुर : ग्रामीण व टोल प्लाजा संचालक में विवाद को आशंका को देखते हुए जसपुर विधायक आदेश चौहान में कुंडा थाना पहुंच गए। उन्होंने गांव के लोगों व पुलिस से मामले की जानकारी ली। साथ ही किसी भी दशा में गांव के लोगों को परेशान न करने को कहा।

एक नजर

जीआईसी शांतिपुरी में पीटीए की वार्षिक बैठक 22 को

शांतिपुरी : आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में शिक्षक अभिभावक संघ की वार्षिक खुली बैठक आगामी 22 मई दिन बुधवार को प्रात: 9 :00 बजे से विद्यालय परिसर में होगी। इसमें विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही नवीन कार्यकारिणी का गठन एवं समस्याओं पर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य नर बहादुर सिंह ने दी।

निकाय चुनाव के लिए जनसंपर्क में उतरे पूर्व सैनिक

खटीमा : नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी उतारने की घोषणा के बाद अब पूर्व सैनिक संगठन ने जनता से संपर्क शुरू कर दिया है। शुक्रवार को पूर्व सैनिकों ने लोगों से कहा कि नगरपालिका की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। किसी को भी इससे सरोकार नहीं रह गया है। जनसंपर्क करने वालों में पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, धन सिंह सामंत, राम सिंह, होशियार सिंह, लेफ्टिनेंट चंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र भंडारी, मानसिंह बोरा आदि मौजूद थे।

महिलाओं की आय बढ़ाने को लेकर दी जानकारी

काशीपुर : नगर निगम क्षेत्र में संचालित जय मां भारती स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पशुपति विहार स्थित कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें महिलाओं को समूह से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। इसमें नगर निगम ने महिलाओं को कई लघु उद्योगों की जानकारी दी। बैठक में स्वयं सहायता की सदस्यों ने लघु उद्योगों को लेकर अपनी रणनीति बनाई और आसपास की महिलाओं को समूह से जोड़ने पर जोर दिया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष जसोदा रानी, सचिव हेमलता, कोषाध्यक्ष मिंता रानी, गीता प्रजापति, शिप्रा, पूजा भटनागर, माया देवी आदि मौजूद रहीं।

नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में एक पर केस

काशीपुर : कुंडा थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का युवक पर आरोप लगाया है। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ मई को उसकी 15 वर्षीय पुत्री किसी काम से काशीपुर जा रही थी। गंगेबाबा रोड पर आरिफ नाम के युवक ने उसकी बेटी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर अभद्रता कर जान से मारने की धमकी भी दी। कुंडा थाना प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आईआईएम के पास दिखा गुलदार, दहशत

काशीपुर : आईआईएम के पास एक गुलदार दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार को लोग आईआईएम के पास स्थित जगहों पर मवेशियों चरा रहे थे। इस दौरान झाड़ियों को गुलदार के दिखने से लोग डर गए। बताया कि वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई। तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि मौके पर टीम को भेजा गया है।

वन विभाग ने की उपखनिज से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

नानकमत्ता : साधू नगर कैलाश नदी से अवैध रूप से उप खनिज भर कर आ रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को वन विभाग ने पकड़ कर सीज कर दिया। तराई पूर्वी वन प्रभाग रन्साली के रेंज अधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी ने बताया साधू नगर कैलाश नदी में टीम ने गुरुवार देर रात गश्त की। इस दौरान तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध खनन किया जा रहा था। टीम को देख दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां लेकर चालक फरार हो गए। एक ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर सीज किया गया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया

पंतनगर : वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नव सृजित नगला नगरपालिका की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। कांग्रेसियों ने तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत नगला क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बनाई जा रही मतदाता सूची बनवाने में सहयोग किया। कहा कि क्षेत्र की जनता नगला नगरपालिका बनने से बहुत खुश है। यहां पूर्व नगर अध्यक्ष अजय सिंह चैहान, हर्षवर्धन तिवारी, कन्हैया लाल व रवि कृशवाहा आदि मौजूद थे।

काशीपुर में शिविर 23 से

काशीपुर : ब्रह्माकुमारीज के अलविदा तनाव कार्यक्रम के तहत आगामी 23 मई से रामलीला मैदान में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नौ दिनों तक डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, डिप्रेशन, हृदय रोगियों की जांच की जाएगी।

आईआईएम काशीपुर में 31 मई से दो जून के बीच होगा मैनेजमेंट एजुकेशन और रिसर्च एमईआरसी सेमिनार

आईआईएम में चुना जाएगा देश का बेस्ट स्कालर्स

आयोजन

▸▸ **कार्यक्रम में आएंगे देशभर के 300 स्कालर्स, अपने-अपने शोध पत्रों को करेंगे प्रस्तुत**

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार: आईआईएम काशीपुर में देश के टॉप आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू, बीएचयू, एएमयू संस्थानों के 300 स्कालर्स मैनेजमेंट एजुकेशन और रिसर्च एमईआरसी सेमिनार में हिस्सा लेने आ रहे हैं। 31 मई से दो जून तक होने वाले कार्यक्रम में स्कालर्स के विभिन्न विषयों में किए गए शोधों का विशेषज्ञ मंथन करेंगे और उसमें से बेस्ट स्कालर्स का अवार्ड दिया जाएगा। शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के बीच महत्वपूर्ण संवाद सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

एमईआरसी डॉक्टरेट छात्रों के लिए, पेशेवरों और अन्य इच्छुक लोगों के समक्ष अपने शोध प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। साथ ही, इस तरह के आयोजन से डॉक्टरेट छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के अन्य विद्वानों के साथ संवाद करने, सहयोग करने और नेटवर्क बनाने के अवसर भी मिलते हैं। इसके लिए 720 से ज्यादा स्कॉलरों ने आवेदन किए। इसमें 300 स्कालर्स का चयन किया गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को सस्टेनेबल बनाने की थीम पर किए जा रहे इस सेमीनार में कई विषयों से शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इसमें ओबीएचआर, आईटी, अर्थशास्त्र, फाइनेंस, मार्केटिंग, संचालन और सामरिक प्रबंधन जैसे विषयों पर आधारित हैं। पहले के मुकाबले इस बार कई गुना ज्यादा स्कालर्स ने आवेदन किए हैं।

अमेरिका की यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भी शामिल होंगे

काशीपुर : कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडब्ल्यूसी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर जय आडवाणी होंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में तीन प्रमुख वक्ता आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलुरु और अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोरंडो बोल्डर के प्रोफ़ेसर शामिल होंगे।

तीन बेस्ट रिसर्च पेपर का किया जाएगा चयन

काशीपुर : प्रेस्टेशन के बाद, तीन बेस्ट रिसर्च पेपर का चयन किया जाएगा। पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले रिसर्चर को प्रमाण पत्र के साथ 25,000, 20,000 और 15,000 की पुरस्कार राशि भी दी जाएगी।

70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी

काशीपुर : आईआईएम में 31 मई से दो जून तक होने जा रहे कार्यक्रम में देश भर से महिला पुरुष स्कालर्स बढ़ चढ़ कर आ रहे हैं। जनसंपर्क अधिकारी काशिफ हसनैन ने बताया कि इस सेमीनार में 70 प्रतिशत प्रतिभागी महिलाएं हैं जो कि पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।

मरीजों को झुलसा रहा काशीपुर के एलडी भट्ट अस्पताल का बर्न वार्ड

मरीजों के लिए बर्न वार्ड में नहीं हैं बेहतर सुविधाएं, बर्न वार्ड में एसी खराब होने से परेशानी

अनदेखी

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

अमृत विचार : एलडी भट्ट अस्पताल में कहने के लिए आग से जले मरीजों के उपचार के लिए बर्न वार्ड की व्यवस्था है। बर्न वार्ड का पूरी तरह वातानुकूलित होना जरूरी है। इसके लिए वार्ड में एसी की व्यवस्था तो है, लेकिन सालों से ऐसी खराब पड़ा है। हालत ये कि अस्पताल में आग से जले हुए मरीजों का सिर्फ प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर भेजा जा रहा है।

काशीपुर अस्पताल में 25 जून 2010 को आग से जले लोगों के लिए दो बेड का बर्न वार्ड बनाया गया था। इसके लिए वार्ड में एसी की व्यवस्था की थी। कुछ सालों बाद वार्ड में लगाए एसी खराब हो गए। अस्पताल में सालों से एसी खस्ताहाल में पड़े हैं। गर्मी के मौसम में आग से जले मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

25 जून 2010 को आग से जले लोगों के लिए दो बेड का बर्न वार्ड बनाया गया था। इसके लिए वार्ड में एसी की व्यवस्था की थी

बर्न वार्ड में खराब पड़ा एसी। ● अमृत विचार

बर्न बार्ड में पड़ा है ताला

काशीपुर : काशीपुर एलडी भट्ट अस्पताल में आग से जले मरीजों के लिए अलग से किसी स्वास्थ्यकर्मी की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है। हालत यह है कि वार्ड में ताला लगा हुआ है अस्पताल के सर्जन डॉ. हरीश पंत ही बर्न वार्ड के मरीजों का उपचार करते हैं।

10 दिन पहले भर्ती हुआ था मरीज

काशीपुर : काशीपुर अस्पताल के डॉ. हरीश पंत ने बताया कि अस्पताल में एक महीने में एक से दो मरीज ही अस्पताल में भर्ती होते हैं। उन्होंने बताया कि 10 दिन पहले आग से पीड़ित मरीज अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहीं, व्यवस्थाएं ठीक नहीं होने से लोग अपने मरीज को अन्य जगह ले जाते हैं।



अस्पताल के बर्न वार्ड में लगा ताला।

अस्पताल के बर्न वार्ड में एसी के खराब होने समस्या संज्ञान में है। अधिकारियों से नए एसी लगाने की स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही एसी लगा दिया जायेगा।
-डॉ. खेम पाल, सीएमएस, काशीपुर।

प्रॉपर्टी डीलर को धमकी देकर मांगी पांच लाख की फिरौती

रुद्रपुर, अमृत विचार: कोतवाली इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर को धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति लगातार फोन कर फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकियां दे रहा है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

भूरारानी स्थित खुशी एंक्लेव निवासी चरनजीत सिंह ने बताया कि वह प्रॉपर्टी बेचने-खरीदने का कार्य करता है। आरोप था कि पिछले कई दिनों से एक शख्स अलग-अलग नंबरों से फोन कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांग रहा है और धमकियां दे रहा है कि रकम नहीं देने पर जान से मार दिया जाएगा। जब तफ्तीश की तो पता चला कि आरोपी गांव बिंदुखेड़ा का रहने वाला है। शिकायतकर्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर जानमाल का खतरा बताते हुए सुरक्षा प्रदान करने की मांग की और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि तहरीर आने के बाद कोतवाली पुलिस रंगदारी प्रकरण की जांच कर रही है। जल्द ही जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जंगल में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: गुरुग्राम गांव के निकट जंगल में शुक्रवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। शव की शिनाख्त गुरुग्राम निवासी चंदन साना के रूप में हुई।

चंदन साना।

शुक्रवार दोपहर दो बजे गुरुग्राम गांव के शिवतला मंदिर के निकट जंगल में गांव का कोई व्यक्ति मवेशी चराने गया था। जहां झाड़ियों से दुर्गंध आने पर नजदीक जाकर देखा। झाड़ियों में एक युवक का शव दिखाई दिया। सूचना पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। शव काफी फूल गया था तथा काफी दुर्गंध आ रही थी। बाएं पैर का पंजा किसी जंगली जानवर ने खा लिया था। शव का चेहरा भी पहचाना नहीं जा रहा था। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई त्रिलोक ने मृतक के पहने कपड़े व चप्पल देखकर चंदन साना पुत्र दुलाल साना के रूप में शिनाख्त की। त्रिलोक ने पुलिस को बताया कि उसका भाई पिछले आठ दिन से घर से लापता था। त्रिलोक ने पुलिस को बताया चंदन नशे का आदी था। चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने बताया कि शव सात-आठ दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

सड़क हादसों में छह लोग घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: क्षेत्र में सडक हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरुवार रात्रि से शुक्रवार तक हुए पांच हादसों में छह लोग घायल हो गए।

गुरुवार की देर रात्रि साढे.11 बजे किशनपुर मौलागढ़ गांव तहसील स्वार रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी डालचंद (35) साइकिल से चीमा फैक्ट्री से किशनपुर अपने घर की ओर जा रहा था। तभी ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी सूरज मंडल (20) दोराहा से काशीपुर को जा रहा था। इसी बीच ग्राम कनोरा के समीप बाइक और साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बाइक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं दूसरी घटना बेरिया रोड के समीप हुई जिसमें कार व बाइक की टक्कर में इंदिरा कॉलोनी निवासी वेद प्रकाश (65) गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी घटना बरहैनी के समीप हुई जिसमें स्कॉर्पियो और कार की भिड़ंत में नानकमत्ता निवासी कमलजीत सिंह (36) पुत्र जसवंत सिंह घायल हो गया। वह ग्राम नमूना में अपने मामा के घर आ रहा था कि इसी बीच बरहैनी के समीप तेज रफ्तार स्कार्पियों ने कमलजीत की बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में कमलजीत बाइक से चलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरा और काफी चोटिल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। चौथी घटना ग्राम दयोहरी में मुख्य मार्ग पर हुई जहां एक ई-रिक्शा चालक ने गांव के ही राहगीर रामप्रवेश प्रसाद को टक्कर मार कर घायल कर दिया। पांचवीं घटना में रायल गार्डन के पास एक ई-रिक्शा ने एकाएक कट मार दिया। जिससे बाइक सवार गुरजीत सिंह टकरा गया और घायल हो गया। पीछे बैठी छात्रा को भी चोटें आई हैं। घायलों में वेद प्रकाश, कमलजीत, डालचंद, रामप्रवेश प्रसाद की हालत गंभीर बताई जा रही है।

रामप्रवेश का उपचार करते चिकित्सक।

अग्निकांड में लाखों का नुकसान

संवाददाता बाजपुर

अमृत विचार : दो जगहों पर आग लगने से दो मवेशियों की मृत्यु हो गई जबकि लाखों का समान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रभावितों को मुआवजा देने की बात कही।

ग्राम महोली जंगल में देर रात्रि श्याम सिंह की गोशाला में आग लगने से दो मवेशी (भैंस व गोवंश) की मृत्यु हो गई इसके अतिरिक्त भूसा, लकड़ी, झोपड़ी आदि जलने से करीब डेढ़ लाख का नुकसान हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। भाजपा नेता डॉ. गुरप्रीत सिंह की सूचना पर आए तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, पटवारी कुलदीप सिंह ने घटना की जानकारी ली। दूसरी घटना ग्राम गोबरा में हुई। इसमें गऊ घाट निवासी सावित्री देवी पत्नी उमर लाल के घर देर रात्रि झोपड़ी में आग लगने से 12 क्विंटल गेहूं, 7 क्विंटल धान, आधा तोला सोना, 100 ग्राम चांदी, चार पंखे, 11 चारपाई और बच्चों के पढ़ने की किताबें और कपड़े इत्यादि करीब डेढ लाख का सामान राख हो गया। राजस्व विभाग द्वारा नुकसान का आंकलन किया गया है।

बाजपुर के ग्राम गोवरा गऊ घाट में आग लगने से जला सामान। ● अमृत विचार

आश्रम की लड़कियों की शादी का झांसा देकर लगाया चूना

▸▸ **लड़की की फोटो दिखाकर हड़पे 70 हजार रुपये**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आश्रम की गरीब लड़कियों की शादी करने का झांसा देकर हजारों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोप था कि युवक को लड़की की फोटो दिखाकर आरोपी ने झांसा दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

भदईपुरा वार्ड-14 की रहने वाली एक महिला ने बताया कि ट्रेन में सफर करने के दौरान उसकी एक युवक से मुलाकात हुई। बातचीत में युवक ने बताया कि वह पंजाब के फगवाड़ा अनाथ आश्रम की लड़कियों की शादी करवाना चाहता है और युवकों की तलाश कर रहा है और अपना मोबाइल नंबर देते हुए युवक की खोजबीन करने में सहयोग करने की बात कही।

आरोप था कि कुछ दिन बाद जब एक युवक मिला तो उसने युवक से संपर्क किया तो उसने मोबाइल पर आश्रम की कई युवतियों की फोटो भेजी, जब युवक एक युवती पसंद आई और हामी भरी तो युवक ने युवती को लाने सहित आश्रम में जमा कर रसीद मिलने का आश्वासन दिया और उसके माध्यम से युवक से 70 हजार रुपये लेकर भुगतान कर दिया। कई दिन बाद कोई कॉल नहीं आई तो पाया कि युवक का मोबाइल बंद है।

सार-संक्षेप

सेंट लामार्ट स्कूल में एनसीसी एयर विंग के कैडेटों को सम्मानित करते शिक्षक।

सेंट लामार्ट स्कूल ने एनसीसी कैडेटों को बांटे प्रमाण पत्र

शांतिपुरी : सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शांतिपुरी सत्संग आश्रम ने एनसीसी एयरविंग बैच 2023-24 के 21 कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा करने पर एनसीसी 'ए' प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की छात्रा कनक दानू को एयर विंग एनसीसी पंतनगर बैच के सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में सम्मानित किया है। विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा ने एनसीसी कैडेटों को बधाई दी। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य बृज मोहन कुनियाल, अकादमिक निदेशक उमेश बोरा सहित योगिता कोरंगा, दीक्षा चंद, आशा कार्की, दीपा कुवार्बी, सुषमा सिंह, शोभा कोरंगा, एनसीसी एएन ओ महेंद्र सिंह बिष्ट, बीएसए मनीष पांडे, अंकित पाठक आदि मौजूद रहे।

खटीमा में नगर की समस्याओं को लेकर ईओ से मिले भाजपा कार्यकर्ता।

खकरा और ऐंठा नाले की हो तलीझाड़ सफाई

खटीमा : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर की सफाई व्यवस्था, बरसात से पहले सभी नालों की सफाई और मच्छरों के प्रकोप का सवाल उठाया है। उन्होंने नगर की इन गंभीर समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी और महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में कार्यकर्ता अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला से मिले। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और नगर में मध्य बहने वाले खकरा और ऐंठा नालों की सफाई नहीं की गई है। इससे जलभराव और नालों के गंदे पानी के नगर में फैलने से बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने नालों की तलीझाड़ सफाई कराने की मांग की। यह भी कहा कि इन दिनों मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से नगरवासी परेशान हैं। इसके लिए तत्काल फागिंग कराई जाए। इस अवसर पर पूर्व सभासद गोकुल ओली, महेश राणा, राहुल सक्सेना, करन यादव, सुधीर बत्रा, मेहताब रजा, सूरज धामी, मनोज शर्मा, विजय गुप्ता, जितेंदर विश्वकर्मा, अर्पित ठाकुर, विजय कुमार, आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, विशाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मेकअप करने की जानकारी प्राप्त करतीं बालिकाएं।

छात्राओं ने सीखे व्यावसायिक शिक्षा के गुर

बाजपुर : पीएमश्री राजकीय बालिका कन्या इंटर कॉलेज में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरु की गई व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शुक्रवार को छात्राओं ने लक्ष्मी मेकओवर का भ्रमण किया। कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहीं हाईस्कूल व इंटर की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के तहत लक्ष्मी मेकओवर की मेकअप आर्टिस्ट गीता हांडा ने कहा कि बालिकाओं के लिए यह व्यावसायिक शिक्षा ऐसी है जो गांव से लेकर शहर तक रोजगार के अवसर पैदा करती है। स्थानीय प्रशिक्षक सुजाता रानी ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व और कार्य संबंधी की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य मीता बॉस ने भ्रमण कार्यक्रम की बस को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान अर्चना सिंह, गीता रावत, सुनीता कंबोज, नितेश सिंह आदि मौजूद रहे।

खटीमा में देवभूमि भोग चक्की आटा लॉन्च करते अधिकारी। ● अमृत विचार

देवभूमि भोग कूल चक्की आटा लॉन्च

खटीमा : राष्ट्रीय कृषि योग ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से खटीमा के 300 किसानों के संगठन देवभूमि किसान उत्पादन संगठन ने देवभूमि भोग कूल गेहूं का चक्की आटा बाजार में उतारा। भाजपा जिला महामंत्री भुवन जोशी ने कहा कि किसान उत्पाद की प्रोसेसिंग कर मार्केटिंग करें तो अपनी आय बढ़ा सकते हैं। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राजीव प्रियदर्शी ने कहा कि नाबार्ड किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम चला रहा है। प्रगतिशील संस्था के निदेशक शशि कुमार सिंह रावत ने बताया कि यह 300 किसानों का संगठन है। किसानों के इस संगठन ने आज देवभूमि भोग कूल चक्की आटा बाजार में उतारा है। इस अवसर पर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, ग्राम प्रधान मनोज चंद, किसान उत्पादक संगठन के सचिन सोनाली राना, बोर्ड सदस्य पूरन सिंह, हरीश राना, आनंद सिंह बिष्ट, राजकुमार सिंह राना, निशा ठकुराठी आदि उपस्थित थे।

प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देतीं वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

जैव प्रौद्योगिकी की नवीन गतिविधियों से रूबरू हुए विद्यार्थी

पंतनगर : रुद्रा पब्लिक स्कूल जयनगर के विज्ञान वर्ग के 66 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शुक्रवार को बायोटेक का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थी जैव प्रौद्योगिकी की नवीन शोध गतिविधियों से रूबरू हुए। वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की ने जीव विज्ञान की तकनीकों के साथ बायोसेंसर विकास एवं पीसीआर मशीन की क्रिया विधि की जानकारी दी। वहीं वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने पेयजल, मृदा और वायु गुणवत्ता जांच विधि बताने सहित उन्हें जल संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस दौरान शिक्षिका ललिता पांडेय, कनुप्रिया सरकार, हिमांशु पुरोहित, बख्शेस सिंह सहित बायोटेक के जितेंद्र बोहरा, अनुज कुमार, केशव सिंह रावत, डॉ. अनुपम आजाद, ललित मिश्रा, भूपाल सिंह, बबिता रौतेला, वैशाली, चांदनी, सौरभ पंडा व सरिता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बिजली से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग

अल्मोड़ा : पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता कन्हैया मिश्रा से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के अनेक इलाकों की बिजली की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। कर्नाटक ने उन्हें बताया कि हवालबाग ब्लॉक के लटवाल गांव, रौनडाल व मटेला में जरूरत के मुताबिक बिजली के पोल नहीं लगाए गए हैं। जबकि रैलापाली क्षेत्र में भी पोल कम होने के कारण बिजली के तार हवा में झूल रहे हैं और वह ग्रामीणों के लिए जोखिम भरे साबित हो रहे हैं। कर्नाटक ने बताया कि इसके अलावा विस के अनेक स्थानों पर पोल काफी जर्जर हालत में हैं और वह गिरने के कगार पर हैं। कर्नाटक ने अधिशासी अभियंता से इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी

रानीखेत : कुछ दिनों की राहत के बाद एक बार फिर से जंगलों में आग लगने का सिलसिला सुरू हो गया है। विगत दिवस फायर स्टेशन को सूचना मिली कि जय जवान के पास जंगल में आग लगी है। फायर यूनिट ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। बाद में फायर ब्रिगेड निर्भया हॉस्टल के पास जंगल में लगी आग को भी बुझाया। आग लगी है। फायर यूनिट द्वारा थाना गेट पर लगे हाईड्रेट से पानी भरकर घटना स्थल पर जाकर 2 होज फैलाकर आग को पूर्ण रूप से बुझया गया मौके पर आर्मी के जवान भी मौजूद थे। अग्निशमन दस्ते में एलएफएम मोहन सिंह, एलएफ एम चन्दन सिंह पिनारी, फायरमैन अनुज शर्मा, चन्दन राय, देवेन्द्र सिंह रहे।

रोडवेज की अल्मोड़ा मासी बस सेवा शुरू

अल्मोड़ा : रोडवेज की पांच बंद सेवाओं में एक मासी अल्मोड़ा बस सेवा का शुक्रवार से फिर से संचालन शुरू कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। चालक परिचालकों की कमी के कारण इस सेवा का संचालन लंबे समय से बंद था मासी क्षेत्र के ग्रामीण और जनप्रतिनिधि इस सेवा के संचालन के लिए कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं। जनदबाव को देखते हुए अब निगम ने इस बस सेवा का संचालन फिर से शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही डिपो की बंद पड़ी अल्मोड़ा-टनकपुर, लमगड़ा-दिल्ली, बेतालघाट-दिल्ली और अल्मोड़ा-देहरादून बसों का भी शीघ्र संचालन शुरू किया जाएगा।

स्नातक कक्षाओं में प्रवेश को लेकर छात्रों में उत्साह

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए इन दिनों छात्र छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। विवि के समर्थ पोर्टल पर प्रतिदिन हजारों छात्र छात्राएं रेगुलर और प्रोफेशनल कोर्सों में प्रवेश लेने के लिए आवेदन कर रहे हैं। एसएसजे विवि समेत अन्य विवि में इन दिनों स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए आवदेन प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया के दौरान छात्र छात्राओं को समर्थ पोर्टल का प्रयोग करना है। एसएसजे विवि के अधीन वर्तमान में 36 कालेजों और चार परिसरों का संचालन होता है। जिनमें बीएससी, बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीएफए, योग आदि कोर्स स्नातक स्तर पर चलते हैं। इन सभी के लिए काफी संख्या में छात्र आवेदन कर रहे हैं। प्रोफेशनल कोर्सेज में प्रवेश के लिए छात्र छात्राएं अधिक रूचि ले रहे हैं। बीते पंद्रह दिनों में ही विवि में प्रवेश के लिए सोलह हजार छात्र छात्राओं ने आवेदन किया है। जबकि अभी भी छात्र लगातार आवेदन कर रहे हैं।

आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे के विकास में हरसंभव सहयोग देगी पुलिस

सीओ के साथ ब्लॉक प्रोग्राम समन्वयक।

अल्मोड़ा : जिले के आकांक्षी ब्लॉक स्याल्दे के समग्र विकास के लिए पुलिस विभाग के सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक में आकांक्षी ब्लॉक के प्रोग्राम समन्वयक गोविंद सिंह डसीला और सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद समेत अनेक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक गोविंद सिंह डसीला ने बताया कि पुलिस विभाग की भूमिका इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण है। पुलिस की मदद से ब्लॉक में सुरक्षा व्यवस्था और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी। सीओ विमल प्रसाद ने एबीडीपी कार्यक्रम में पुलिस विभाग की पूर्ण भागीदारी का आश्वासन दिया।

श्रमिक संघ ने उठाई समस्याओं के निराकरण की मांग

अल्मोड़ा : उत्तराखंड परिवहन निगम के एससी एसटी श्रमिक संघ की मासिक बैठक अल्मोड़ा में हुई। बैठक में संगठन के सदस्यों ने कहा कि वाहनों में आ रही खराबी के कारण आए दिन अनेक सेवाओं के ब्रेक डाउन हो रहे हैं। लेकिन डिपो में स्पेयर पार्टस की आपूर्ति नहीं की जा रही है। चालकों परिचालकों की कमी के कारण अनेक रूटों पर महीनों से बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है। संगठन के सदस्यों ने सीनियर फोरमैन, विद्युत कार्मिकों की कमी को पूरा करने, सफाई कर्मचारी की व्यवस्था, ई टिकटिंग मशीन की दिक्कतों को ठीक करने, कार्मिकों को नियमित करने, चालक तथा परिचालकों व संचालित वाहनों का मार्ग आवंटन करने आदि की मांग भी की। बैठक में राजेंद्र प्रसाद, हरीश कुमार, गणेश सिंह, आनंद प्रकाश, देवेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद, इंद्र लाल, किशोर लाल, कैलाश चंद्र, मदन लाल आदि मौजूद रहे।

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पास

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक लेते एसडीएम आकाश जोशी।

टनकपुर : शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में प्रबंधन समिति की हुई बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। उप जिलाधिकारी आकाश जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्ष 2024- 25 के लिए विद्यालय को प्राप्त बजट संबंधी चर्चा की गई। इस दौरान नए प्रवेश संगीत शिक्षक की नियुक्ति, भवन में आ रही सीलन को दूर करने, अग्निशमन यंत्रों की खरीदारी करने, उरेडा के सौर ऊर्जा संबंधी कार्य करने पर सहमति प्रदान की गई। छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम पर भी प्रस्ताव पास किया गया। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने सभी का आभार जताते हुए विद्यालय में हो रहे शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। यहां खंड शिक्षा अधिकारी, कैलाश नाथ महंत, हरि विनोद पंत, कन्हैया कुमार, दिवाकर भट्ट, डॉ. जीएस तिवारी, मयंक भट्ट, संगीता, सुमन, अर्चना, संजू, रेनू, संगीता, आनंदी रहे।

अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर आंदोलन करेंगे ग्रामीण

ताकुला के ग्रामीणों ने बैठक कर लोक निर्माण विभाग की लापरवाही पर जताया आक्रोश

संवाददाता, अल्मोड़ा

भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर बैठक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ताकुला विकास खंड में सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों की उपजाऊ भूमि अधिग्रहीत करने के बाद भी उसका मुआवजा न मिलने से ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में एक बैठक की और शीघ्र मुआवजा न दिए जाने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बसोली नाई-ढौल पोखरी मोटर मार्ग 2005 में स्वीकृत हुआ था। 2010 में इस मोटर में कार्य प्रारंभ हुआ और 2014 में मोटर मार्ग निर्माण कार्य भी पूर्ण हो गया।

लेकिन मोटर मार्ग के अधिकृत की भूमि का 14 वर्ष बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया है। यही स्थिति मनान- नाई ढोल मोटरमार्ग का भी है। उन्होंने कहा कि इन मोटर मार्गों के निर्माण में बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की उपजाऊ भूमि उपयोग में लाई गई है।

लेकिन आज तक उसका मुआवजा नहीं दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही इन मामलों को लेकर एक शिष्ट मंडल संबंधित विभागों व जिला प्रशासन से मुलाकात करेगा। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले का संज्ञान लेकर शीघ्र लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर यदि इसके बाद भी उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी।

बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमा भंडारी, रेवती भंडारी, पिंकी नयाल, सरपंच पूरन सिंह, दीप्ति भोजक, ठाकुर सिंह, मोहन सिंह, नरेंद्र सिंह, ईश्वर जोशी, देवेंद्र सिंह, बचे सिंह आदि मौजूद रहे।

फंदे पर लटका मिला होटल स्वामी का शव

संवाददाता, टनकपुर

- पुलिस को आत्महत्या का अंदेशा पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वाला में एक होटल स्वामी का शव फंदे से लटका मिला। पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को स्वाला में होटल स्वामी 28 वर्षीय सुंदर सिंह फर्त्याल का शव होटल के भीतर फंदे पर लटका मिला। मृतक होटल स्वामी लोहाघाट के बिशुंग क्षेत्र का रहने वाला था। जानकारी लगने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची चल्थी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी निर्मल लटवाल ने बताया कि मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। साथ ही मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पहली नजर में मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है।

अल्मोड़ा में कोल्ड स्टोर संचालन की उठाई मांग

अल्मोड़ा : नगर के पैलाग फाउंडेशन ने कोसी में स्थापित वर्षों से बंद पड़े कोल्ड स्टोर के संचालन की मांग उठाई है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। पत्र में फाउंडेशन के देवेंद्र प्रसाद जोशी ने कहा है कि वर्ष 1992 में अल्मोड़ा के कोसी स्थित मटेला में एक कोल्ड स्टोर का निर्माण किया गया था। जो दशकों से बंद पड़ा है और उसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। पत्र में कहा गया है कि इस कोल्ड स्टोर के संचालन में उद्यान विभाग व जिला प्रशासन कोई रूचि नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर विभाग कोल्ड स्टोर के संचालन को लेकर गंभीर होगा तो फाउंडेशन इस पर सकारात्मक वार्ता के लिए इच्छुक है।

एसएसबी ने साइकिल रैली व पदयात्रा का आयोजन किया

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार : सशस्त्र सीमा बल के जवानों और अधिकारियों ने मेरी लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत साइकिल रैली व पैदल यात्रा का आयोजन किया।

रैली को कमांडेंट डॉ. एसएन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छे स्वास्थ्य व स्वच्छ पर्यावरण के लिए काम करना होगा। इस अवसर पर बल के अधिकारियों, जवानों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली सीमांत मुख्यालय रानीखेत से जय जवान जय किसान चौराहे तक आयोजित की गयी।

इस अवसर पर देवाशीष, अमित कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार, कोमल चन्द्र जोशी, नरेन्द्र कुमार, संजीव डिमरी व जवानों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

स्वस्थ जीवन शैली की भी सीख देता है आयुर्वेद

संवाददाता, रानीखेत

भोले बाबा आयुर्वेदिक अस्पताल में आयोजित कार्यशाला में मंचासीन अतिथि।

अमृत विचार : चिलियानौला स्थित भोले बाबा आयुर्वेदिक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में जीवन शैली से जुड़े स्वास्थ्य संकट से उभरने हेतु भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के पालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हैड़ाखान ट्रस्ट के अध्यक्ष पद्मश्री अरविंद लाल, प्रदेश प्रचारक डॉ.शैलेंद्र, मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व कुमाऊंनी टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्वाइंट रजिस्टार नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद डॉ. अजीत तिवारी ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन धरोहर है। दवाइयों के साथ-साथ मानव के दिनचर्या तथा खानपान की भी जानकारी आयुर्वेद देता आया है। लेकिन वर्तमान में आपाधापी के चलते आमजन आयुर्वेद की शैली को छोड़कर बाजारों में बिकने वाली घातक पदार्थों का सेवन कर अपने शरीर को रोगी बना रहा है। दूसरे सत्र को हैड़ाखान ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अरविंद लाल, ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी संजय सरना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी पत, डॉ. सीपी भैसोड़ा प्रिंसिपल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरना अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। समापन पर ट्रस्ट के निर्देशक विजयशील उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. वंदना लाल, आर्मी हॉस्पिटल के करनाल प्रभाकर गुप्ता, डॉ. निवेदिता जोशी, डॉ. प्रवीण कुमार रेड्डी, डॉ. शैलेंद्र सहित श्री बाबा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

जंगल बचाने के लिए दे दी जान

- बूढ़ी मां, पत्नी और तीन बेटियों को बेसहारा छोड़ गया महेंद्र
- वनाग्नि की चपेट में आने से बुझा घर का इकलौता चिराग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोमेश्वर तहसील के खाईकट्टा गांव में वनाग्नि की चपेट में आने से हुई ग्रामीण की मौत के बाद अब पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। किसी को क्या पता था कि जंगल की आग बुझाने जा रहे महेंद्र को आग की लपटें बुरी तरह अपने आगोश में ले लेंगी। इस हादसे में खाई कट्टा निवासी राधा देवी के घर का इकलौता चिराग जंगल की आग में बुझ गया। अब गांव में करूण क्रंदन है और लोग भीगी आंखों से पीड़ित परिवार को सांत्वना देने का प्रयास कर रहे हैं।

खाईकट्टा गांव निवासी राधा देवी के पति की मृत्यु तब हो गई थी जब उनका बेटा महेंद्र महज छह महीने का था। पति का सहारा छूट जाने के बाद राधा देवी ने गरीबी का सामना करते हुए अपने घर के इकलौते चिराग महेंद्र को बड़े लाड़ प्यार से पाला। 75 वर्ष की उम्र में वह अपने बेटे महेंद्र उसकी पत्नी पुष्पा और उनकी अठारह, चौदह और ग्यारह साल की तीन बेटियों के साथ हंसी खुशी अपना जीवन बसर कर रही थी। महेंद्र भी जी जान मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। गुरुवार को महेंद्र गांव के अन्य लोगों के साथ गांव के जंगल में लगी आग बुझाने निकला। ग्रामीणों के साथ वह भी रात भर आग बुझाता रहा।

लेकिन वह कब वनाग्नि की चपेट में आ गया। किसी को इसका पता नहीं चला। पति का इंतजार कर रही पुष्पा और उसकी तीन बेटियों की परेशानी तब बढ़ गई जब शुक्रवार की तड़के गांव के सभी लोग आग बुझाकर वापस आ गए। लेकिन महेंद्र घर नहीं लौटा। आनन फानन में उसकी खोजबीन की गई तो उसका अधजला शव जंगल के बीच से बरामद हुआ। हादसे के बाद से महेंद्र की पत्नी और तीनों बेटियां बदहवाश हैं। मां राधा देवी बुढ़ापे में नियति को कोस रही है।

जिस बेटे के सहारे वह अपनी बची खुची उम्र खुशी से बिता रही थी अब उसे वहीं उम्र बोझिल सी लगने लगी है। हादसे के बाद पूरे गांव में करूण क्रंदन का माहौल है। लेकिन अब सांत्वना के दो बोल बोलने के अलावा कोई कर भी क्या सकता है।

चैन की नींद सोता रहा वन विभाग

अल्मोड़ा : गुरुवार की रात खाईकट्टा के जंगल में आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी थी। लेकिन जब आग बुझाने कोई नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाला। ग्रामीण रात भर आग बुझाते रहे और इस प्रयास में एक गरीब ग्रामीण की दर्दनाक मौत भी हो गई। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ग्रामीण की मौत की खबर के बाद गांव में पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग पहले चेत गया होता तो शायद महेंद्र की जान नहीं जाती। वन विभाग अब जंगल में आग लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा करने की बात कर महज औपचारिकताएं पूरी कर रहा है।

वर्ग पहेली-73

बाएं से दाएं

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

ऊपर से नीचे

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



वर्ग पहेली -72 का हल

1 जं	घि	ल	■	2 शे	■	■
■	■	■	3 कु	शे	श	य
■	4 उ	■	रे	■	वी	■
■	ल	■	द	■	■	5 नि
6 भ	ट	क	ना	■	■	कुं
■	फे	■	■	■	■	च
7 वा	र	ना	■	8 ने	ति	क

सुडोकू -152

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1				2	3	
	2	4						
			2	6	7			
5			3	7				
7								8
3				9	4			
			8	5	1			
	3					7	2	
	6	5				9		

सुडोकू -151 का हल

9	1	5	6	2	8	3	4	7
3	4	8	5	1	7	6	9	2
6	7	2	3	4	9	8	5	1
2	6	4	9	7	3	1	8	5
8	3	1	4	5	2	7	6	9
5	9	7	8	6	1	2	3	4
1	5	6	7	3	4	9	2	8
7	8	3	2	9	5	4	1	6
4	2	9	1	8	6	5	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मई शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 11.22 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 मई 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज आय के मुकाबले व्यय अधिक होगा। दूसरों पर से ध्यान हटाकर अपने ऊपर अधिक ध्यान दें। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार आयेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको नुकसान हो सकता है। आपके भीतर दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी।

वृष — आज आपको शांतिपूर्ण तरीके से परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। गुस्से और क्रोध में आकर त्वरित निर्णय लेने से बचें। अधिकारी वर्ग से आपको कुछ सावधान रहना चाहिए।

मिथुन — आज आपके स्वभाव में कुछ चंचलता और व्यग्रता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को टालने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

कर्क — आज नई नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की परेशानियों से निजात मिल सकती है। व्यवसाय में विस्तार कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

सिंह — आज किसी गुप्त चिंता के कारण मन उद्वेलित हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से आप क्षुब्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से बचें।

कन्या — आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आपकी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

तुला — आज मन में अनावश्यक विचारों को उत्पन्न न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा तालमेल बिठाकर रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा हो सकती है। विदेश में नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ी परेशानी होगी।

वृश्चिक — आज अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के होने से आप संतुष्टि का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नये प्रयोग कर सकते हैं। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। युवा जातकों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

धनु — आज दोस्तों से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है, जो आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दूसरों के बारे में हमेशा अच्छा सोचें।

मकर — आज किसी देवस्थल में प्रार्थना के लिए जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। सकारात्मक गतिविधियों में आपका समय व्यतीत होगा। राजनीतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पाएंगे।

कुंभ — आज अपने विचारों को लेकर हठधर्मिता का त्याग करें। वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण हो सकता है। तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से बचें। इंटरनेट पर प्रलोभनों से आपको बचना चाहिए। आशानुरूप कार्य न होने से आपका मनोबल गिर सकता है।

मीन — आज आपके कई बिगड़े हुए काम बनेंगे। आय बढ़ने से आपका चित्त प्रसन्न होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप पुराने अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। आपके आधिकारिक स्वभाव में वृद्धि होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.44
- धड़कन — रात : 07.01

SONY PIX
- लाइफ — सुबह : 10.18
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.12

SONY SMAX
- निकम्मा — सुबह : 09.48
- सिर्फ एक बंदा काफी है — रात : 09.30

ZEE CINEMA
- करण अर्जुन — सुबह : 11.00
- कोयला — शाम : 05.05

colors CINEPLEX
- नमक हलाल — सुबह : 11.00
- भागम भाग — दोपहर : 02.48

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात : 07.01 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति-जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुषः॥

व्यक्ति जैसे लोगों के साथ उठता-बैठता है, जैसे लोगों की संगति करता है, उसी के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है।

संपादकीय

आर्थिक प्रगति की रफ्तार

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी 2024 के आंकड़े की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है। 2025 में आर्थिक प्रगति की रफ्तार 2.8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। भारत की अर्थव्यवस्था के वर्ष 2024 में 6.9 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। कई प्रमुख फैक्टर भारत के मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को चिन्हित करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई लगातार एक चिंता बनी रही है। परंतु हाल की वित्तीय और मौद्रिक नीतियों में महंगाई को काबू में रखने की कोशिशें साफ तौर पर दिखी हैं। हालांकि अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अब भी महंगाई से जूझ रही हैं। अनेक देशों को उधार लेने की ऊंची क़ीमतों, राजनैतिक अस्थिरता और विनिमय दर के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी भूराजनैतिक तनावों व टकरावों के गहन रूप धारण करने की आशंका से अनेक अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट भविष्य में आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। इसलिए फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बेहतर हो रहे आर्थिक हालात के साथ-साथ ऊंची ब्याज़ दरों, कर्ज सततता संबंधी चुनौतियों और चरम मौसम घटनाओं के प्रति सचेत किया गया है।

गौरतलब है कि गत वर्ष भारत ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया। दुनिया में एक प्रमुख देश के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अपने व्यापक मानव संसाधन, विशेष रूप से अपनी युवा जनसंख्या के इस्तेमाल की भारत की क्षमता की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। शिक्षा, कौशल विकास और नई नौकरियों के ज़रिए भारत के इस जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने से आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके लिए बढ़ते कार्य बल के मुताबिक प्रभावी संसाधन प्रबंधन और अवसर के प्रावधान की भी आवश्यकता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। ऐसे तमाम प्रकरण हैं जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17 वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाक परस्त और चीन समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय किसी राष्ट्र-राज्य की सरकार की अपने नागरिकों, अर्थव्यवस्था और अन्य संस्थानों की सुरक्षा करने की क्षमता से है। इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैन्य हमलों के खिलाफ स्पष्ट सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आज तो राष्ट्रीय सुरक्षा में कई गैर-सैन्य मिशन भी शामिल हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के इन गैर-सैन्य मिशनों की बात की जाए तो इसके अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मातृभूमि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु सरकारें कूटनीति के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति आदि रणनीतियों पर अमल करती हैं।

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है। भारतीय राज्य के पास एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अभाव है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का व्यापक आकलन करती हो और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतियां बनाती हो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करनी थी, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूड़ियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं?

बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोड़ने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है। आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी की जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जाबांज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे।

इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। यदि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

प्रसंगवश

खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला नेटवर्क न बने मीडिया

मामला सिर्फ अंग्रेजी पत्रकारिता से नाम कमाना ही नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा से भी जुड़ा है। हिंदी भाषा के एक बड़े अखबार के संपादक अंग्रेजी भाषा की अपनी ही एक सिस्टर पब्लिकेशन में सामयिक विषयों और अधिकांश तौर से पॉलिटिक्स पर अंग्रेजी में कमेन्ट्रीज लिखने का लोभसंवरण नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी भाषा में शानदार नैरेटिव लिखते हैं। इन्हें लगता है कुछ ऊंची बात ऊंचे लोगों तक पहुंचानी है और इन पर पकड़ बनानी है तो अंग्रेजी भाषा में लिखना ही पड़ेगा। क्या अंग्रेजी सचमुच ही हिंदी पर भारी पड़ती है? जी बिल्कुल। सच यही है, बेशक भारत सरकार का राजभाषा विभाग हर साल देश में सरकारी तौर से हिंदीकरण पर या हिंदी को लोकप्रिय बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च करता है।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

आम आदमी को इससे क्या फर्क पड़ता है! देश के बड़े लोगों या नीति निर्धारकों और 'डेस्टिनी मेकर्स' के दिमाग पर अंग्रेजी भाषा का मीडिया छाया रहता है। वे इसमें से वक्तव्यों और जानकारी को 'सेक्रेड स्क्रिपचर्स' की तरह कोट अथवा उद्धृत करते हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर बड़े बिजनेस हाउस, लगभग हरेक स्तर के बड़े और मध्यम मीडिया-अंग्रेजी, हिंदी और वर्नाक्युलर के दफ्तर और ब्यूरो हैं। कुछ बड़े अखबार और पत्रिकाएं दिल्ली से प्रकाशित होती हैं। दो बड़े अखबारों ने पिछले दसेक साल से गुरुग्राम से दिल्ली संस्करण को प्रिंट करना शुरू किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कूटनीति तय होती है। दिल्ली में सभी देशों के दूतावास और हाई कमीशन हैं। दिल्ली हर प्रकार से ग्लोबली लिंक्ड है और राष्ट्रीय स्तर की सभी पॉलिटिकल पार्टियों के यहां दफ्तर भी हैं। भारत सरकार के मंत्रालय यहीं हैं और भारत सरकार भी। पॉलिटिकल, सिक्यूरिटी एंड डिफेंस, स्ट्रेटेजिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजीकल, इकॉनोमिकल, सोशल, एंथ्रोपोलॉजिकल, लिंग्विस्टिक्स और न जाने क्या-क्या किस्म की इंफार्मेशन गैदरिंग और इंटेलिजेंस यहां से जुटाई जाती हैं। एंबेसियों का कुछ काम इंटेलिजेंस गैदरिंग भी है। यहां तक कि मौसम और ट्रैफिक संबंधी डाटा, फ्यूल और एनर्जी संबंधी डाटा भी चुराया जाता है। ऐसे में अगर आप भाषाई जर्नलिज्म करते रहे तो यहां आपको कौन पूछता है? इसलिए अंग्रेजी में लिखिए और ध्यानाकर्षण करें। अंग्रेजी मीडिया के लिए जो लोग लिखते हैं और खास तौर से फॉरेन मीडिया के लिए वे बहुत पैसा जर्नलिज्म से ही कमाते हैं। मीडिया में विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसीज के 'मोल्स' भी बहुत हैं। बड़े अखबारों के बड़े पत्रकार भारत सरकार और बिजनेस हाउसेस के बड़े एग्जीक्यूटिव्स और उद्योगपतियों से करीबी होते हैं। इन्हें अंदर की बातें मालूम रहती हैं और फिर पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड वाट्सएप तो है ही। विदेश में वाट्सएप इंटरनेट के जरिए आप फ्री में बात भी कर सकते हैं, बशर्ते 'ईव्स ड्रापिंग' न हो।

भारतीय मीडिया में हुई एनालिसिस अर्थात् इंटेलेक्चुअल चीर-फाड़ को विदेश के 'इंटेलिजेंस गैदरर्स' फिर से एनालायज करते हैं और अपनी सरकारों को सूचना देते हैं। 'केबल' और 'वायर' का ज़माना अब गया। अब जासूसी संदेश एन्क्रिप्टेड और कॉम्प्रेस किए जाते हैं और सेटेलाइट के द्वारा प्राइवेट फ्रीक्वेंसीज पर चंद सेकंड्स में ही ट्रांसमिट कर दिए जाते हैं। इस मामले में भारत भी पीछे नहीं है। अन्य देशों में हम भी यही काम करते हैं। एक दशक से कुछ अधिक समय हुआ जब पांच महत्वपूर्ण देशों में हमारे साइंस अटेची दूतावासों में तैनात थे। इनका काम बहुत ही निम्न स्तर का होने के कारण इन पदों को समाप्त कर दिया गया। अनेक देश भारत में पूंजी का बड़ा निवेश कर चुके हैं। इन्हें अपने लोगों और इनके परवारों, आर्थित हित और एसेट्स की सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। मसला एक नहीं, बहुआयामी है। सूचना और मूवमेंट ही आज का सबसे ताकतवर हथियार है न कि आपके पास कितना असलहा है।

यह ताज्जुब की बात है कि देश के बड़े अखबारों में से किसी ने भी अभी तक ऐसा कोई लेख प्रकाशित नहीं किया जिससे हमें यह मालूम हो कि भारत में सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में विदेशी अखबार अथवा मीडिया कैसी कवरेज दे रहा है और वे क्या सोचते हैं? हमारा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ही इस मामले में मुझे जागरूक लगता है।

सोशल मीडिया से चुनाव पर पड़ता प्रभाव

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है।

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है। समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में कारपोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है कि तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी, जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठकर निर्धारित करते हैं और इन सबके पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है, क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए हैं। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेते है।

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है, जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है कि क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी व अन्य को जाएगा, क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के वीडियो न केवल लोगों में प्रसिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूं कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लाई जा रही है, जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दबकर खत्म हो जा रही थी। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। अभी तक किए गए प्रचार-प्रसार को आप देखें तो राजनेताओं ने न केवल सभी हद पार कर दी, बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है कि कुर्सी के लिए वो कितने गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है।

आम जनता की जमीनी समस्याएं जस की तस कराह रही है, जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेक बातें हैं जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आपको सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेंगे। यानी लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है, जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परंपरागत समाचार प्रदाता अब अपनी साख खोने लगे हैं। जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गई है। विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वाले चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किए जा रहे आंकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालांकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है। दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है, पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि चल रहे लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है। यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जाएगा।

सोशल फोरम

आर्थिक स्वार्थों की लड़ाई

लड़ाई तो आर्थिक स्वार्थों की है, लेकिन उसे "सभ्यताओं के संघर्ष" नाम देकर धार्मिक आधार पर चलाने में सफलता इसलिए मिलती है कि अनेक ऐतिहासिक कारणों से इस्लामी संसार बर्बरता से निकल नहीं सका है। जिस तरह कभी ईसाइयों के आततायीपन से दुनिया दहल रही थी, उसी तरह उसके बाद इस्लाम के अनुयायियों के आततायीपन से दुनिया त्रस्त है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यूरोप के देशों ने शरणार्थी बन गए जिस मुसलमानों को अपने यहां आने और रहने दिया, वे अब इस्लामी कट्टरपन और आतंकवाद से परेशान हैं। अब भी ज्यादातर यूरोपीय देश अपनी शरणार्थी नीति में बदलाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन फ्रांस या स्वीडन में आतंकी कार्रवाइयों जैसी कुछ और घटनाएं होने पर यह नीति जारी रह सकेगी, इसमें संदेह है। रूस ने इस समस्या को एक तरह सुलझाया था, चीन दूसरी तरह सुलझा रहा है। सबसे उदार भरतीय समाज, उसमें भी हिंदू समुदाय में भी इस्लामी आतंकवाद और कट्टरपन की प्रतिक्रिया में नफरत के बीज बोए जा सके हैं। यह बात हमारे देखते-देखते घटित हुई है कि 1985 से पहले जो भारतीय हिंदू सहज उदार था, वह सहसा उत्तेजित और फिर उग्र होने लगा।

खालिस्तानी आतंकवाद और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा राजनीतिज्ञों ने आयोजित की जिसमें हिंदुओं का चेहरा कुछ विकृत हुआ। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद आंदोलन ने विभाजन की स्मृतियों को कुरेदकर सांप्रदायिकता के कोढ़ को उकसाय। इस प्रक्रिया में अधिकांश सेकुलर और स्वस्थ मन मुसलमान धीरे-धीरे अपने समुदाय के कट्टरपंथियों के हवाले कर दिए गए। आज जब हमारा देश एक तरफ गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है और दूसरी तरफ अपार संभावनाओं से भरपूर है, तब समाज में जो आंतरिक संगठन चाहिए, वह सत्तालोलुप पूंजीवादी राजनीतिज्ञों के भरोसे कायम नहीं हो सकता। वह प्रगतिशील राजनीति, जनवादी संस्कृतिकर्मी और उदार धर्मानुयायियों के सहयोग से होगा। नागरिकों की जिम्मेदारी है कि समाज को जाति-धर्म से ऊपर संगठित करें। मनुष्य की एकता जनता के हित की शर्त है।

-फेसबुक वॉल से

परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच चयन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

लोकसभा चुनाव मतदान के चरण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मतदाता में अपेक्षित उत्साह नहीं है और न कोई लहर है। इसकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं वह नैराश्य है जिसके कारण 'हम भारत के लोग' अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कहीं होते नहीं देख रहे हैं। चल रहे चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने कुछ सहयोगियों के साथ है और दूसरी ओर आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। बसपा अलग से अपने लिए नहीं, भाजपा की मददगार बी टीम के रूप में मैदान में है। मतदाता को परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चयन करने की मजबूरी है। कांग्रेस में कहने को कोई अध्यक्ष रहा हो, कोई पीएम रहा हो, वर्चस्व नेहरू-गांधी परिवार का ही सदा रहा और इस समय भी है। समाजवादी पार्टी की धुरी स्व. मुलायमसिंह यादव परिवार है, संप्रति जिसके मुखिया उनके बेटे अखिलेश यादव हैं। इसमें उनके परिवार की ही तूती बोलती है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को उत्तराधिकारी बनाए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव उनकी राजनीतिक विरासत संभाल चुके हैं। ममता और मायावती अविवाहिता हैं तो अपने भतीजों पर ही भरोसा कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल काल में यह स्पष्ट हो गया कि उनकी उत्तराधिकारिणी भी उनकी पत्नी ही हैं।

भाजपा कैडर/कार्यकर्ता आधारित पार्टी थी, सामूहिक नेतृत्व था और आंतरिक लोकतंत्र भी, किंतु नरेंद्र मोदी का कालखंड आने पर धीरे-धीरे व्यक्तिवाद बढ़ता गया, जो अब चरम पर है। केवल मोदी ही सारे निर्णय लेते हैं जिनके छाया सहायक उनके ही गृह राज्य के अमित शाह हैं। बस बाकी सब आभूषणात्मक हैं। समय-समय पर जब जिसे चाहा, मोदी ने किनारे कर दिया। यह फेहरिस्त लंबी है, फिर भी आडवाणी, जोशी, शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रविशंकर प्रसाद, स्व. सुशील मोदी, सुमित्रा महाजन, डॉ. रमन सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, वरुण गांधी आदि कुछ नाम उल्लेखनीय हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ में राजनाथ सिंह को दूसरे नंबर से तीसरे पर और नितिन गडकरी को तीसरे से पांचवें पर लाकर कद कम किया गया। योगी आदित्यनाथ को भी क्षीण प्रभाव करने के लिए मऊ (यूपी) निवासी गुजरात कैडर के एक आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश की राजनीति में लाए गए थे, किंतु योगी के प्रखर व्यक्तित्व के सामने अभी ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। वैसे उन पर केन्द्रीय पहरे हैं और वे संसदीय बोर्ड से बाहर किए गए हैं। व्यक्तिवाद इतना बढ़ गया है कि प्रदेश और देश के चुनावों में कहा जाता है कि सब जगह मोदी को खड़ा समझो और तो और लोकसभा चुनाव घोषणा/संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' से जोड़ा गया है।

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

मानवीय क्षेत्रों में तेंदुए के संदेश

बढ़ती जनसंख्या और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अतिरिक्त और भी कई कारण हैं जिनके कारण पूरे देश में ही मानवीय क्षेत्रों में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वे मनुष्यों और मवेशियों पर हमले भी कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं ने तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ कर रख दिया है जिसके कारण उनके भटककर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के क्षेत्रों में उन्हें बहुत कम शिकार मिल पा रहा है।

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

खेद की बात है कि हम इस स्थिति का विश्लेषण कभी नहीं करते कि पूरी तरह जंगल में रहने वाला यह वन्यजीव आखिर मानवीय क्षेत्रों में आ क्यों रहा है? वास्तविकता यह है कि यदि जंगलों में आवश्यकता पूरी होती रहेगी तो कोई भी वन्य जीव मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद ही नहीं करेगा। सच्चाई तो यह है कि मानव के बढ़ते हस्तक्षेप ने जंगल की उन सारी व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया है जिनसे वन्य जीवों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्हें न तो वहां पर्याप्त आहार मिल पा रहा है और न ही सुरक्षित आवास। जंगल के जलस्रोत भी सूखते जा रहे हैं और वर्ष में कई महीने वहां पानी मिलने में भी कठिनाई होती है। भूखे-प्यासे वन्यजीव जब अपनी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानवीय क्षेत्रों का रुख करते हैं तो उन्हें मानव का कोपभाजन बनना पड़ता है। कम से कम हम वन्य जीवों के ऊपर दोषारोपण से पहले जंगलों को उनके के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तो रहने दें ऐसा होगा तो वे स्वयं ही मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद नहीं करेंगे। तेंदुए दिन के समय खेतों के आसपास की झाड़ियों, बागों या फिर गन्ने के खेतों में आराम करते हैं और रात को शिकार की तलाश में निकलते हैं। यदि कोई तेंदुआ भूले भटके मानवीय क्षेत्रों में आ भी जाए तो हम उनके प्रति आक्रामक न हो और न ही उनके आसपास शोर ही मचाएं, बल्कि उन्हें रेस्क्यू करने में वन अधिकारियों की सहायता करें। तेंदुए भी जैवविविधता के अभिन्न हिस्सा हैं उनका संरक्षण आवश्यक है।

05 वें चरण में 20 मई को होगा मतदान | **05** मंत्रियों का होना है चुनावी इम्तिहान | **14** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट | **13** सीटों पर भाजपा का है अभी कब्जा | **06** सीटों पर भाजपा को 2014 व 19 में मिली थी एक लाख से कम की जीत | **14** सभी सीटों पर भाजपा व बसपा लड़ रही है चुनाव | **10** सीटों पर समाजवादी पार्टी दे रही है चुनौती | **04** सीटों पर गठबंधन के तहत हैं कांग्रेस प्रत्याशी

विरासत की देहरी पर रिश्तों की दुहाई और चुनावी जज्बात

स्मृति की राह नहीं आसान , प्रियंका ने बनाई नाक की लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

साल 2019 में भाजपा नेत्री स्मृति इरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने के बाद ट्वीट किया था, 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता' अब 2024 में स्मृति के सामने राहुल तो नहीं हैं, लेकिन एक पत्थर तबियत से... उछालने की चुनौती कम नहीं हुई है। कांग्रेस ने इस बार स्मृति की चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चार दशक तक गांधी परिवार के प्रतिनिधि की भूमिका निभाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा उन्हें 'चपरासी' बता रही है। लेकिन जिस तरह उनकी लोगों से जान-पहचान है और कांग्रेस नेता उनकी जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं, उसे देखकर कुछ लोग किशोरी लाल को छुपा रुस्तम भी बता रहे हैं।

हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और कांग्रेस द्वारा किशोरी लाल पर दांव लगाए जाने के बाद हर किसी की धारणा थी कि अमेठी का चुनाव इस बार एकतरफा जीत वाला हो गया है। लंबे समय तक राहुल गांधी की प्रत्याशिता को लेकर अनिर्णय की स्थिति में झूलने वाली कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा को यहां वॉकओवर दे दिया है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की

स्मृति इरानी ।

किशोरी लाल शर्मा ।

तिथि करीब आ रही है, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए स्मृति ईरानी के सामने सोची-समझी रणनीति के तहत जाल बुना है। किशोरी लाल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सामने कमजोर प्रत्याशी साबित न हो, इसलिए उनके प्रचार की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाल रखी है। स्मृति भी इस बात को बखूबी समझते हुए उतनी ही गंभीरता और ताकत से मुकाबला कर रही है, जैसे सामने राहुल गांधी ही चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि जनता की अदालत में अमेठी में इस बार चुनावी लड़ाई राहुल गांधी के 15 साल और स्मृति ईरानी के पांच सालों के काम के बीच हो रही है, जिसमें स्मृति का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 2014 में मोदी लहर के बाद भी एक लाख वोटों से हार मिलने के बावजूद वह अमेठी छोड़कर नहीं गईं।

लगातार सक्रिय रहीं और लोगों के बीच काम करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया। इससे लोगों में भरोसा बना कि वह अब अमेठी छोड़कर जाने वाली नहीं हैं और सिर्फ अपना सियासी मकसद साधने के लिए यहां नहीं आयी हैं, जैसा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उन्हें लेकर आरोप लगाती हैं। इसी का लाभ उन्हें 2019 में अप्रत्याशित जीत के रूप में मिला। उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार मतों से पराजित कर दिया। हालांकि अमेठी में मतदाताओं का एक वर्ग पिछली बार की तरह राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी का मुकाबला नहीं होने से थोड़ा मायूस जरूर नजर आता है। लेकिन वोट के सवाल पर अधिकतर लोग मोदी और योगी का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार के काम गिनाते हैं या फिर सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ बोलते हैं। विकास के सवाल पर राय बंटी हुई है। यह कहने के बावजूद कि यहां की सड़कें अब पहले से अच्छी हो गयी हैं, तमाम लोग राजीव गांधी और राहुल गांधी के समय में हुए कामों की दुहाई देते हैं, तो यह बताने वाले भी कम नहीं हैं कि स्मृति ईरानी ने सांसद रहते केंद्र सरकार की योजनाओं पर काम किया है।

लोगों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, फ्री इलाज और शौचालय जैसी सुविधाएं मिली हैं। इसके जवाब में प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में लोगों को समझाती हैं कि जागरुक बनें, समझें कि कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया। वह अपने पिता को याद करती हैं और अमेठी से जज्बाती रिश्ता जोड़ती हुए बताती हैं कि जब छोटे थे तब भी आते थे। आप कितना प्यार देते थे। फिलहाल कांग्रेस के चुनाव प्रचार से ऐसा लगता है कि गांधी परिवार ने इस सीट को नाक की लड़ाई मान लिया है। जिस तरह प्रियंका, खड़गे, राहुल यहां प्रचार कर रहे हैं, उससे लग रह है कि स्मृति ईरानी के लिए लड़ाई उतनी आसान नहीं है, जितनी समझी जा रही थी। वैसे इस बार चुनावी मैदान में बसपा की ओर से नन्हें सिंह भी मैदान में हैं, लेकिन बसपा के कॉडर वोट का बड़ा हिस्सा भी कांग्रेस-भाजपा के बीच ही बंटता दिख रहा है।

कांग्रेस को खेलना पड़ा पीएम के चुनाव का दांव

रायबरेली लोकसभा सीट से इस बार अमेठी छोड़कर आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा बसपा के ठाकुर प्रसाद से है। ऐसे में रायबरेली का रण जीतने के लिए राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तो डेरा डाले ही हैं, अब सोनिया गांधी भी पहुंच गई हैं। प्रियंका यहां भी अपने परिवार के साथ लोगों को पुराना रिश्ता याद दिला रही हैं। राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम का हर दिन प्रचार में आना-जाना लगा है, इसी के बीच शुक्रवार को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मंच पर नजर आए।

उधर भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए पूरा जोर लगा रखा है। गृह मंत्री अमित शाह दो बार आ चुके हैं। सीएम योगी आदित्नाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भाजपा को जिताने का मोर्चा संभाले हैं। भाजपा का मनोबल बागी सपा विधायक मनोज पांडेय का रुख मोड़ने में सफलता मिलने से बढ़ गया है। पहले वह भाजपा के प्रचार से दूरी बनाए थे, पर अब कह रहे हैं कि जो राम का नहीं, वह किसी के काम का नहीं। पांच दिन पहले अमित शाह, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मनोज पांडेय को समझाने उनके आवास पर गए थे। लेकिन

राहुल गांधी ।

दिनेश प्रताप सिंह।

रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह अभी खुलकर भाजपा के प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं। रायबरेली से पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को ही हराया था। लेकिन उनकी जीत का अंतर एक लाख से कुछ ज्यादा ही रह गया था। लोगों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की स्थानीय लोगों के बीच आसानी से उपलब्धता और योगी सरकार में मंत्री पद उन्हें बढ़त दिलाती दिखती है, लेकिन अधिकतर लोग अमेठी की तरह गांधी परिवार से रिश्ता तोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। हालांकि विरासत के सवाल पर भाजपा नेता यह कहकर पलटवार करते हैं कि कांग्रेस के पास रायबरेली में कोई विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान कुछ भी तो नहीं है। इस बार का चुनाव 'सोनिया का बेटा' बनाम 'रायबरेली का बेटा' है। इस माहौल में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यह कहकर लीड लेने की कोशिश कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे में आप सांसद नहीं पीएम का चुनाव कर रहे हैं। माना जा रहा है कि राहुल को पीएम कैंडिडेट बताकर कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए रणनीतिक दांव चला है।

लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि मतदाताओं का एक वर्ग अभी भी यह सवाल उठा रहा है कि राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीतने पर कहीं रायबरेली की सीट तो नहीं छोड़ देंगे। कांग्रेस नेता भी इस बारे में खुलकर गांरटी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए राहत की बात यही है कि रायबरेली उसका गढ़ है। पार्टी इस सीट पर 20 लोकसभा चुनावों में 17 बार जीती है। रायबरेली में जातीय आधार देखें तो 34% दलित मतदाताओं के बाद 16% ब्राह्मण, 10% ठाकुर और 7% यादव मतदाता है। कुर्मी मतदाता करीब 5% और मुस्लिम मतदाता 6% हैं।

राजनाथ के सामने जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती

लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक रविदास मेहरोत्रा और बसपा प्रत्याशी सरवर अली ताल ठोंक रहे हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा नेता और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991-2009 के बीच लखनऊ सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भाजपा ने राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जिताने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि लखनऊ पश्चिम और मध्य विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रहे रविदास मेहरोत्रा लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को सपा की तरफ से सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा ने चुनौती दी थी। कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णनम मैदान में थे। राजनाथ सिंह को 6,33,026 वोट मिले थे। सपा की पूनम सिन्हा 2,85,724 वोटों के साथ दूसरे स्थान और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में उतरीं कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट हासिल हुए थे। बसपा के निखिल दूबे को 64,449 वोट और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे।

साध्वी के सामने उत्तम की चुनौती में बसपा का पेच

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी रण में उतरी हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं, तो बसपा ने भी यहां कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा और भाजपा दोनों की मुश्किल बढ़ा रखी है। हालांकि सपा प्रत्याशी को स्थानीय होने का लाभ मिल रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि सपा और बसपा के प्रत्याशी पिछड़ी जाति के एक ही वर्ग से होने के कारण मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। बसपा को दलित कॉडर के साथ मुस्लिम मतों का समर्थन मिलने से त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर उभर सकती है, जिसे भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम तीन बार विधायक और मुलायम सरकार में मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र की जहानाबाद सीट पर भाजपा को रोकना और ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य मतों में सेंध लगाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा को 2014 के चुनाव में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार और 2019 में 45 हजार से ज्यादा वोटों से लीड मिली थी।

इन्होंने की है हैट्रिक की तैयारी

भानु प्रताप की जीत के सिक्सर में सपा ने इस बार की है कड़ी घेरेबंदी

- भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। इस सीट पर भानुप्रताप का वर्चस्व साफ नजर आता है। 1996 में वह पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद 1998, 2004, 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से नारायण दास अहिरवार प्रत्याशी हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। लेकिन 2022 में सपा में शामिल हो गए थे। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला अहिरवार से माना जा रहा है। साल 2019 के चुनाव में भानु प्रताप सिंह ने बसपा के अजय सिंह को 1.58 हजार वोटों से हराया था। इस चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। इससे पहले 2014 के चुनाव में उन्होंने बसपा के बृजलाल खबरी को 2.87 लाख वोटों से हरा दिया था। इस बार सपा की रणनीति है कि अहिरवार के जरिए बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाकर इस सीट पर भानुप्रताप के सामने कांटे का मुकाबला बनाया जा सके। लेकिन सपा की यह घेरेबंदी बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कमजोर बनाते नजर आ रहे हैं, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा वोट बैंक है।

दो बार से हार रहे चौधरी रोक पाएंगे कौशल किशोर को

लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और भारातीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कौशल किशोर इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरे हैं। लेकिन इस बार उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं। मोहनलालगंज सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने 1991 के बाद दोबारा कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की थी। 2014 के चुनाव में भी कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच मुकाबला हुआ था। इस चुनाव में आरके चौधरी बसपा के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें 1.45 लाख मतों से हार मिली थी। सपा से उतरीं सुशीला सरोज करीब ढाई लाख वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गई थीं। इससे पहले 2009 में यहां से सपा की सुशीला सरोज सांसद चुनी गई थीं। 2019 के चुनाव में कौशल किशोर ने बसपा के सीएल वर्मा को करीब 90 हजार मतों से हरा दिया था। यह चुनाव आरके चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ा था, लेकिन वह 60 हजार से कुछ अधिक मत ही हासिल कर पाए थे। इस लोकसभा क्षेत्र में बसपा का प्रदर्शन देखते हुए उसकी चुनौती को कमजोर नहीं आंका जा सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिकोणीय संघर्ष भी हो सकता है, जिसमें फायदा भाजपा का ही होना है।

झांसी में भाजपा का गढ़ तोड़ने में लगे हैं कांग्रेस के पूर्व सांसद आदित्य

- झांसी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा है। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अपने पूर्व सासंद प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। बसपा से इस सीट पर राकेश कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। बसपा का झांसी में अभी तक खाता नहीं खुला है। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनुराग शर्मा ने सपा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह यादव को 3.65 लाख मतों से हराया था। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा को 86 हजार वोट मिले थे। यहां ब्राह्मण और यादव वोट निर्णायक माने जाते हैं। इसके बाद करीब 25 प्रतिशत दलित मतदाता हार-जीत तय करते हैं।

हमीरपुर में भाजपा की तीसरी जीत रोक पाएगी जातीय समीकरणों की घेरेबंदी

- हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मैदान में हैं। पुष्पेंद्र पिछले 10 साल से सांसद हैं। यहां सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत उन्हें चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतारा है। यहां 23 फीसदी दलित मतदाता गिना जाता है। राजपूत, ब्राह्मण और निषाद मतदाता जीत-हार तय करने में अगुवा रहते हैं। 2019 के चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को 5.75 लाख मत मिले थे। बसपा के दिलीप कुमार सिंह ने 3.26 और कांग्रेस के प्रीतम सिंह लोधी ने 1.14 लाख मत पाए थे। 2022 के विधान सबा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें भाजपा ने जीती थीं।

बाराबंकी में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के बने आसार

- बाराबंकी लोकसभा सीट आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा का पिछले 10 साल से कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद ने चुनाव से पहले कथित अश्लील सीडी वायरल होने पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में उपेंद्र सिंह रावत को 5,35,917 और सपा के राम सागर रावत को 4,25,777 मत मिले थे। कांग्रेस के तनुज पुनिया 1.60 लाख मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार सपा का साथ मिलने से तनुज पुनिया भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

गोंडा में राम लहर के आगे सपा की युवा प्रत्याशी श्रेया वर्मा कर रहीं संघर्ष

- गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के अपने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां युवा चेहरे के रूप में दिग्गज नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां अपनी जीत का आधार कुर्मी वोटों के साथ 21 प्रतिशत मुस्लिम वोटों को बना रखा है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में राम लहर का प्रभाव और बाहरी होने का ठप्पा उन्हें मुश्किल में डाल रहा है। 2019 के समर में गोंडा में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह का मुकाबला सपा के विनोद कुमार और कांग्रेस की कृष्णा पटेल से हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह को 5,08,190 और सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 3,41,830 वोट मिले थे।

फैजाबाद में राम मंदिर और संविधान के बीच छिड़ी है बहस

फैजाबाद लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से जीत रहे भाजपा सांसद लल्लू सिंह इस बार अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के बाद जीत की हैट्रिक के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा के दिग्गज अवधेश प्रसाद से है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक रह चुके हैं। बसपा इस सीट पर भाजपा से ही आए सच्चिदानंद पांडे पर दांव लगाकर ब्राह्मण कार्ड से भाजपा की मुश्किल बढ़ा रही है। ऐसे में जातीय समीकरणों के लिहाज से चुनाव दिलचस्प हो गया है और पिछले दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा अपने प्रचार अभियान में राम मंदिर का मुद्दा बार-बार उठा रही है। ऐसे में फैजाबाद लोकसभा सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है, वहां से बड़ी जीत हासिल करके देश भर में संदेश देना चाहती है। इसी कारण यहां प्रतिष्ठा की लड़ाई हो रही है।

दूसरी ओर विपक्ष भाजपा की कोशिश को राम से संविधान की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। सांसद लल्लू सिंह उन भाजपा नेताओं में हैं, जिन्होंने कहा था कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत है। इसी बात पर सपा उन्हें निशाने पर ले रही है। सांसद लल्लू सिंह लोगों से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के अभिषेक के साथ 500 साल पुराना सपना पूरा किया है और अब वही भगवान कृष्ण को भी मथुरा में लाएंगे। जिन लोगों ने 'राम भक्तों' पर गोलियां चलाईं उन्हें सबक सिखाना है। वह अयोध्या में रेलवे स्टेशन, सड़कों और मेडिकल कॉलेज के साथ ही बुनियादी ढांचे में आए सुधार के आधार पर भी वोट मांग रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का दावा है कि भाजपा के गढ़ अयोध्या में उसका घमंड टूटने जा रहा है। इंडिया गठबंधन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सपनों का देश बनाएगा। अब एक व्यक्ति के मन की बात नहीं, करोड़ों जनता जनार्दन के मन की बात चलेगी।

बांदा में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को छूट रहा पसीना

- बांदा लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा है, तो बसपा ने मयंक द्विवेदी पर दांव लगाकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां ब्राह्मण वोट जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशी पटेल समुदाय से होने के कारण पटेल वोट बंटता नजर आ रहा है। सपा को यादव और मुस्लिम मत मिलने का भरोसा है। बसपा यहां ब्राह्मण मतों मंन सेंध लगाती नजर आ रही है। जातीय वोटों के गणित में भाजपा यहां उलझती नजर आ रही है। भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को मनाने में जुटी है। 2019 के चुनाव में भाजपा के आरके सिंह पटेल को 4,77,926 और सपा के श्यामा चरण गुप्ता को 4,18,988 मत मिले थे। कांग्रेस के बाल कुमार पटेल करीब 76 हजार वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे।

कौशांबी में सपा का युवा चेहरा क्या दिखा पाएगा कमाल

- कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से मैदान में उतारा है। सपा से यहां पुष्पेंद्र सरोज मैदान में हैं। बसपा ने शुभ नारायण गौतम पर दांव लगाया है। यहां पिछली बार भाजपा सिर्फ चार फीसदी वोटों के अंतर से जीती थी। भाजपा के विनोद सोनकर को 3,83,009 के मुकाबले सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 मत मिले थे। राजा भैया के जनसत्ता दल के प्रत्याशी ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोट पाए थे। राजा भैया ने इस बार किसी दल को समर्थन नहीं दिया है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी से उनकी नाराजगी छिपी नहीं है। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं और लंदन से पढ़कर लौटे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दे उटाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं।

कैसरगंज में सपा के निशाने पर भाजपा का परिवारवाद

- कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने कुश्ती संघ के विवाद के चलते मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। बृजभूषण शरण सिंह दो बार से चुनाव जीत रहे थे। इससे पहले साल 1996 से साल 2009 तक पांच बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रहे थे। सपा ने इस बार यहां रामभगत मिश्रा और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है। गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ यहां बृजभूषण शरण और उनके बेटे करण सिंह एक गांव से दूसरे गांव में प्रचार कर रहे हैं। बृजभूषण वोट तो बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके भाषणों में अक्सर टिकट न मिलने का दर्द झलक जाता है। करण भूषण राजनीति में नया और युवा चेहरा हैं। ऐसे में सपा परिवारवाद के खिलाफ बोलने वाली भाजपा को निशाना बना रही है। इंडिया गठबंधन के नेता पूछ रहे हैं कि पिता के बदले बेटे को टिकट देना परिवारवाद नहीं है तो क्या है? यहां बसपा प्रत्याशी की ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी सपा को मजबूत कर सकती है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	88800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	90000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	75250
गिन्नी (प्रति नग)	56100-56300
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,150
सोना रवा	73,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	85,100
चांदी (999)	85,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	840 (अनुमानित)।
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,200
चांदी आभूषण	85,400

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 75 मसूरी- 54 अंगूरी- 60 बासमती- 100 दाल दलहन : काला चना- 110-120 साबुत चना दाल- 85 मूंग साबुत- 90-100 राजमा- 155-160 दाल उड़द- 124 साबुत मसूर दाल- 75 मसूर दाल- 70 उड़द साबुत- 120 काबुली चना- 60-85 अरहर दाल- 157-160 लोबिया/करमानी- 71-81 सोयाबीन- 50-60 मूंगफली- 75 मटर (सूखी)- 60 मक्का- 25

सरकार लौह अयस्क के संवर्धन की नीति पर कर रही काम

नई दिल्ली। सरकार निम्न श्रेणी के लौह अयस्क के संवर्धन की नीति पर काम कर रही है, जिससे इस्पात उत्पादन में कम लौह सामग्री वाले अयस्क का प्रयोग बढ़ेगा। इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने बताया कि इस्पात मंत्रालय खान मंत्रालय और भारत के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ मिलकर नीति पर काम कर रहा है।

भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जररूत

वित्त मंत्री सीतारमण ने सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सीतारमण ने कहा कि मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए। मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य

● उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण को किया रेखांकित

श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद चीन प्लस वन रणनीति पर ध्यान दे रही है।

यूरोप और अमेरिका की सूची में शीर्ष पर भारत

कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया। सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। वह वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024

● भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश का स्रोत या गंतव्य बना

के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है।

चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा

मुंबई। मिलजुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही। अंतिम दौर की खरीदारी से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया।

बीएसई के सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 0.73 प्रतिशत बढ़ गया।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 644.15 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई।

विश्व अर्थव्यवस्था में 2.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है।

संरा के वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। जनवरी की रिपोर्ट में उसने इसके 2.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया, 2025 में 2.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। 2024 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 2023 में वृद्धि के बराबर है, हालांकि 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी शुरू होने से पहले की तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा, हमारा अनुमान महत्वपूर्ण चेतावनियों के साथ आशावाद से भरा है।

मुक्त व्यापार समझौते भारत करे अधिक, सीमा शुल्क में भी कमी लाने की जरूरत : सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि भारत को बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने और सीमा शुल्क कम करने की जरूरत है।

सुब्रमण्यम ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसी भी क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा से संरक्षण नहीं देना चाहिए।

● दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी, शीर्ष 100 में केवल दो बैंक

उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हमें अपनी क्षमताओं के बारे में बहुत आश्वस्त होना चाहिए कि भारत वास्तव में बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धी होने में सक्षम होगा। सुब्रमण्यम ने कहा कि दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी है, जबकि वैश्विक शीर्ष 100 की सूची में केवल दो बैंक हैं।

सुब्रमण्यम ने कहा कि भारतीय कंपनियां भी दुनिया की कंपनियों की बराबरी कर सकती हैं। उन्होंने संरक्षणवाद के प्रति भी आगाह किया और निर्यात को बढ़ावा देने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए भारत के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में शामिल होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सीईओ ने इस क्षेत्र में अधिक निजी पूंजी का भी आह्वान किया।

राष्ट्रीय

एक नजर

प. बंगाल के कूच बिहार में टीएमसी नेता को गोली मारी

कूच बिहार (बंगाल)। प. बंगाल के कूच बिहार में तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई। अस्पताल में भर्ती टीमएसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय गुरुवार रात को एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान रॉय पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। रॉय की दाहिनी जांघ में गोली लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में रॉय का सहयोगी भी घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, हम उसके परिवार से भी बात कर रहे हैं। वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं।

फरार पुलिसकर्मी के घर से 1 करोड़ नकद और सोना जब्त

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपये नकद और 72 लाख रुपये का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता को आरोपी नहीं बनाने के लिए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में खाड़े और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने बाद में अपनी मांग कम करके 30 लाख रुपये कर दी थी। एसीबी ने सबसे पहले आरोपी कुशक जैन (29) को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

दिल्ली कार शोरूम गोलीबारी में शामिल शूटर मुठभेड़ में ढेर

नई दिल्ली। पश्चिम दिल्ली में कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्प शूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। गुरुवार रात टीम ने होंडा सिटी कार आ रहे अजय को रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। वह सोनीपत के मुरथल में व्यापारी की हत्या में भी शामिल था।

करोड़ों गरीब परिवार को देंगे 10 किलो मुफ्त राशन

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा-संप्रग सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी द्वारा 10 किलोग्राम मुफ्त राशन का जो वादा किया गया है उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे।

बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की थी कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी।

● राहुल गांधी ने कहा- सरकार बनी तो देंगे अर्थव्यवस्था को गति

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि देश के गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है - हमारी सरकार आपको 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान हमने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया था, 10 किलो अनाज इसी कड़ी में अगला कदम होगा। उन्होंने कहा, 10 किलो राशन और 8500 रुपये महीने से शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर देश की अर्थव्यवस्था को गति देंगे। राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और अडाणियों की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और हिंदुस्तानियों की सरकार चलाएंगे।

योगी का बुलडोजर पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखित एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका बुलडोजर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियननेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां पर चलाना चाहिए। देखिए, योगी का बुलडोजर कैसे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा

● कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर लिखा संविधान को खत्म करना चाहते हैं प्रधानमंत्री

कि प्रधानमंत्री को साफ-साफ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके 400 पार वाले नारे के पीछे भी यही राज है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक छीन सकें। यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साजिश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं।

लोगों को गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री पटनायक : शाह

राउरकेला (ओडिशा), एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि चुनाव के बाद ओडिशा भगवा हो जाएगा क्योंकि भाजपा विधानसभा की 75 और लोकसभा की 15 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी।

शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब तक हुए चार चरण के चुनाव में ही 270 लोकसभा सीट जीत चुके हैं और अब पार्टी 400 की ओर बढ़ रही है। ओडिशा में राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं। शाह ने राउरकेला की चुनावी जनसभा में कहा कि 15 से अधिक सांसदों और 75 विधायकों के साथ ओडिशा भी भगवा रंग में रंग जाएगा। राज्य में लोकसभा की कुल 21 और विधानसभा की 147

● केंद्रीय गृहमंत्री ने राउरकेला में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

सीट है। पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार की चाबियों के गुम होने का संदर्भ देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक लोगों को गुमराह कर रहे हैं और आस्था से खेल रहे हैं। रत्नभंडार की चाबियों का गुम होने का मुद्दा गत कई सालों से ओडिशा में प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन रहा है। शाह ने कहा कि यह चुनाव ओडिशा के गौरव, भाषा, संस्कृति और परंपरा के स्थापित करने के लिए है। ओडिशा की सरकार अधिकारी चला रहे हैं।

संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य वाली पीठों पर बाध्यकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। न्यायालय ने यह टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के गांव के निवासियों के साझा इस्तेमाल वाली थी।

शीर्ष अदालत ने 7 अप्रैल, 2022 के आदेश में कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। गुरुवार को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ

● कोर्ट ने ये टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के लोगों के साझा प्रयोग वाली थी

द्वारा निर्धारित कानून पर था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में हाईकोर्ट गलत क्यों था। पीठ ने कहा कि यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। भगत राम (1966 फैसला) का निर्णय पांच न्यायाधीशों द्वारा किया गया है, इस अदालत में दो न्यायाधीशों की पीठ भगत राम मामले में अनुच्छेद 5 में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून की अनदेखी नहीं कर सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, "इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

भाजपा उम्मीदवार गंगोपाध्याय को नोटिस

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। हल्दिया में 15 मई को आयोजित सभा में बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए गंगोपाध्याय के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से मैदान में उतारा है, जहां 25 मई को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि गंगोपाध्याय की टिप्पणी अनुचित, विवेकहीन, हर मायने में गरिमा से परे, अपमानजनक और प्रथम दृष्टया आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और राजनीतिक दलों को दिए गए परामर्श का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। निर्वाचन आयोग ने 20 मई को शाम पांच बजे तक नोटिस पर जवाब मांगा है।

टीएमसी ने राज्यपाल पर लगे आरोपों को लेकर किया प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी

टीएमसी ने प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनके इस्तीफे की मांग करते हुए राज भवन के पास शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। राज्यपाल आवास की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारियों में टीएमसी से संबद्ध प. बंगाल कॉलेज और विवि प्रोफेसर संघ (डब्ल्यूबीसीयूपीए) के

● राजभवन की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका
● संविदाकर्मी ने राज्यपाल पर लगाया था छेड़छाड़ का आरोप

सदस्य भी शामिल थे।

डब्ल्यूबीसीयूपीए के पदाधिकारी ने कहा, बोस का पद पर बने रहना शर्मनाक है, राजभवन की महिला कर्मी सहित एक से ज्यादा महिलाएं उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। राजभवन में संविदा पर काम करने वाली महिला ने राज्यपाल पर उसके साथ छेड़खानी करने को लेकर पिछले सप्ताह पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शास्त्रीय नर्तकी की शिकायत को लेकर राज्य सचिवालय को रिपोर्ट सौंपी थी। शिकायत में महिला ने बोस पर 2023 में नई दिल्ली के होटल में उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। राज्यपाल ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं, क्योंकि वह बंगाल के लोगों की शिकायतें मुखरता से उठा रहे थे।

ठाणे में महिला से रेलगाड़ी में दुष्कर्म, मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक्सप्रेस ट्रेन में महिला को बेहोश कर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना धुसाने ने बताया कि ठाणे जीआरपी ने गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की। मामला मार्च का है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह 10 मार्च को उत्तर प्रदेश जा रही तुलसी एक्सप्रेस में सवार हुई थी, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बेहोश करने के लिए नशीला पदार्थ दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन के रवाना होने के 40 मिनट बाद और ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंचने के बीच हुई।

प्रज्ज्वल को देश लाने की कोशिश : गृहमंत्री

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे हासन के मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच कर रही एसआईटी प्रभावी तरीके से काम कर रही है। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं। प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे और अब भी विदेश में हैं। वह हासन सीट से भाजपा-जद(एस) के उम्मीदवार है जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल द्वारा 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने पर परमेश्वर ने कहा कि प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि

● प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न के लगे हैं आरोप

विधायक रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक बढ़ी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को आज तक के लिए अंतरिम राहत दी थी।

राज्य सरकार प्रज्ज्वल के देश से जाने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री ने कहा वे ऐसा कहेंगे, वे यह नहीं कह सकते कि सरकार अच्छा काम कर रही है लेकिन हमारी सरकार के तौर पर जिम्मेदारी है। ऐसी चीजों को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें मौजूदा मतदान प्रणाली में मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

● उच्चतम न्यायालय ने कहा- याचिका में कोई दम नहीं है

न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज करने के साथ याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत के 26 अप्रैल के निर्णय को नहीं पढ़ा है जिसमें ईवीएम में हेराफेरी के आरोपों को रद कर दिया गया था। याचिकाकर्ता एग्नोस्टस थियोस के अधिवक्ता ने कहा कि एक निर्वाचन अधिकारी वीवीपैट पर्चियां और ईवीएम में संग्रहीत डेटा को देख सकता है। वीवीपैट पर्चियों और ईवीएम के डेटा से, पीठासीन अधिकारी यह जान सकता है कि किस मतदाता ने किस पार्टी को वोट दिया है। पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने 26 अप्रैल का फैसला देखा होता तो उन्होंने यह दलील नहीं दी होती।

आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	13	22
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

आरसीबी-सीएसके की टक्कर में बारिश की आशंका

बेंगलुरू, एजेंसी

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका है। बता दें कि आरसीबी को 18 रन से या दिए गए लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते पाना होगा। तभी प्लेआफ में जगह बना पाएगी।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके

तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है।

आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।

विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया जाएंगी दीपिका

नई दिल्ली। भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी।

पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट टॉप्स में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। एमओसी ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।

संन्यास की घोषणा से पहले विराट को सब बताया : छेत्री

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया।

भारत के लिये सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से कहा कि मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है, मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है।

खेल डायरी

शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन

शारजाह। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारतीय दल के लिए यह आसान दिन नहीं था। अरविंद चितांबरम सबसे पसंदीदा खिलाड़ी थे। अरविंद ने अजरबैजान के मुरादली महम्मद को हराकर अग्रणी समूह में एकमात्र भारतीय बने।

ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

बैंकॉक। ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

कोबे। ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53.97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:12.37 था। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल और पुरुषों की 1,500 मीटर टी11 का स्वर्ण पदक जीता था।

पैरा एथलीट कैल्काग्नि ने पुरुषों की 100 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

कोबे। इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्काग्नि ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के शहर कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्काग्नि ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

फिक्सिंग में कप्तान और दो अन्य खिलाड़ी गिरफ्तार

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को

आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गए मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किए गए जो सफल नहीं हो सके।

निकोलस ने लखनऊ को पहुंचाया 200 पार

पूरन ने खेली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी, तुषारा और पीयूष चावला ने झटके तीन-तीन विकेट



पूरन का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते तुषारा। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन (75) और कप्तान के एल राहुल (55) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 67वें मैच में मुंबई इंडियंस को दिया 215 रनों का लक्ष्य दिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान केएल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

छठें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (28) रन पर आउट हुये। उसके बाद दीपक हुड्डा (11), अरशद खान (शून्य) बनाकर आउट हुये। कप्तान के एल राहुल ने 41 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये 55 रन बनाये। निकोलस पूरन ने 29 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के लगाते हुए (75) रनों की तूफानी पारी खेली। आयुष बदोनी (22) और क्रुणाल पंड्या (17) रन बनाकर आउट हुये। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस की ओर से नुवान तुषारा और पीयूष चावला ने तीन-तीन विकेट लिए।

55 रनों की पारी लखनऊ सुपरजाइंटस के कप्तान केएल राहुल के बल्ले से निकली, अंतिम ओवरों में आयुष बडोनी ने बनाए नाबाद 9 गेंदों में 22 रन

लखनऊ 214/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
केएल राहुल कैच तुषारा बो पीयूष चावला	55	41	3/3
देवदत्त पड्डिकल पगबाधा नुवान तुषारा	0	0	0/0
मार्कस स्टोयनिस पगबाधा पीयूष चावला	28	22	5/0
दीपक हुड्डा कैच निहाल बो पीयूष चावला	11	9	1/0
निकोलस पूरन कैच सूर्यकुमार बो तुषारा	75	29	5/8
अशरद खान कैच निहाल बो तुषारा	0	1	0/0
आयुष बडोनी नाबाद	22	9	1/2
क्रुणाल पांड्या नाबाद	12	7	1/1

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, निहाल वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान (क्वा)	13	8	5	16	0	+0.273
हैदराबाद (क्वा)	13	7	5	15	1	+0.406
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
दिल्ली	14	7	7	14	0	-0.377
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
लखनऊ	13	6	7	12	0	-0.787
गुजरात (बा)	14	5	7	12	2	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271

हमें मानसिक शांति की जरूरत : महिला पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका

होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।

ओलंपिक में मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित

नई दिल्ली। पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व



चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।

अभी मेरे रिकॉर्ड पर कोई खतरा नहीं : बोल्ट

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है

क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे।

न्यूयॉर्क से फोन पर दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज अली

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली अपनी सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म सुपरहिट रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली, रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की तरफ से इम्तियाज अली के साथ संगीतकार ए आर रहमान गीतकार इरशाद कामिल और गायक मोहित चौहान की बातचीत का एक वीडियो जारी किया गया। इसमें चारों एक साथ की गई अपनी फिल्मों और गानों पर बातें करते हैं। एआर रहमान इम्तियाज से पूछते हैं कि क्या हम राकस्टार 2 बना रहे हैं? इस पर इम्तियाज कहते हैं, हमारे पास इस बारे में बताने के लिए म्यूजिकली कुछ तो होना ही चाहिए। एआर रहमान कहानी क्राउडसोर्स करने का सुझाव इम्तियाज अली को देते हैं। रहमान कहते हैं, हमें इसे जनता पर छोड़ देना चाहिए। इस फिल्म के लिए क्राउडसोर्स करते हैं। भविष्य आप कभी नहीं जानते हैं। मेरा मतलब है कि आप क्राउडसोर्स के माध्यम से लाखों कहानियां पा सकते हैं। इम्तियाज अली कहते हैं कि उम्मीद है कि जल्दी ही कुछ न कुछ आएगी।

पश्मीना रोशन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।



धड़कन का सीक्वल चाहते हैं धर्मेश

मुंबई। बॉलीवुड निर्देशक धर्मेश दर्शन अपनी सुपरहिट फिल्म धड़कन का सीक्वल बनाना चाहते हैं। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। धड़कन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई, साथ ही फिल्म के सभी गाने चार्ट बस्टर साबित हुए। धर्मेश दर्शन ने बताया मैं धड़कन का सीक्वल बनाने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी।

टेक्सास, फ्लोरिडा, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी 17 टीमें

टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच कार्यक्रम जारी

दुबई, एजेंसी

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अभ्यास मैच 27 मई से एक जून तक अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए अभ्यास मैच के कार्यक्रम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। भारत एक जून को अपना अभ्यास मैच बंगलादेश के साथ खेलेगा। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अभ्यास मैच नहीं खेल रहे है। सभी अभ्यास मैच प्रति पक्ष 20-20 ओवरों के होंगे। इसमें टीमों को अपने 15-15 खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति मिलेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 अभ्यास मैच का कार्यक्रम इस प्रकार है।

बांग्लादेश से 1 जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई। भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं।

27 से 31 मई तक अभ्यास सत्र में खुद को परखेंगी विश्व की टीमें

27 मई : कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

28 मई : श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। बंगलादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

29 मई : दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10:30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13:00 बजे।

30 मई : नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10:30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15:00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

31 मई : आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10:30 बजे। एक जून को : बंगलादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी अमेरिका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन में सफर किया। • एजेंसी

एक नजर

टेक्सास में विकराल तूफान, चार की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद कर दीं।

शव स्कूल परिसर से बरामद गुस्साई भीड़ ने आग लगाई

पटना। पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है। घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है।

अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

तेल अवीव। गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

रूस में भारतीयों के लिए होगी वीजा फ्री एंट्री, दोनों देश करेंगे समझौता

मॉस्को, एजेंसी

• रूस के विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने विवरण साझा किया

भारत और रूस वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान के लिए ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चर्चा का पहला दौर जून के लिए निर्धारित है, इस दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है।

रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-इस्लामिक वर्ल्ड, कज़ानफोरम 2024 में आगामी वार्ता के बारे में विवरण साझा किया है। रूस के कजान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीजा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कोंद्रायेव ने बताया कि हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आंतरिक समन्वय के अंतिम चरण के करीब हैं और जल्द ही एक मसौदा समझौते पर चर्चा करेंगे। निकिता ने कहा कि रूस की योजना चीन और ईरान के साथ पहले ही इस तरह के किए गए समझौते को भारत के साथ दोहराना है। रूस और चीन ने पिछले साल 1 अगस्त को वीजा मुक्त समूह पर्यटन के आदान-प्रदान की शुरुआत की थी।

शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

बीजिंग। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया। शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।

खरीदने जा रहे हैं इलेक्ट्रिक कार 5 जरूरी बातों का रखें ध्यान

भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च हो रही हैं। टाटा मोटर्स से लेकर ब्रिटिश कार मेकर एमजी तक की इलेक्ट्रिक कार भारतीय सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। यह गाड़ी न सिर्फ वायु प्रदूषण से बचाती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी नहीं करतीं। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक कार खरीदने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं। कार एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक आपको इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

डेली चार्ज करने की सुविधा

नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले ध्यान रखें कि आपके पास कार को चार्ज की सही जगह मौजूद हो, ताकि उस कार को डेली चार्ज किया जा सके। कई वाहन निर्माता कंपनियां कार चार्जर साथ देती है और उसे एक दीवार पर इंस्टॉल कर देती हैं। घर पर कार चार्जिंग में काफी अधिक समय लगता है। जबकि डीसी चार्जर की मदद से एक कार की बैटरी 0-80 प्रतिशत बैटरी को सिर्फ 30-45 मिनट में चार्जर किया जा सकता है।

बैटरी पूरी डिस्चार्ज न करें

पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार के फ्यूलिंग सिस्टम का ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, पेट्रोल कार में फ्यूल आप किसी भी करीबी पेट्रोल पंप से करा सकते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार के साथ ऐसा नहीं है। इसलिए बैटरी चार्जिंग का हमेशा ध्यान रखना होगा।

डेली तय होने वाली दूरी

अगर आप ऑफिस या कहीं दूसरी जगह नियमित समय पर जाते हैं, तो आपको ध्यान देना है कि क्या इसकी ड्राइविंग रेंज उतनी है, जितनी आपको जरूरत है। हर किसी कार की असली रोड पर ड्राइविंग रेंज को जानें।

पहले ज्यादा पैसे खर्च, बाद में सेविंग

दरअसल, बहुत से लोगों के मन में एक सवाल आता है कि अगर आप पेट्रोल की तुलना में ईवी खरीदते हैं तो उसकी कीमत तो ज्यादा होगी, लेकिन बाद में वह सेविंग भी कर पाएंगे। उदाहरण से समझते हैं दरअसल, मुंबई में टाटा नेक्सान पेट्रोल की कीमत 14 लाख रुपये कीमत है, जबकि टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत 18 लाख रुपये है। पेट्रोल इंजन 6.7 रुपये प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग कॉस्ट आती है। वहीं, इलेक्ट्रिक ईवी नेक्सॉन की प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज 97 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

भारतीय मूल के सांसद बोले- भारत मानवाधिकारों पर नहीं सुनेगा लेक्चर

इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में सांसदों ने उठाया मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में उपस्थित भारतीय मूल के सांसद। • एजेंसी

• सांसदों ने कहा- भारत रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है, अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा कि मानवाधिकारों पर भारत को व्याख्यान देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं। कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स एक पैनल चर्चा में इस मामले पर बात की।

भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई, लेकिन साथ ही कहा कि इस मामले में नई दिल्ली को उपदेश देने से कोई लाभ नहीं होगा और इस बाबत भारतीय नेतृत्व के साथ वार्ता की जरूरत है। रो खन्ना ने लोगों से कहा कि भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, तब आप विदेश मंत्री जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना उपयोगी नहीं होगा। खन्ना ने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

जीवंत लोकतंत्र में बोलने की आजादी प्रेस की आजादी होनी चाहिए : बेरा

डॉ. अमी बेरा ने कहा आप देखिए कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में क्या हो रहा है। आप दरअसल कोई व्यवहार्य विपक्षी दल नहीं देख रहे या कहें तो इसे समाप्त किया जा रहा है। जीवंत लोकतंत्र में ये सभी चीजें होनी चाहिए- बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी। मुझे उम्मीद है कि आपको कभी ट्रंप का दूसरा कार्यकाल नहीं देखना पड़े, लेकिन अगर ऐसा हो भी जाए तो भी आप देखेंगे कि हमारा लोकतंत्र बचा रहेगा। मैं निश्चित रूप से आशा करता हूं कि भारत का लोकतंत्र भी बचा रहे।

हमें अपने देश और अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए : प्रमिला

प्रमिला जयपाल ने कहा कि वह बेरा और खन्ना दोनों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल एक चीज जोड़ना चाहती हूं कि मुझे लगता है कि हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। यह संसद का असल काम है। हमें उपदेश नहीं देना चाहिए, मैं रो (खन्ना) से सहमत हूं। हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से आर्थिक पहलू अहम है। भारत हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बदलते परिदृश्य के कारण भी वह एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

अमेरिका को भारत की शक्ति पहचानना होगा : थानेदार

सांसद श्री थानेदार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते के पक्षधर हैं। थानेदार ने कहा अमेरिका को भारत की शक्ति, उसकी आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। इसलिए मैं मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहा हूं।

दक्षिण पूर्व एशिया में 29.4 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित

नयी दिल्ली। दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने शुक्रवार को कहा कि उच्च रक्तचाप का गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वैश्विक महामारी में बड़ा योगदान है और यह वैश्विक स्तर पर मृत्यु और दिव्यांगता के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

वाजेद ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 29.4 करोड़ से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वाजेद ने कहा कि वैश्विक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उच्च रक्तचाप को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत है। यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य दायरे की दिशा में हर देश की यात्रा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। इस वर्ष का विषय में अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए नमक, तंबाकू और शराब का अधिक सेवन, अपौष्टिक आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण प्रमुख जोखिम कारक हैं। वाजेद ने कहा शीघ्र पहचान और नियंत्रण महत्वपूर्ण है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित वयस्कों में से आधे लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह रोग है। छह में से लगभग एक व्यक्ति का रक्तचाप नियंत्रण में नहीं है।

सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक



अमेरिका द्वारा तैयार किया गया पोत घाट। • एजेंसी

वाशिंगटन, एजेंसी

• अमेरिका द्वारा बनाए गए पोतघाट से एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते

• इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर लगा रखे हैं प्रतिबंध

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है। अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।

दक्षिणी गाजा में खाने-पीने की चीजें खत्म हो रही

सहायता एजेंसियों का कहना है कि दक्षिणी गाजा में खाने-पीने की चीजें खत्म हो रही हैं और ईंधन का भंडार तेजी से कम हो रहा है, जबकि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी और विश्व खाद्य कार्यक्रम का कहना है कि गाजा के उत्तर में पहले ही अकाल की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। सैनिकों ने बृहस्पतिवार को तैरते पोतघाट स्थापित करने का काम पूरा कर लिया और अमेरिकी सेना के मध्य कमान ने कहा कि शुरुआती सहायता शुक्रवार सुबह नौ बजे गाजा पहुंची। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन में कोई भी अमेरिकी सैनिक तट पर नहीं गया।

आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

• विदेश मंत्री ने कहा- एशिया में नए तनाव पैदा हुए

एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा कि दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है।

समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

इजराइल ने आईसीजे में सुनवाई के दौरान नरसंहार के आरोपों को नकारा

हेग (नीदरलैंड), एजेंसी

• दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में की थी अपील

इजराइल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में सुनवाई के दौरान गाजा में नरसंहार के आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह सैन्य कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

दक्षिण अफ्रीका द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों का जवाब दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद न्यायालय ने तीसरी बार सुनवाई की। बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका ने अदालत को बताया कि गाजा में स्थिति एक नए और भयावह चरण पर पहुंच गई है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 न्यायाधीशों की पीठ से तत्काल कार्रवाई की अपील की। इजराइल की कानूनी टीम में शामिल तमर कपलान ने कहा कि इसने संकटग्रस्त क्षेत्र में ईंधन और दवा आपूर्ति की अनुमति दी थी।

तैयारी

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्सव से पहले कार्यकर्ता रथ को तैयार करने में जुटे। • एजेंसी

ग्लोवल वार्मिंग | खाड़ी देशों में अधिक तूफान उठने की संभावना

सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा ला नीना

संवाददाता, नैनीताल

मानसून बारिश का फाइल फोटो।

अमृत विचार : इस बार ला नीना के मानसून पर कहर बनकर टूटने की सम्भवना जताई जा रही। उत्तराखंड राज्य भी इसके प्रभाव से अछूता नही रहेगा। वहीं दुनिया के कई देशों में इसका असर बड़े तूफानों के रूप में देखे जाने की आशंका मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग का असर धीरे-धीरे पैर पसारते जा रहा है। पिछले साल अल नीनो ने दुनिया के कई देशों को सूखे की चपेट में लिया और अब ला नीना सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर भारत के मानसून पर अत्यधिक वर्षा के रूप में देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा के चलते बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की समस्या बढ़ेगी।

एशियाई देशों में अधिक वर्षा होगी। जिसका सार्थक असर अच्छी कृषि के रूप में देखने को मिल सकता है। मगर खाड़ी से लगे अमेरीकी देशों के लिए अल नीनो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम पर नजर रखने वाली दुनिया की कई एजेंसियां यह आशंका जता रहे हैं।

अल नीनो और ला नीना का अध्ययन करने वाले कोलोराडो विश्वविद्यालय के वायुमंडल और महासागर वैज्ञानिक कहते हैं कि अभी ला नीना रास्ते पर अग्रसर है। जिसका अगले दो माह तक भू स्थलों में पहुचना शुरू हो जाएगा। भारत में अगस्त व सितंबर माह में ला नीना का असर दिखना शुरू होगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी, जबकि अमेरिकी कई क्षेत्रों में बवंडर व बढ़े तूफान उठेंगे।

उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना

नैनीताल : प्रदेश मौसम विभाग के निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार ला नीना का असर अगस्त व सितंबर तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की 61 प्रतिशत संभावना है। जून व जुलाई में मानसून सामान्य रूप से बरसेगा।

हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जासूसी ड्रोन को मार गिराया

सना। इजरायल-हमास युद्ध बीच यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों और अमेरिका के बीच तनाव गहराता जा रहा है। हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के सबसे शक्तिशाली ड्रोन एमक्यू 9 को मार गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि विमान को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया था, और दृश्यों को दिखाने वाला वीडियो बाद में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने ड्रोन कब मार गिराया गया इसकी सटीक जानकारी नहीं दी। सारिया ने कहा गाजा के समर्थन में लाल सागर में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से यह चौथा ड्रोन विमान है जिसे हमने मार गिराया है। अमेरिकी सेना ने हालांकि अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

संयुक्त अभ्यास के जबाव में उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सियोल, एजेंसी

• दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किया संयुक्त अभ्यास

स्क्रिन पर मिसाइल देखता तानाशाह।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया दोनों के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में उत्तर कोरिया ने कोई जानकारी नहीं दी है। यहां तक कि यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था।

स्लोवाकिया के पीएम का हुआ एक और ऑपरेशन, हालत गंभीर

ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)। गोलीबारी में घायल हुए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का एक और ऑपरेशन किया गया है, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक फिको (59) पर उस समय हमला किया गया था जब वह राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बांस्का बिस्त्रिका में यूनिवर्सिटी एफ डी रूजवेल्ट अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने कहा कि फिको का सीटी स्कैन हुआ और वर्तमान में वह गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। उन्होंने उनकी हालत को गंभीर बताया है।